

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली,मंगलवार,10 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -185 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



फिलिस्तीन के लोगों की समस्या का होना चाहिए समाधान : कांग्रेस 02

■ दिव्यांगजनों से प्रेरणा लेने की जरूरत
■ शिक्षकों को प्रताड़ित कर रही आप सरकार : इकबाल सिंह 03

■ इजरायली रक्षा मंत्री ने गाजा की 'पूर्ण घेराबंदी' का...
■ अफगानिस्तान में भूकंप से मरने वालों की संख्या... 07

'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में शंकरी देवी किरदार के... 10

# 5 राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान

## छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवम्बर, मध्य प्रदेश में 17, राजस्थान में 23, तेलंगाना में 30 को मतदान, 3 दिसम्बर को नतीजे

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा की जिसमें छत्तीसगढ़ को छोड़कर बाकी चार राज्यों में एक-एक चरण में ही चुनाव संपन्न होंगे और चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को आएंगे।

- सभी राज्यों में चुनाव आचार संहिता लागू हुई
- बुजुर्गों को घर से मतदान करने की सुविधा
- 17 अक्टूबर को मतदाता सूची जारी होगी
- 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार डालेंगे वोट
- 1.77 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की तारीखों का एलान करते हुए सोमवार को कहा कि मिजोरम में सात नवंबर, छत्तीसगढ़ में सात और 17 नवंबर, मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर जबकि तेलंगाना में 30 को मतदान होगा। चुनाव तिथियों के ऐलान के साथ ही इन सभी राज्यों में चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है।

**पांच राज्यों में कुल 16.14 करोड़ मतदाता**

उन्होंने कहा कि कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता, 7.8 करोड़ महिला मतदाता होंगे। इस बार 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार मतदान डालेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि 17 अक्टूबर को वोटिंग लिस्ट जारी होगी और 23 अक्टूबर तक मतदाता सूची में सुधार का मौका मिलेगा।

**8 हजार 192 मतदान केंद्रों पर महिलाएं संभालेंगी कमान**

श्री कुमार ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए 679 विधानसभा क्षेत्रों में 1.77 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। 17,734 मॉडल मतदान केंद्र होंगे। आठ हजार 192 मतदान केंद्रों पर महिलाएं कमान संभालेंगी। सभी राज्यों के लिए मतगणना एक साथ 3 दिसम्बर को होगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 5 नवम्बर तक पूरी हो जाएगी। चुनाव आयोग के अनुसार मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 17 नवंबर को मतदान होंगे। मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।




**आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को तीन बार अखबारों में अपनी जानकारी देनी होगी। वहीं राजनीतिक दलों को भी बताना पड़ेगा कि ऐसे प्रत्याशियों को टिकट देने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था : राजीव कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त**

### आदिवासियों के लिए विशेष मतदान केंद

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि इस बार बुजुर्गों को घर से ही मतदान करने की सुविधा होगी। आदिवासियों के लिए विशेष मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इसके साथ ही कोई भी मतदान केंद्र दो किलोमीटर से अधिक की दूरी पर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को तीन बार अखबारों में अपनी जानकारी विज्ञापित करानी होगी। वहीं राजनीतिक दलों को भी बताना पड़ेगा कि ऐसे प्रत्याशियों को टिकट देने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था।

### किस राज्य में कितनी सीटें

| | |
|---|---|
| राजस्थान | 200 |
| मध्य प्रदेश | 230 |
| छत्तीसगढ़ | 90 |
| तेलंगाना | 119 |
| मिजोरम | 40 |

**21 अक्टूबर को जारी होगी। अधिसूचना**

चुनाव के लिए अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर होगी। नामांकन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख दो नवंबर होगी। इसी प्रकार राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 23 नवंबर को होंगे। चुनाव के लिए अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख छह नवंबर को, नामांकन पत्रों की जांच सात नवंबर को और नाम वापस लेने की अंतिम तारीख नौ नवंबर को होगी। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

# मोहम्मद फैजल लक्षद्वीप के सांसद बने रहेंगे

**नई दिल्ली**, 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केरल उच्च न्यायालय के उस हालिया आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की हत्या के प्रयास के मामले में उनकी सजा को निलंबित करने की याचिका खारिज कर दी गई थी। केरल हाई कोर्ट के आदेश के बाद, फैजल को दूसरी बार सांसद के रूप में अयोग्यता का सामना करना पड़ा। शीर्ष अदालत की रोक के बाद फैजल अब सांसद बने रह सकते हैं। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति संजय करोल की खंडपीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 22 अगस्त के रिमांड आदेश से दोषसिद्धि के निलंबन का लाभ चालू रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के 22 अगस्त के आदेश ने दोषसिद्धि के निलंबन पर पुनर्विचार करने के लिए आदेश को वापस हाई कोर्ट को भेज दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि दोषसिद्धि के निलंबन का लाभ फिलहाल जारी रहेगा। अदालत के समक्ष फैजल का प्रतिनिधित्व करते हुए, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि सांसद के रूप में चुने जाने के बाद प्राथमिकी संशोधित कर उसमें हत्या के लिए प्रयुक्त हथियार के रूप में लोहे की रॉड को शामिल किया गया था।



- सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाई कोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

## सार संक्षेप

### भारत-तंजानिया की रक्षा सहयोग बढ़ाने की घोषणा



**नई दिल्ली।** भारत एवं तंजानिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी में बदलने तथा रक्षा क्षेत्र एवं आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में परस्पर सहयोग को बढ़ाने की आज घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के बीच यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक में ये फैसले लिये। दोनों देशों के बीच परस्पर सहयोग के छह समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए।

### सिक्किम में बाढ़ में फंसे 80 लोगों को निकाला गया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति ने कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में सोमवार को यहां एक बैठक में सिक्किम में बाढ की स्थिति की समीक्षा की। सिक्किम के मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि फंसे हुए लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सुबह 80 लोगों को निकाला गया है।

### नौवां भारत अंतरराष्ट्रीय नृत्य संगीत महोत्सव 18 अक्टूबर से



**नई दिल्ली।** भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (आईसीसीआर) की ओर से राजधानी दिल्ली में आगामी 18-20 अक्टूबर तक तीन दिवसीय 'नौवां भारत-अंतरराष्ट्रीय नृत्य संगीत महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में अलग-अलग देशों के करीब 14 विदेशी सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे। इस मौके पर सुश्री प्रिया वेंकटरमन के नेतृत्व में भारतीय प्रदर्शन समूह द्वारा महोत्सव में विशेष प्रदर्शन देने वाले हैं।

### नैनीताल बस हादसे में 7 लोगों की मौत, 22 घायल



**नैनीताल।** नैनीताल में एक बड़ा हादसा हुआ है। जिसमे एक बस खाई में गिर गई। नैनीताल से हिसार लौट रही शिक्षकों से भरी बस नैनीताल , कालाढूंगी रोड में घटगड़ के पास अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस बस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बस में 31 लोग सवार थे।

### आवासीय इमारत में लिफ्ट में फंसा प्लंबर, मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में एक आवासीय इमारत में लिफ्ट में फंसने से एक प्लंबर की मौत हो गई। पुलिस नियंत्रण कक्ष को नारायणा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के लिफ्ट में फंसने की सूचना मिली, जिसके बाद एक पुलिस दल भेजा गया। पुलिस ने स्थानीय तकनीशियन की मदद से लिफ्ट खोली।

## सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद राहुल ने की घोषणा

# कांग्रेस शासित सभी राज्यों में होगी जातीय जनगणना

- भाजपा पर जातीय जनगणना के लिए दबाव बनाएंगे
- कमेटी में 4 घंटे तक जातीय जनगणना पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने जातीय जनगणना के मुद्दे पर प्रमुखता से आगे बढ़ने का फैसला किया है। सोमवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी में जातीय जनगणना को लेकर सर्वसम्मति बनी। वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद राहुल गांधी ने कहा कि समिति ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने साफ किया कि कांग्रेस शासित राज्यों में जातीय जनगणना कराई जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि अब देश जातीय जनगणना चाहता है। राहुल गांधी ने कहा कि वर्किंग कमेटी में 4 घंटे तक जातीय जनगणना के मुद्दे पर चर्चा हुई।

**हम जो वादा करते हैं, उसे निभाते हैं**

राहुल गांधी ने उम्मीद जताई कि इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल इस पर सहमत होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हम जो वादा करते हैं उसे निभाते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम बीजेपी पर जातीय जनगणना के लिए दबाव बनाएंगे। राहुल ने कहा कि अगर वे नहीं करते हैं तो उन्हें पीछे हट जाना चाहिए क्योंकि देश जातिगत जनगणना चाहता है।

**जातिगत जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे भी**

राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे भी कराया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि सबको न्याय मिले इसके लिए जातिगत जनगणना कराई जाएगी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के पास डाटा है उसे जारी करना चाहिए।



**देश में जिसकी जितनी आबादी है उसे सत्ता में उसी हिसाब से भागीदारी मिलनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए जातीय जनगणना आवश्यक है: राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### ओबीसी के लिए काम नहीं करते मोदी

कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ओबीसी के लिए काम नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि वह देश के दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को उनका हिस्सा नहीं देना चाहते हैं इसलिए जाति जनगणना नहीं करवा रहे हैं। उनका कहना था कि देश के विभिन्न संस्थानों में आदिवासी, दलित, ओबीसी कितना है इसकी जनगणना होनी जरूरी है और उनकी आर्थिक हैसियत क्या है इसका भी सर्वे कराया जाना चाहिए।

## भाजपा ने तीन राज्यों के उम्मीदवारों की सूची जारी की

# राजस्थान में 7 सांसदों को चुनाव में उतारा

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के कुछ घंटे बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्य प्रदेश के 57 उम्मीदवारों की चौथी, छत्तीसगढ़ के 64 उम्मीदवारों की दूसरी और राजस्थान के 41 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी।

पार्टी ने सोमवार को यहां कहा कि गत एक अक्टूबर को भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में तीनों राज्यों के इन उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी थी।

राजस्थान में 7 सांसदों को उतारा गया है। भाजपा ने राजस्थान को लेकर जारी अपनी पहली लिस्ट में पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को झोटवाड़ा विधान सभा सीट से, लोक सभा सांसद दिया कुमारी को विद्याधर नगर से और लोक सभा सांसद बाबा बालकनाथ को तिजारा विधान सभा सीट सहित अपने सात सांसदों को विधायकी के चुनाव में उतार दिया है। अन्य सांसदों की बात करें तो भाजपा ने नरेंद्र कुमार को मंडावा, किरोड़ी लाल मीणा को सवाई माधोपुर, भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ और देवजी पटेल को सांचोर विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है।



विधानसभा चुनाव

- डॉ रमन सिंह राजनांदगांव से लड़ेंगे चुनाव
- शिवराज सिंह चौहान को बुधनी से दिया गया टिकट

**केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को भी टिकट**

छत्तीसगढ़ में जिन सांसदों को टिकट दिया गया है उनमें केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को भरतपुर सोनहत से, श्रीमती गोमती साय पत्थलगांव से और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव लोरमी से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह राजनांदगांव से, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रायपुर दक्षिण, अमर अग्रवाल बिलासपुर से, राजेश मूणत रायपुर पश्चिम से, प्रेम प्रकाश पांडे भिलाई से लड़ेंगे। मध्यप्रदेश में इस सूची में कोई सांसद नहीं है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पुरानी बुधनी सीट से, विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम देवतालाब से, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा दतिया से, अरविंद सिंह भदौरिया अटेर से, गोपाल भार्गव रहली से, राजेन्द्र शुक्ल रीवा से, उमाकांत शर्मा सिरोंज से चुनाव लड़ेंगे। संसद से महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने का श्रेय लूट रही भाजपा ने छत्तीसगढ़ की सूची में 64 में से नौ, मध्य प्रदेश की सूची में 41 में से चार और राजस्थान की सूची में 57 में से पांच महिलाओं को टिकट दिया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को दिया नोटिस

## राकांपा विधायक अयोग्यता विवाद मामला

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने अजीत पवार और सात अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया। विधानसभा अध्यक्ष पर आरोप है कि वह दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत फैसला करने में देरी कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राकांपा नेता जयंत पाटिल की याचिका पर यह नोटिस जारी की। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को करेगी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ दायर याचिका पर 13 अक्टूबर को ही अगली सुनवाई करने वाली है। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने पहले याचिका दायर की थी।

**शरद पवार गुट की ओर से दायर याचिका पर नोटिस दिया**

# क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन ने महिलाओं के श्रम बाजार के बारे में लोगों की समझ को आगे बढ़ाने के लिए 2023 का नोबेल अर्थशास्त्र पुरस्कार जीता है। 2009 में एलिनोर ओस्ट्रोम और 2019 में एस्थर डुफ्लो के बाद गोल्डिन इकोनॉमिक साइंस में नोबेल जीतने वाली तीसरी महिला हैं। 1969 से 2022 तक इकोनॉमिक साइंस में दिए गए 54 नोबेल पुरस्कारों में से 92 विजेताओं में से केवल 25 को व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त करने का सम्मान मिला है। आधिकारिक बयान में कहा गया है, इस साल इकोनॉमिक साइंस में पुरस्कार विजेता क्लाउडिया गोल्डिन ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार में भागीदारी का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया है। उनके शोध से परिवर्तन के कारणों के साथ-साथ लिंग अंतर के मुख्य स्रोतों का पता चलता है। प्रतिष्ठित पुरस्कार इस वर्ष के नोबेल पुरस्कारों में से अंतिम है।



- गोल्डिन अर्थशास्त्र में नोबेल जीतने वाली तीसरी महिला
- महिलाओं के श्रम बाजार के बारे में लोगों की समझ को बढ़ाने के लिए पुरस्कार

## राजनीति | लद्दाख हिल काउंसिल में भाजपा को मिली है मात

# जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव टलने से भाजपा को राहत

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार हुए लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (करगिल) के चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जो जीत का जलवा बिखेरा उसने प्रदेश भाजपा को गहरा आघात पहुंचाया है। इतना जरूर था कि इस हार से घबराई भाजपा को देश के मुख्य चुनावायुक्त की उस घोषणा ने फिलहाल राहत प्रदान की है जिसमें उन्होंने जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनावों को टालने की बात कही है।

करगिल के स्थानीय हिल काउंसिल के चुनावों के परिणामों में 26 सीटों के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस व नेकां ने एक तिहाई से अधिक सीटों पर कब्जा जमा लिया।

- कांग्रेस व नेकां का एक तिहाई से अधिक सीटों पर कब्जा

भाजपा को यहां करारी हार का सामना करना पड़ा। उसके 17 में से दो प्रत्याशी ही जीत सके यानी साढ़े आठ फीसदी प्रत्याशी जीते। विपक्ष ने कहा कि जनता ने भाजपा को नकार दिया है। यह अनुच्छेद 370 को हटाने तथा राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त करने के फैसले के खिलाफ जनमत है। हालांकि प्रदेश भाजपा के नेता कहते थे कि इन चुनावों के परिणाम का जम्मू कश्मीर की राजनीति पर कोई ज्यादा असर नहीं पड़ेगा क्योंकि दोनों अलग अलग केंद्र शासित प्रदेश हैं और दोनों के अपने अलग अलग राजनीतिक एजेंडे भी हैं। पर राजनीतिक पंडित कहते थे कि इन परिणामों का असर आने वाले लोकसभा चुनावों पर जरूर देखने को मिलेगा, चाहे विधानसभा चुनाव इससे अछूते रहें। यह भी सच है कि चुनावायुक्त ने प्रदेश में फिलहाल विधानसभा चुनावों को कई कारणो से टाल कर अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा की ही मदद की है।



### मतदाताओं का सामना करना नहीं चाहती भाजपा : उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) चुनाव में एनसी-कांग्रेस गठबंधन की व्यापक जीत जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के खिलाफ लोगों के गुस्से का नतीजा है।एनसी उपाध्यक्ष ने कहा कि न तो केंद्र सरकार और न ही भाजपा, जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिए तैयार है। भाजपा मतदाताओं को सामना नहीं करना चाहती हैं।

# देश

**उवाच**

"समाज को जातियों के आधार पर विभाजित नहीं किया जाना चाहिए। हमें विश्व मानव बनना चाहिए। यह बासवन्ना की इच्छा थी कि एक पदानुक्रमित समाज होना चाहिए और एक क्षैतिज समाज अस्तित्व में होना चाहिए।"

–सिद्दारमैया,कर्नाटक के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 27.0 |
| मुंबई | 32.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 25.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# महिलाएं कृषि प्रणाली का मूल आधार : मुर्मू

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर सलाहकार समूह, 'जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म' और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित अनुसंधान से प्रभाव तक न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का उद्घाटन करते कहा कि महिलाएं कृषि प्रणाली का मूल आधार हैं, लेकिन उन्हें निर्णायक भूमिका निभाने के अवसरों से वंचित किया जाता है। राष्ट्रपति ने कृषि-खाद्य प्रणालियों को अधिक न्यायसंगत और

- **राष्ट्रपति ने कृषि-खाद्य प्रणालियों को अधिक न्याय संगत बनाने की जरूरत पर दिया बल**
- **राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का किया उद्घाटन**

समावेशी बनाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि न्याय रहित समाज का समृद्धि के बावजूद अस्तित्व समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई समाज न्याय रहित है, तो समृद्धि के बावजूद उसका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि जब स्त्री-पुरुष समानता की बात आती है, तो सबसे पुरातन विज्ञान के रूप में पहचानी जाने वाली कृषि, आधुनिक समय में भी कमजोर स्थिति में है। कोविड महामारी ने कृषि-खाद्य प्रणालियों और



**वैश्विक स्तर पर महिलाओं को लंबे समय तक कृषि-खाद्य प्रणालियों से बाहर रखा गया है : द्रौपदी मुर्मू**

समाज में संरचनात्मक असमानता के बीच एक सुदृढ़ संबंध को भी सामने ला दिया है। उन्होंने कहा कि महामारी के दिनों में पुरुषों की तुलना में, महिलाओं को अधिक संख्या में नौकरियां गंवानी पड़ी और इससे उनका पलायन शुरू हुआ। राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर महिलाओं को लंबे समय तक कृषि-खाद्य प्रणालियों से बाहर रखा गया है।

**हमें महिला नेतृत्व वाले विकास की जरूरत**

राष्ट्रपति ने कहा कि आधुनिक महिलाएं अबला' नहीं बल्कि 'सबला' हैं, यानी असहाय नहीं बल्कि शक्तिस्वरूपा हैं। हमें न केवल महिला विकास बल्कि महिला नेतृत्व वाले विकास की जरूरत है। हमारी कृषि-खाद्य प्रणालियों को अधिक न्यायसंगत और समावेशी बनाना न केवल वांछनीय है बल्कि

### जलवायु परिवर्तन मानव के अस्तित्व पर खतरा : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव के अस्तित्व पर खतरा है और हमें तेजी से और तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, बर्फ के पिघलने और प्रजातियों के विलुप्त होने से खाद्य उत्पादन में बाधा आ रही है और कृषि-खाद्य चक्र भी टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल नहीं है। यह जलवायु परिवर्तन की कार्रवाई में बाधा डाल रहा है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी कृषि-खाद्य प्रणालियां एक दुष्चक्र में फंस गई हैं और हमें इस 'चक्रव्यूह' को तोड़ने की जरूरत है। उन्होंने जैव विविधता बढ़ाने और पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि सभी के लिए अधिक समृद्ध और न्यायसंगत भविष्य के साथ-साथ कृषि-खाद्य प्रणालियों के माध्यम से खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

ग्रह और मानव जाति के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण भी है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया भर में, महिलाओं को भेदभावपूर्ण सामाजिक मानदंडों और ज्ञान, स्वामित्व, संपत्ति, संसाधनों तथा सामाजिक नेटवर्क में बाधाओं के रूप में आगे बढ़ने से रोका जाता है और पीछे धकेला जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महिलाओं के योगदान को मान्यता नहीं दी गई है, उनकी भूमिका को हाशिए पर रखा गया है और कृषि-खाद्य प्रणालियों की पूरी श्रृंखला को नकारा गया है। अब इस कहानी में परिवर्तन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत में, हम विधायी और सरकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ उन परिवर्तनों को देख रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ, नैतिक रूप से वांछनीय, आर्थिक रूप से किफायती और सामाजिक रूप से उचित उत्पादन के लिए हमें ऐसे अनुसंधान की आवश्यकता है जो इन लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए परिस्थिति अनुकूल हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि कृषि-खाद्य प्रणालियों में बदलाव की एक व्यवस्थित समझ की आवश्यकता है।

कृषि-खाद्य प्रणालियां लचीली और चुस्त होनी चाहिए ताकि वे सभी के लिए पौष्टिक और स्वस्थ आहार को अधिक सुलभ, उपलब्ध और किफायती बनाने के समक्ष आने वाले व्यवधानों का सामना कर सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले चार दिनों में इस सम्मेलन में सभी मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा और कृषि-खाद्य प्रणालियों में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा।

# सिक्किम के उत्तरी जिलों में आई आपदा के बाद लापता सैनिकों की तलाश जारी

**गंगटोक,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिक्किम के उत्तरी जिले में हाल ही में आई आपदा के बाद से लापता सैनिकों की तलाश जारी है और साथ ही सिक्किम के हिमालयी इलाकों की ऊंचाई पर 63 विदेशी यात्रियों सहित लगभग 1700 फंसे हुए पर्यटकों को सहायता प्रदान की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। रक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि 23 भारतीय सेना कर्मियों में से एक को चार अक्टूबर को जीवित बचाया गया है और अब तक आठ शवों की पहचान की जा चुकी है और अन्य लापता सैनिकों की तलाश जारी है। इससे पहले सिक्किम सरकार की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में दावा किया गया कि तीस्ता नदी के जल क्षेत्र से बरामद किए गए कुल 30 मृतकों में से 19 सेना के जवान शहीद हो गए। रक्षा अधिकारियों की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि त्रि शक्ति कोर के जवान उत्तरी सिक्किम के लाचेन, लाचुंग, थांगु और चुंगथांग के क्षेत्रों में फंसे 1,700 पर्यटकों को भोजन, चिकित्सा सहायता और संचार सुविधाएं सहित अन्य सहायता प्रदान कर रहे हैं। मौसम अभी भी खराब है। इसके बावजूद भारतीय सेना पर्यटकों को वहां से निकाले जाने तक सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव



**अब तक आठ शवों की पहचान की जा चुकी है**

प्रयास कर रही है। सिक्किम सरकार के अनुसार चार अक्टूबर को उत्तरी क्षेत्र में स्थित ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने से तीस्ता नदी बेसिन में बाढ़ आने से पूरे क्षेत्र में तबाही मच गयी। पूरे सिक्किम में 80 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं और लापता लोगों के तीस्ता की बाढ़ में बहने की आशंका है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपलब्ध तस्वीरों के विश्लेषण के अनुसार विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने प्रारंभिक रूप से अनुमान लगाया है कि साइड की दीवार अलग हो गई और मोराइन झील में गिर गया।

### तमांग ने दिक्चू में क्षतिग्रस्त घरों का दौरा किया

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री पीएस तमांग ने दिक्चू के पुराने बाजार का दौरा किया। उन्होंने 4 अक्टूबर को आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए 11 घरों का भी अवलोकन किया। तमांग ने दिक्चू बांध स्थल का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि मैंने आपदाग्रस्त क्षेत्र को दौरा किया और नुकसान को अवलोकनय किया। प्रत्येक प्रभावित परिवार को तत्काल 50 हजार रुपए की राहत सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने हालांकि नुकसान का आकलन पूरा होने के बाद सरकार की ओर से आगे भी सहायता प्रदान करना का आश्वासन दिया। हेलीकॉप्टरों की मदद से फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकालने का काम जारी है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के 22 सदस्य मंगन के लिए रवाना हो गए हैं।

## सार संक्षेप

### विकास को ध्यान में रखकर मतदान करे जनता : कमलनाथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश की जनता राज्य के विकास को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तैयारी और मतदान करे। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया 17 नवंबर का दिन सत्य के शासन की पुनर्स्थापना करने का दिन होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समस्त जनता से निवेदन है कि राज्य के विकास और भविष्य को निगाह में रखकर चुनाव की तैयारी करें और सही समय पर सही जगह उंगली रखकर नए मध्य प्रदेश के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करें।

### झारखंड में हर खेत को मिले पानी : हेमन्त सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हर खेत को मिले पानी और इसी प्रतिबद्धता के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सोरेन ने आज देवघर जिले के सारठ प्रखंड में सिकटिया मेगालिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में किसान टांड़ में भी सालों भर खेती कर सकेंगे, क्योंकि सरकार यहां भी सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। इसी कड़ी का एक हिस्सा बनने जा रहा है सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना।

### आंध्र में बस-ऑटो रिक्शा की टक्कर से चार की मौत

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश में वाईएसआर जिले के पोटलादुर्थी गांव में सोमवार को एक ऑटो रिक्शा और आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम बस की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक नागराजू ने कहा कि प्रोद्दातुर और कडप्पा के 11 लोग ऑटो रिक्शा में मल्लेला गांव जा रहे थे। ऑटो चालक ने एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और उसने वाहन से नियंत्रण खो दिया। उसी समय एपीएसआरटीसी की एक बस ऑटोरिक्शा से टकरा गई, जिससे मोहम्मद, हसीना, अमीना और शकीर की मौत हो गई। घायलों को जीजीएच में भर्ती कराया गया।

### पश्चिम बंगाल में डेंगू की स्थिति भयावह

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में डेंगू चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है, जिससे प्रभावित लोगों की कुल संख्या 50 हजार का आंकड़ा पार कर गई है। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अब तक 56,707 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से रविवार शाम तक पिछले सात दिन में 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बताया गया है कि स्वास्थ्य विभाग ने अब तक डेंगू से होने वाली मौतों का कोई आंकड़ा नहीं बताया है, लेकिन अनौपचारिक अनुमान के मुताबिक मरने वालों की संख्या 60 है।

# नए किस्म के चोरों से कश्मीरवासी परेशान

**जम्मू,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। कश्मीर के कचदूरा गांव का गुलाम अहमद शेख परसों रात से सोया नहीं है। उसके बागानों में एक माह के भीतर दूसरी चोरी हुई है। पहले चोर सेब के पेड़ काट कर ले गए थे और अब सेब की फसल से भरी हुई पेटियों को। सिर्फ कचदूरा गांव में ही नहीं बल्कि शोपियां के जेनपोरा गांव में भी चोरों ने सेब की भरी हुई सैंकड़ों पेटियों पर हाथ साफ कर दिया है। अपने किस्म की पहली चोरी से पुलिस भी परेशान है। पहले ही एक माह पूर्व कश्मीर के कई गांवों से सेब के बागानों में से सेब के पेड़ों को ही काट कर ले जाने की चोरी को अभी तक सुलझाया नहीं जा सका था। नई चोरी ने अब कश्मीरियों को मजबूर किया है कि आतंकी खतरे के बीच वे अपने सेब के बागानों की आप ही रक्षा करें। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है कि पिछले 48 घंटों में शोपियां के इन दो गांवों से ही सिर्फ 560 सेब की पेटियां चोर ले गए। नतीजतन गयास अहमद खान सबसे अधिक परेशान है क्योंकि उसकी पूरी फसल ही गायब है। उसके चोरी गए सेबों की कीमत बाजार में पांच लाख रुपया है। गयास खान के बागान से कुछ ही दूरी पर राउफ अहमद मल्ला के बागान से भी सेब चोर 100 पेटियां लेकर फरार हो चुके हैं।

**कर रहे सेब की पेटियां व पेड़ों की चोरी**

फिलहाल पुलिस का कहना था कि वे मामले की जांच कर रहे हैं कि कोई कैसे इतनी पेटियां एकसाथ लेकर जा सकता है। कश्मीर में यह कोई पहली चोरी नहीं है जिसमें चोरों ने सेब की सैंकड़ों पेटियां पर हाथ साफ किया हो।

# कश्मीर में विभ चुनाव कराने से डर रही भाजपा : उमर

**श्रीनगर,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस गठबंधन द्वारा लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) कारगिल के चुनावों में जीत के एक दिन बाद, नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने से डर रही है।

उमर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस हमेशा चुनाव के लिए तैयार है लेकिन केंद्र सरकार और भाजपा तैयार नहीं है, क्योंकि वे जम्मू-कश्मीर में लोगों का सामना करने से डरते हैं। नेकां-कांग्रेस गठबंधन ने एलएएचडीसी कारगिल चुनाव में 22 सीटें हासिल कर जीत हासिल की है।

अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर से लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद यह पहला चुनाव था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे भाजपा से कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि यह एक राजनीतिक पार्टी है और हमेशा अपना फायदा और नुकसान देखती है। दिल्ली में कहा गया कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव सभी कारकों पर विचार करने के बाद होंगे। उमर ने कहा कि मैं मुख्य चुनाव आयुक्त से पूछना चाहता हूं कि ये कारक क्या हैं। हम जो महसूस करते हैं वह एकमात्र कारक है जो 'डर कारक' है जिसे भाजपा महसूस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पहले राजभवन के पीछे छिप रही थी और अब उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के पीछे शरण लेना शुरू कर दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया, यह बहुत



**नेकां हमेशा चुनाव के लिए तैयार है लेकिन केंद्र व भाजपा तैयार नहीं : उमर अब्दुल्ला**

### भाजपा का लोकतंत्र में यकीन नहीं : महबूबा

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र में यकीन ही नहीं है। जम्मू कश्मीर में कई सालों से लोकतंत्र का गला दबाया हुआ है। प्रदेश में भारत के संविधान को भी लागू नहीं किया गया है। कारगिल में धर्मनिरपेक्ष पार्टी नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस को जनता का बहुमत मिल है। इसी जीत से भाजपा में घबराहट बढ़ गई है। ये बातें सोमवार को अनंतनाग में महबूबा मुफ्ती ने कहीं। महबूबा मुफ्ती यहां आतंकी गोली का शिकार हुए 11वीं कक्षा के छात्र साहिल बशीर डार के घर पहुंच ढांढस बंधाने के लिए पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि कश्मीर में अब भी निर्दोष लोगों का खून बह रहा है। इस वारदात की निंदा करते हैं। भाजपा कहती है कि प्रदेश में सामान्य है, लेकिन जमीनी हालात अलग हैं।



दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और भारत का चुनाव आयोग स्वतंत्र रूप से अपने फैसले नहीं ले सकते, बल्कि वे केवल भाजपा के संकेतों पर काम कर रहे हैं।

उमर ने प्रदेश के लोगों की ओर से चुनाव आयुक्त से सवाल पूछा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और मिजोरम राज्यों के लोगों को जब विधानसभा चुनाव करने का अधिकार है, तो जम्मू-कश्मीर के लोगों को यह अधिकार क्यों नहीं है। उन्होंने कहा कि कृपया हमें मुख्य चुनाव आयुक्त बताएं कि वे कौन से कारक हैं जो लोगों को सरकार के लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित करने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि विधानसभा चुनाव संभव नहीं हैं लेकिन जम्मू-कश्मीर में पंचायत और शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव की तैयारी की जा रही है।

# गजवेल व कामारेड्डी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे केसीआर

**हैदराबाद,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने दो सीटों से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। साथ ही वह लगातार कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वह 9 नवंबर को सिद्दीपेट जिले की अपनी पारंपरिक सीट गजवेल के अलावा बीआरएस के मजबूत किले के तौर पर मशहूर कामारेड्डी विधानसभा क्षेत्र से भी चुनाव लड़ेंगे। 9 नवंबर की सुबह, सिद्दीपेट निर्वाचन क्षेत्र में कोन्यापल्ली वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का दौरा किया जाएगा और परंपरा के अनुसार विशेष पूजा की जाएगी। बाद में सीएम केसीआर गजवेल में अपना पहला नामांकन करेंगे।



इसके बाद दूसरा नामांकन दोपहर दो बजे कामारेड्डी में किया जाएगा। बाद में सीएम केसीआर तीन बजे से शुरू होने वाली कामारेड्डी जनसभा में हिस्सा लेंगे। बीआरएस प्रमुख मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की 15 अक्टूबर को तेलंगाना भवन में पार्टी विधायक उम्मीदवारों के साथ बैठक करेंगे।

### केसीआर इस जिले में करेंगे दौरा

16 अक्टूबर को सीएम जनगामा और भुवनागिरी निर्वाचन क्षेत्रों के केंद्रों में एक बड़ी बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद 17 अक्टूबर को केसीआर सिद्दीपेट और सिरसिला निर्वाचन क्षेत्र केंद्रों में आयोजित सार्वजनिक बैठक में भाग लेंगे। वहीं 18 अक्टूबर को केसीआर दोपहर 2 बजे जडचाला निर्वाचन क्षेत्र केंद्र और उसी दिन शाम 4 बजे मेडचल निर्वाचन क्षेत्र केंद्र में आयोजित जनसभा में भाग लेंगे।

बीआरएस प्रमुख मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव 15 अक्टूबर को तेलंगाना भवन में पार्टी के विधायक उम्मीदवारों से मुलाकात करेंगे।

इस मौके पर सीएम केसीआर उम्मीदवारों को चुनाव में अपनाए जाने वाले नियम-कायदों के बारे में बताएंगे। वहीं बीआरएस के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव बीआरएस पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे। बाद में, 15 अक्टूबर को ही केसीआर हैदराबाद से प्रस्थान करेंगे और शाम 4 बजे हुस्नाबाद निर्वाचन क्षेत्र केंद्र में आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे।

# एथलीटों से मुलाकात करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल से मुलाकात करेंगे। चीन में एशियाई खेलों में भारत ने इतिहास रचा है। एशियन गेम्स में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत 100 पदक जीतने में सफल रहा है। इस दमदार प्रदर्शन से पूरा देश खुश है। इस बीच पीएम ने ऐलान किया है कि वो मंगलवार को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में एथलीटों से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के एथलीट, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधिकारी भी भाग लेंगे। इससे पहले गत रविवार को पीएम ने हांगझोउ एशियाई खेलों में अब तक के सबसे अधिक पदक जीतने के लिए भारतीय दल की सराहना की।

# फिलिस्तीन के लोगों की समस्या का होना चाहिए समाधान : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में इजरायल की सेना और हमास के बीच चल रही खतरनाक लड़ाई को तत्काल खत्म करने का आह्वान किया गया। साथ ही पार्टी की ओर से फिलिस्तीन का समर्थन करने की बात करते हुए कहा गया कि कांग्रेस लंबे समय से फिलिस्तीनी लोगों के लिए उनकी जमीन और अधिकारों की पक्षधर रही है। सभी को गर्व के साथ जीने का अधिकार है। कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि वह तत्कालिक रूप से युद्ध विराम का आह्वान करती है। मौजूदा स्थितियों में दोनों देशों को बैठकर बात करनी चाहिए। बता दें कि एक दिन पहले ही कांग्रेस पार्टी ने इजरायल पर किए गए हमास के हमले की निंदा की थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा से मानना रहा है कि इजरायलियों की राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को सुनिश्चित करते हुए फिलिस्तीन के लोगों की वाजिब मांगों को बातचीत के माध्यम से पूरा किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हमास के आतंकियों की ओर से शनिवार को इजरायल पर किए गए हमले के बाद दुनिया भर के देशों के नजरें उस पर लगी हुई हैं।



- **इजरायल-हमास संघर्ष के बीच किया युद्ध विराम का आह्वान**

इजरायल ने भी युद्ध का ऐलान करते हुए जवाबी कार्रवाई शुरू कर चुका है। गाजा पर भयानक बमबारी हो रही है। तमाम भवनों व कार्यालयों को निशाना बनाते हुए उन्हें तहस-नहस कर दिया गया है। चारों ओर तबाही का मंजर दिख रहा है।

**तैयारी** | *विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ मध्य प्रदेश में आचार संहिता लागू*

# चुनाव की तैयारियों को लेकर राजनीतिक दलों ने कसी कमर

**भोपाल, 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही मध्य प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होने के बाद तीन दिसंबर को चुनाव नतीजों के ऐलान के साथ नई सरकार को लेकर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश समेत पांच राज्यों।**

छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। तारीखों के ऐलान के साथ ही राजनीतिक दलों से लेकर प्रशासनिक मशीनरी ने भी चुनाव की तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा अब तक कुल 79 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी





- **मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए होगा चुनाव**

है। पार्टी ने इन सीटों में से कुछ पर अपने दल के दिग्गज नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव में उतार कर सबको चौंका दिया है। ये सभी वे सीटें हैं, जिन पर पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं कांग्रेस की अब तक कोई सूची सार्वजनिक नहीं हुई है।

इस संबंध में भाजपा के प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश को बीमारु से विकसित तक का सफर तय कराया है। पार्टी ढेर सारी योजनाओं के साथ ही जन आशीर्वाद की कामना के साथ जनता के बीच गई थी, जबकि कांग्रेस जन आक्रोश के साथ जनता के बीच गई। आने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को जनता का पूरा आशीर्वाद मिलने की उम्मीद है। वहीं कांग्रेस के प्रवक्ता के के मिश्रा ने कहा कि आचार संहिता लगने के बाद पूरा विश्वास है कि मध्य प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान का सम्मान कायम रहेगा। अपेक्षा है कि लोकतंत्र को मजबूत करने वाले सभी स्तंभ आचार संहिता की भावना के अनुरूप ईमानदारी से काम करेंगे। जहां तक कांग्रेस की सूची की बात है तो वो नवरात्रि में सामने आ जाएगी।

राज्य में कुल 230 विधानसभा सीटें हैं। वर्तमान में इनमें से 127 पर भारतीय जनता पार्टी, 96 पर कांग्रेस, दो पर बहुजन समाज पार्टी, एक पर समाजवादी पार्टी और चार पर निर्दलीय विधायकों का कब्जा है।

प्रदेश में आम तौर पर चुनाव परिणाम दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस पर ही आधारित होते हैं, लेकिन इस बार बसपा, सपा और निर्दलीयों के साथ ही आम आदमी पार्टी पर भी सबकी नजरें बनी हुई हैं। राज्य में सामान्य मतदाताओं की संख्या पांच करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 हैं, जिसमें पुरुष मतदाता दो करोड़ 88 लाख 25 हजार 607, महिला मतदाता दो करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 और थर्ड जेंडर एक हजार 373 हैं। सेवा मतदाताओं की कुल संख्या 75 हजार 304 हैं। इस प्रकार प्रदेश में कुल मतदाता पांच करोड़ 61 लाख 36 हजार 229 दर्ज हुए हैं।

उल्टा पुल्टा

एक बाबा औरतों पर ज्ञान दे रहे थे...
औरतों के पास यदि अलादीन का चिराग होता तो...
जिन्न या तो मेथी छांट रहा होता या फिर मटर छिल रहा होता...!!!

# दिव्यांगजनों से प्रेरणा लेने की जरूरत

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिव्यांगता के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों में काम करके शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले दिव्यांगजनों को स्टेट अवार्ड से

- **मुख्यमंत्री ने अलग-अलग क्षेत्रों में शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले दिव्यांगों को राज्य अवॉर्ड से किया सम्मानित**
- **दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाले डॉ.अंबेडकर अस्पताल व गुरु तेग बहादुर अस्पताल को भी किया सम्मानित**

सम्मानित किया। सीएम ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले 11 दिव्यांगजनों के अलावा 4 ओलंपिक खिलाड़ियों को भी स्टेट अवार्ड देकर सम्मानित किया। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाले डॉ. अंबेडकर अस्पताल और गुरु तेग बहादुर अस्पताल को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रकाशित पत्रिका के विमोचन के साथ-साथ पेंशनरों की सुविधा के लिए 'धरोहर' मोबाइल एप भी लांच किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने अपनी दिव्यांगता को ताकत में बदला और शारीरिक रूप से सक्षम लोगों को भी पीछे छोड़ दिया। इन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ न कुछ विशेष उपलब्धि हासिल की है और आगे भी देश के लिए कुछ करने की भूख है। हम सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इन्होंने ये साबित किया कि जो जैसा है, उसे वैसे ही स्वीकार करनी चाहिए और रोने के बजाय देश के लिए कुछ करके दिखाना चाहिए। इस दौरान समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने भी समारोह को संबोधित किया। सिविल लाइंस स्थिति शाह ऑडिटोरियम में आयोजित दिव्यांगजनों के लिए स्टेट अवार्ड समारोह को संबोधित करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने पुरस्कृत दिव्यांगजनों को बधाई दी और कहा कि मेरे लिए दिव्यांगजनों को अवार्ड देना बहुत ही भावनात्मक और अध्यत्मिक क्षण था। मुझे लगता है कि यहां सम्मानित एक-एक दिव्यांगजन की कहानी बहुत ज्यादा प्रेरणादायी है।

सभी लोगों ने अपनी दिव्यांगता को अपनी ताकत में बदल दिया। कुछ सम्मानित लोगों के साथ बात भी किया।



**सभी सम्मानित लोगों ने अपनी दिव्यांगता को अपनी ताकत में बदल दिया : केजरीवाल**

### चंद अमीरों को पहुंचाया जा रहा फायदा : राजकुमार आनंद

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि इस दौर में दो व्यवस्थाएं काम कर रही हैं। एक सरकारी और दूसरा प्राइवेट सिस्टम है। एक गहरी साजिश के तहत सरकारी सिस्टम को कमजोर और प्राइवेट सिस्टम को मजबूत किया जा रहा है, ताकि अमीर-गरीब के बीच का फर्क बना रहे। अमीर और अमीर होता जाए और गरीब और गरीब होता जाए। चंद अमीरों को फायदा पहुंचाया जा रहा है और गरीबों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, परिवहन और बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा पर लोगों के इतने पैसे खर्च हो जाएं कि उनके पास सेविंग के नाम पर कुछ भी न बचे। ऐसे अंधकार भरे माहौल में दिल्ली पूरे देश में एक रौशनी की तरह है। दिल्ली का सरकारी सिस्टम प्राइवेट सिस्टम में बेहतर काम कर रहा है और ज्यादा मजबूत हो रहा है। दिल्ली में सरकारी स्कूल बहुत शानदार हो गए हैं।

# सफाई, बिजली व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करे सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व में सोमवार को उच्चस्तरीय 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना से मुलाकात करके छठ पर्व पर 19 नवम्बर को ड्राई डे घोषित करने की प्रदेश कांग्रेस की मांग को दोहराते हुए तुरंत ड्राई डे घोषित करने मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी में दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम की लापरवाही के चलते तेजी से फैल रहे डेंगू व अन्य बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए नवरात्रों, रामलीला व दुर्गा पूजा के मौके पर सभी धार्मिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था, बिजली व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उपराज्यपाल से की। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल पांचों नेताओं की बातों को आधे घंटे तक गंभीरता से सुना और तीनों मुद्दों पर तुरंत कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में लवली के अलावा पूर्व अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता हारुन यूसूफ, राजकुमार चौहान व मुकेश शर्मा शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने विस्तार से उपराज्यपाल से इन तीनों मुद्दो पर चर्चा करते हुए कहा कि राजधानी में पूर्वांचलवासियों में इस बात को लेकर जबरदस्त गुस्सा है कि जानबूझ कर आबकारी विभाग ने छठ पर्व पर ड्राई डे घोषित नही किया जबकि पिछले वर्ष ऐसी व्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि यदि तुरंत छठ पर्व पर ड्राई डे घोषित नही हुआ तो कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नही बैठेगी और आवश्यकता पड़ी तो सड़को पर भी आएगी।

**कांग्रेस नेताओं ने उपराज्यपाल से की छठ पर ड्राई डे घोषित करने की मांग**



लवली ने उपराज्यपाल को बताया कि दिल्ली में डेंगू व चिकनगुनिया से लोग न केवल बीमार हो रहे है बल्कि जान का भी खतरा है और यह बीमारी तेजी के फैल रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम व दिल्ली सरकार की नाकामी के चलते पिछल वर्ष की तुलना में दिल्ली में 16 प्रतिशत डेगू के मामले बढ़ गए है, जिस पर तुरंत रोकथाम लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने उपराज्यपाल से मांग की कि प्रतिदिन डेंगू के आंकड़े जारी किए जाए।

अरविन्दर सिंह लवली, सुभाष चौपड़ा, हारुन यूसूफ, राजकुमार व मुकेश शर्मा ने संयुक्त रुप से कहा कि दिल्ली में 15 तारीख से नवरात्रां का पवित्र त्यौहार शुरु हो रहा है।

## सार संक्षेप

### केएसबी लि.को सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम के लिए मिला एलओए

**नई दिल्ली।** पम्प एवं वाल्व निर्माता कम्पनी है केएसबी लिमिटेड को हाल ही में उत्तर प्रदेश कृषि विभाग से पीएम-कुसुम 3 योजना के कॉम्पोनेन्ट बी के तहत 27.78 करोड़ में 800 सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम लगाने का लेटर ऑफ अवार्ड प्राप्त हुआ है। केएसबी की यह उपलब्धि भारत में सस्टेनेबल एग्रीकल्चर मे अपना योगदान देने और रिन्यूएबल एनर्जी सोल्यूशन को बढ़ावा देने में केएसबी लिमिटेड के समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर केएसबी लिमिटेड सिन्नर के जनरल मैनेजर और प्लांट हेड सुनील बापट ने कहा कि हमें बेहद खुशी है कि हम पीएम-कुसुम 3 योजना में योगदान और सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करने का अवसर मिला है। केएसबी का लक्ष्य हमेशा रिन्यूएबल एनेर्जी के क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और उत्कृष्टता लाने का रहा है। हम भारत के अन्य राज्यों में भी पीएम-कुसुम 3 योजना में भागीदार बनने की उम्मीद कर रहे हैं।

### रॉयलओक फर्नीचर ने त्योहारी सीजन के लिए बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** भारत का अग्रणी फर्नीचर ब्रांड रॉयलओक फर्नीचर त्यौहारों के इस सीजन में देश में एक महत्वाकांक्षी विस्तार रणनीति पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। अपनी विकास योजना के तहत ब्रांड ने हाल ही में दिल्ली के व्यस्त इलाके पश्चिम विहार में स्थित अपने सबसे नए स्टोर की शुरुआत की है। यह नया स्टोर एक बेहद महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आया है और रॉयलओक पश्चिम विहार को वर्तमान समय के शहर के सबसे प्रतिष्ठित फर्नीचर स्थल के रूप में स्थापित कर दिया है। इसके उद्घाटन के समय से ही इस बेहतरीन स्टोर ने होम फर्निशिंग की दुनिया में किफायती लक्जरी के एक असाधारण संयोजन के साथ दिल्लीवासियों की कल्पना को नए पंख दिए हैं। उल्लेखनीय रूप से दिल्ली के पश्चिम विहार स्टोर ने हर 20 मिनट में एक फर्नीचर की बिक्री करने की उपलब्धि हासिल कर ली है।इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए विजय सुब्रमण्यिन, फाउंडर एवं चेयरमैन, रॉयलओक फर्नीचर, ने कहा, हमारे स्टोर्स के बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए, वित्त वर्ष में 20 और स्टोर्स शुरू करने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। पश्चिम विहार में रॉयलओक फर्नीचर का भविष्य क्षमताओं और इंसेंटिव आइडियाज से भरा हुआ है।

### फिलिस्तीन में जारी खूनी संघर्ष को तत्काल रोका जाए : मदनी

**नई दिल्ली।** जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने फिलिस्तीन में जारी खूनी संघर्ष और आवासीय क्षेत्रों पर भारी बमबारी की निंदा करते हुए इसे तत्काल रोकने की अपील की है। मौलाना मदनी ने वैश्विक शक्तियों, संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद और वर्ल्ड मुस्लिम लीग इत्यादि से तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। मौलाना मदनी ने कहा कि भारत के लोग फिलिस्तीनियों के साथ हैं जो पिछले 75 वर्षों से इजराइल के दमनकारी कब्जे और हिंसा से त्रस्त हैं, जिसके कारण वह आज अपनी ही मातृभूमि में कैदियों की तरह रह रहे हैं। निःसंदेह फिलिस्तीन के लोगों का संघर्ष अपनी मातृभूमि की आजादी और पहले किबला (पहले जिस तरफ रुख करके नमाज पढ़ी जाती थी) को फिर से प्राप्त करने के लिए है। मौलाना मदनी ने कहा कि इस संघर्ष का मूल आधार इजराइल द्वारा फिलिस्तीन पर अवैध कब्जा और विस्तारवादी सोच है। इसे जल्द से जल्द हल किया जाए और इजराइली प्रभुत्व और उत्पीड़न से मुक्त एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना की जाए। मौलाना मदनी ने भारत में मीडिया द्वारा मौजूदा युद्ध की शर्मनाक रिपोर्टिंग करने और अपने अधिकारों की बहाली के लिए लड़ रहे राष्ट्र को ' आतंकवादी' कहने पर अपनी चिंता और नाराजगी व्यक्त की है और कहा है कि देश के निर्माताओं विशेष रूप से महात्मा गांधी, पंडित नेहरू और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा फिलिस्तीनी कॉज का समर्थन किया है। इस अवसर पर हम देश के प्रधानमंत्री से अपील करना चाहेंगे कि वह इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के समाधान में प्रभावी भूमिका निभाएं और इजराइल का समर्थन करने के बजाय न्याय की मांग के अनुसार स्थाई शांति की स्थापना और निर्दोष नागरिकों की जान बचाने के लिए अपने प्रभाव का सही उपयोग करें, इसी में हमारे देश का हित है और यही मानवता के प्रति हमारा कर्तव्य है।

# ड्रीम इंडियन नेवी कार्यशाला आयोजित

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। एस आर कैपिटल पब्लिक स्कूल दिल्ली में जिंदगी बदल देने वाली एक अद्भुत कार्यशाला ड्रीम इंडियन नेवी का सुनियोजित आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर लक्ष्य छाबडिया के प्रबंधन द्वारा संचालित किया गया। यह कार्यशाला नौसेना के अफसर लेफ्टिनेंट कैडर जयंत भार्गव, लेफ्टिनेंट कैडर आशीष कुमार, लेफ्टिनेंट कैडर आस्था सहगल और रवीश कुमार पीओएमई के गहन मार्गदर्शन से संपन्न हुई। उन्होंने भारतीय नौसेना अधिकारी के रूप में करियर से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी नौसेना से जुडने की बारीकियों से कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों को परिचित किया। उन्होंने बताया कि नौसेना सभी लिंगों के लिए उपयुक्त है। भारतीय सशस्त्र बल में महिलाएं अब प्रत्येक क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं। आज भारतीय सशस्त्र बल में विशेष रूप से महिलाएं न केवल प्रशिक्षित और उच्च शिक्षित हैं बल्कि दुश्मन को चुनौती देने के लिए तत्पर हैं। नौसेना में चयनित होने पर अधिकारियों को नेविगेशन, पनडुब्बी रोधी युद्ध, तोपखाने, गोताखोरी और हाइड्रोग्राफी में प्रशिक्षित किया जाता है। यह भारत की सबसे साहसिक नौकरियों में से एक है।



# शिक्षकों को प्रताड़ित कर रही आप सरकार : इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा शिक्षक के साथ खड़ी रही है और हमेशा खड़ी रहेगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों के अंदर पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में 40 प्रतिशत तक की कमी आई है जो यह दर्शाता है कि दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है और जिसके लिए आप पूरी तरह जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की कम होती संख्या को छुपाने के लिए आम आदमी पार्टी शिक्षकों को सरप्लस दिखाकर इधर उधर ट्रांसफर कर रही है जिसके कारण शिक्षक प्रताड़ना झेल रहे हैं और आम आदमी पार्टी जिसका फायदा उठाकर ट्रांसफर के बहाने भ्रष्टाचार करने में लगी हुई है।



### निगम विद्यालयों में गिरती जा रही है छात्रों की संख्या

पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि निगम विद्यालयों में लगातार छात्रों की संख्या गिरती जा रही है जिसके आंकड़े छुपाने के लिए आम आदमी पार्टी शिक्षकों को सरप्लस करार दे रही है। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने कर्मचारियों से वादा किया था कि हर महीने की पहली तारीख को उन्हें वेतन मिलेगा मगर ऐसा अभी तक नहीं हो पाया है।



## नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण/मार्ग परिवर्तन एवं विनियमन

**सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा जौनपुर एवं जौनपुर सिटी के बीच कॉर्ड लाइन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। यह कार्य जौनपुर, जफराबाद जं. और जौनपुर सिटी स्टेशनों पर सम्पन्न किया जाएगा। इससे लखनऊ मण्डल के तीन सेक्शन अर्थात उतरेटिया जं. – सुल्तानपुर जं. – जफराबाद जं. – वाराणसी जं. व बाराबंकी जं. – अयोध्या कैंट – जफराबाद जं. – वाराणसी जं. एवं जफराबाद जं. – मरियाहू – जंघई जं. स्टेशन प्रभावित होंगें। इस कार्य के सुरक्षित संपादन हेतु दिनांक 17.10.2023 से 28.10.2023 तक उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे, परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी :-**

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04264 सुल्तानपुर जं. – वाराणसी जं. अनारक्षित/मेल/एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04263 वाराणसी जं. – सुल्तानपुर जं. अनारक्षित/मेल/एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04383 प्रयागराज संगम – जौनपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 14202 रायबरेली जं – जौनपुर जं. एक्सप्रेस | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04246 जौनपुर जं. – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 14201 जौनपुर जं. – रायबरेली जं स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04384 जौनपुर जं. – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04245 प्रयागराज संगम – जौनपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 14214 गोंडा जं. – वाराणसी जं. इंटरसिटी | 17.10.2023 से 29.10.2023 |
| 14213 वाराणसी सिटी – गोंडा जं. इंटरसिटी | 16.10.2023 से 28.10.2023 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 14854 जोधपुर जं. – वाराणसी सिटी मरुधर एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10,19.10, 21.10, 23.10 एवं 26.10.2023 |
| 19167 अहमदाबाद जं. – वाराणसी सिटी साबरमती एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 19.10, 21.10, 23.10, 24.10 एवं 26.10.2023 |
| 18104 अमृतसर जं. – टाटानगर जं. जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 18.10, 20.10, 25.10 एवं 27.10.2023 |
| 14018 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 13238 कोटा जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 19.10, 20.10, 22.10, 26.10 एवं 27.10.2023 |
| 18103 टाटानगर जं. – अमृतसर जं. जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 16.10,18.10, 23.10 एवं 25.10.2023 |
| 19305 डॉ. अम्बेडकर नगर – कामाख्या जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 19.10.2023 |
| 19313 इन्दौर जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 16.10 एवं 18.10.2023 |
| 19321 इन्दौर जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 21.10.2023 |
| 15668 कमाख्या जं.– गांधीधाम जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 15636 गुवाहाटी – ओखा द्वारका एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 14007 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 18.10 एवं 20.10.2023 |
| 14015 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 17.10.2023 |
| 14017 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 19.10 एवं 26.10.2023 |
| 13009 हावड़ा जं. – योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – जंघई जं. – फाफा मऊ जं. – ऊँचाहार जं. – रायबरेली जं. – लखनऊ | 16.10.23 से 27.10.2023 |
| 12238 जम्मू तवी – वाराणसी जं. बेगमपुरा एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 18.10, 19.10 एवं 27.10.2023 |
| 12370 देहरादून – हावड़ा जं. कुम्भ एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 19.10, 20.10, 22.10, 23.10, 24.10, 26.10 एवं 27.10.2023 |
| 12328 देहरादून – हावड़ा जं. उपासना एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 18.10, 21.10 एवं 25.10.2023 |
| 22356 चण्डीगढ़ – पाटलिपुत्र जं. एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 19.10, 23.10 एवं 26.10.2023 |
| 13240 कोटा जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 18.10, 21.10, 23.10, 24.10 एवं 25.10.2023 |
| 11059 लोकमान्य तिलक (ट.) – छपरा जं. छपरा एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी –औंड़िहार जं. | 17.10, 19.10, 21.10, 24.10 एवं 26.10.2023 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 11055 लोकमान्य तिलक (ट.) – गोरखपुर गोदान एक्स. | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी –औंड़िहार जं. | 16.10, 18.10, 20.10, 22.10, 23.10, 25.10 एवं 27.10.2023 |
| 11060 छपरा जं. – लोकमान्य तिलक (ट.) एक्सप्रेस | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी –वाराणसी जं. – जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 19.10, 21.10, 23.10, 26.10 एवं 28.10.2023 |
| 11056 गोरखपुर – लोकमान्य तिलक (ट.) गोदान एक्सप्रेस | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. – जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10, 18.10, 20.10, 22.10, 24.10, 25.10 एवं 27.10.2023 |
| 14611 गाजीपुर सिटी –श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस | जौनपुर जं. – अयोध्या कैंट – बाराबंकी जं. – लखनऊ | 20.10.23 एवं 27.10.2023 |
| 19045 सूरत – छपरा जं. ताप्ती गंगा एक्सप्रेस | जिवनाथपुर – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी – मऊ जं. | 16.10, 18.10, 19.10, 20.10, 22.10, 23.10, 25.10, 26.10 एवं 27.10.2023 |
| 09065 सूरत – छपरा जं. स्पेशल क्लोन रेलगाड़ी | जिवनाथपुर – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी – औंड़िहार जं. | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 09066 छपरा जं. – सूरत स्पेशल क्लोन रेलगाड़ी | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. – जिवनाथपुर | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 00901 सूरत – नारायणपुर अनंत पार्सल स्पेशल | जिवनाथपुर – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी – औंड़िहार जं. | 20.10 एवं 27.10.2023 |
| 00902 नारायणपुर अनंत – सूरत पार्सल स्पेशल | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी वाराणसी जं. – जिवनाथपुर | 22.10.2023 |
| 22613 रामनाथपुरम – अयोध्या कैंट श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट | फाफा मऊ जं. – प्रतापगढ़ जं. सुल्तानपुर जं. – अयोध्या कैंट | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 22614 अयोध्या कैंट – रामनाथपुरम श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट | अयोध्या कैंट – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – फाफा मऊ जं. | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 22104 अयोध्या कैंट – लोकमान्य तिलक (ट.) सुपरफास्ट एक्सप्रेस | अयोध्या कैंट – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10 एवं 24.10.2023 |
| 22103 लोकमान्य तिलक (ट.) – अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – प्रतापगढ़ जं. सुल्तानपुर जं. – अयोध्या कैंट | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 20941 बान्द्रा टर्मिनस – गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी | 20.10, 22.10 एवं 27.10.2023 |
| 22434 आनन्द विहार टर्मिनल – गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी | 16.10, 20.10, 23.10 एवं 27.10.23 |
| 22433 गाजीपुर सिटी – आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस | वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10, 21.10, 24.10 एवं 28.10.2023 |
| 20942 गाजीपुर सिटी – बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस | वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10, 22.10 एवं 24.10.2023 |
| 04056 आनन्द विहार टर्मिनल – बलिया एक्सप्रेस क्लोन स्पेशल | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 04055 बलिया – आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस क्लोन स्पेशल | वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 19.10 एवं 26.10.2023 |

### रेलगाड़ियों का विनियमन

- रेलगाड़ी संख्या 13414 दिल्ली जं. – मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस दिनांक 16.10.2023, 18.10.2023, 21.10.2023, 23.10.2023, 25.10.2023 एवं 28.10.2023 को मार्ग में 30 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 13483 मालदा टाउन – दिल्ली जं. – फरक्का एक्सप्रेस दिनांक 17.10.2023, 18.10.2023, 20.10.2023, 22.10.2023, 24.10.2023, 25.10.2023 एवं 27.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 13413 मालदा टाउन – दिल्ली जं. – फरक्का एक्सप्रेस दिनांक 16.10.2023, 19.10.2023, 21.10.2023, 23.10.2023 एवं 26.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 14007 रक्सौल जं.–आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस दिनांक 25.10.2023 एवं 27.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 14015 रक्सौल जं.–आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस दिनांक 22.10.2023 एवं 24.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 19305 डॉ. अम्बेडकर नगर – कामाख्या जं. एक्सप्रेस दिनांक 26.10.2023 को मार्ग में 120 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 19313 इन्दौर जं. – पटना जं. दिनांक 23.10.2023 एवं 25.10.2023 को मार्ग में 120 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 12238 जम्मू तवी – वाराणसी जं. वेगमपुरा एक्सप्रेस दिनांक 20.10.2023, 21.10.2023, 22.10.2023, 23.10.2023, 24.10.2023, 25.10.2023 एवं 26.10.2023 को मार्ग में 30 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।**

**रेलमदद हेल्पलाइन 139 रेलमदद वेबसाइटः https://enquiry.indianrail.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | पर हमें फॉलो करें

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ इस सम्मेलन में उद्यमियों की समस्याओं को सुना जाएगा। साथ ही मौके पर उसका समाधान निकाला जाएगा। समस्याओं को सीएम के समक्ष रखा जाएगा। ताकि त्वरित उसका निस्तारण किया जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने संगठन को निर्देशित किया है कि प्रदेश के सभी जनपद के पदाधिकारी अपनी समस्या बताए जिनका समाधान सम्मेलन के जरिए शासन स्तर पर किया जाएगा : **एलबी सिंह, लघु उद्योग भारती जिलाध्यक्ष**

## 13 को एनिमल शेल्टर के लिए कंपनी का होगा चयन

**नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-94 स्थित एनिमल शेल्टर का जिम्मा नई एजेंसी संभालेगी। एजेंसी चयन के लिए नोएडा प्राधिकरण ने आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) जारी कर दी है। इसमें हिस्सा लेने वाली एजेंसी 12 अक्टूबर तक आवेदन कर सकती हैं। इसके अगले दिन 13 अक्टूबर को आरएफपी खोली जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि चयनित होने वाली एजेंसी एनिमल शेल्टर के संचालन व मरम्मत का जिम्मा संभालेगी। एनिमल शेल्टर में रहने वाले बीमार पशुओं का इलाज और बेहतर तरीके से हो सके, इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने इसका बजट बढ़ाने का निर्णय लिया था। अब हर महीने 35 लाख रुपए एजेंसी को प्राधिकरण दिया करेगा। अभी तक प्राधिकरण 15 लाख रुपए महीना देता था। एजेंसी काफी समय से बजट बढ़ाने की मांग कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि 35 में 25 लाख नोएडा और 10 लाख ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण दिया करेगा। इस शेल्टर में दोनों शहरों के पशुओं का इलाज किया जाता है। इस शेल्टर की क्षमता करीब 1600 पशुओं के रखने की है। अभी जिस एजेंसी के पास इस शेल्टर को संचालित करने का जिम्मा है, वहीं पशुओं के इलाज में प्रयोग होने वाली सभी तरह की डॉक्टर व दवाइयां देती है। इसके अलावा पशुओं के खानपान का जिम्मा भी एजेंसी के जिम्मे रहता है।

करीब चार महीने पहले औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने एनिमल शेल्टर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान एजेंसी की संचालिका ने बताया कि उनको प्राधिकरण की तरफ से सिर्फ 15 लाख रुपए प्रति महीना दिया जा रहा है जो काफी कम है। इसके बाद प्राधिकरण ने बजट बढ़ाने का निर्णय लिया।

# प्राधिकरण की वादाखिलाफी से आक्रोशित किसान

**नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। किसान प्राधिकरण की वादाखिलाफी से आक्रोशित है। ये वादाखिलाफी एक बार नहीं बल्कि 2019 से लगातार किसानों के साथ हो रही है। पहली बार 10 प्रतिशत विकासित भूखंड या इसके समतुल्य मुआवजे की मांग को लेकर 2019-20 में किसानों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद हर साल कभी लगातार 4 तो कभी 6 महीने तक किसान प्राधिकरण की चौखट पर बैठे रहे। 19 नवम्बर 2023 को किसानों को प्राधिकरण ने आश्वासन दिया कि अक्टूबर 2023 की बोर्ड बैठक में आपकी मांग को प्रस्तुत कर शासन को भेजा जाएगा।

बोर्ड बैठक तो हुई लेकिन किसानों की मांग पर चर्चा नहीं की गई। प्राधिकरण अधिकारियों ने किसानों को अवगत कराया कि ये बोर्ड बैठक नहीं बल्कि इंटरनल मीटिंग थी। जिस पर किसान सहमत नहीं हुए। किसानों ने वीडियो संदेश जारी किया और सोमवार को प्राधिकरण का घिराव किया। यहां दोबारा से टेंट लगा दिए। देररात तक प्राधिकरण और किसानों के बीच बातचीत हुई। लेकिन कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि हमारी मांगों पर लिखित आश्वासन देने के बाद भी वादाखिलाफी की गई। जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जता धरना जारी रहेगा।

दरअसल, नोएडा प्राधिकरण ने भू अर्जन अधिनियम 1984 में वर्णित प्राविधानों के अनुसार 16 गांव की 19 अधिसूचनाओं को एक किसान की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। इस चुनौती पर उच्च न्यायालय ने किसानों को 64.70 प्रतिशत की दर से मुआवजा और 10 प्रतिशत आबादी भूखंड देने का आदेश दिया। यही नहीं 21 अक्टूबर 2011 के आदेश क्रम में ऐसे किसान जिनकी याचिका खारिज कर दी गई या जो न्यायालय नहीं गए उनका निर्णय प्राधिकरण को लेने का निर्देश दिया गया। न्यायालय के आदेश के बाद प्राधिकरण ने 191वीं बोर्ड बैठक में निर्णय लिया कि 10 प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड (जिन्हें पूर्व में 5 प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड मिल चुका है उन्हें अतिरिक्त 5 प्रतिशत भूखंड) या इसके क्षेत्रफल के समतुल्य मुआवजा सिर्फ उन्ही किसानों को दिया जाएगा। जो उच्च न्यायलय के आदेश 21 अक्टूबर 2011 में शामिल हुए थे। प्राधिकरण ने माना कि ऐसे किसान जिन्होंने न्यायालय में चुनौती दी लेकिन उनकी याचिका को निरस्त कर दिया गया और ऐसे किसान जिन्होंने अधिसूचना को चुनौती ही नहीं दी। वे पात्र नहीं है। इस प्रकरण में प्राधिकरण ने मार्च 2002 से मार्च 2014 तक के किसानों को नोएडा क्षेत्र में प्राधिकरण के पक्ष में अर्जन प्रक्रियाओं एवं बैनामें से हस्तांतरित हुई भूमि के सापेक्ष 64.70 प्रतिशत अतरिक्त मुआवजा दे दिया गया। इस निर्णय के बाद किसानों में आक्रोश भर गया। इसके बाद ऐसे किसान जो उस समय न्यायालय नहीं गए थे। उन्होंने याचिका दायर की। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

## 2019 में पहली बार किसानों ने उठाई थी आवाज



■ मांगी 10 प्रतिशत विकसित भूमि, 300 ये ज्यादा दिन तक दिया धरना, अब वादाखिलाफी

### प्राधिकरण के विरोध में 10 प्रतिशत की मांग को लेकर पहली बार 2019-20 में किसानों ने खोला मोर्चा

किसानों ने 2019-20 में 5 व 10 प्रतिशत विकसित भूखंड या इसके समतुल्य धनराशि की मांग को लेकर प्राधिकरण पर धरना दिया। किसानों ने मांग की कि 10 प्रतिशत के अतरिक्त भूखंड को प्राप्त करने के लिए कोर्ट की बाध्यता को समाप्त किया जाए। इसके अलावा 1997 से 2014 तक के सभी किसानों को 10 प्रतिशत भूमि या इसके समतुल्य मुआवजा दिया जाए। किसानों ने तर्क दिया कि न्यायालय के आदेश पर आपने जो किसान न्यायालय गए उनको 10 प्रतिशत जमीन दी। लेकिन उसी दौरान हमारी जमीन भी अधिग्रहीत की गई। किसानों ने यह भी कहा जिन किसानों ने न्यायालय से याचिका वापस ली या जो आपके कहने पर न्यायालय नहीं गए उनको भी आपके द्वारा 5 प्रतिशत अतरिक्त प्लाट दिया गया। इस धरने के बाद पहली बार प्राधिकरण ने बोर्ड में किसानों से संबंधित प्रस्ताव भेजा गया जिसे बोर्ड ने निरस्त कर दिया।

### 2020-21 में दोबारा से किसानों ने प्राधिकरण पर धरना देते हुए तालाबंदी की

किसानों ने इसी मांग को लेकर 2020-21 में धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद प्राधिकरण ने किसानों की मांग के अनुरूप 4 जनवरी 2021 को शासन को मांग पत्र भेज दिया। साथ ही 11 मार्च, 29 अक्टूबर 2022 और 14 मार्च 2023 को रिमाइंडर भी भेजा गया।

जवाब नहीं आने पर किसानों ने जून 2023 से 19 सितम्बर 2023 तक फिर प्राधिकरण पर लगातार धरना दिया। इस धरने में भी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूखंड को भी प्राथमिकता दी गई। इस दौरान किसानों ने मांग की कि ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण और किसानों के बीच हुए सहमति को आधार बनाकर उनकी मांग को अक्टूबर 2023 में आयोजित होने वाली बोर्ड में प्रस्तुत कर शासन को भेजा जाए। इस मांग पर प्राधिकरण, पुलिस और किसानों के बीच वार्ता हुई और किसानों ने प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

## किसानों ने कहा प्राधिकरण ने की वादाखिलाफी

नोएडा के किसानों की मांग है कि उनको आबादी की 10 प्रतिशत विकसित भूमि दी जाए या इसके समतुल्य मुआवजा दिया जाए। इसको लेकर किसान पिछले कई सालों से लगातार धरना देते आ रहे है। इसी मांग को लेकर अगस्त 2023 में किसानों ने विधायक पंकज सिंह के घर का घेराव भी किया था। जिसके बाद विधायक ने आईडीसी नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन को मांगों को पूरा करने के लिए सख्त हिदायत दी। शनिवार को बोर्ड बैठक की गई। इस बैठक में एजेंडा रखा जाना था। लेकिन प्रस्तुत नहीं किया गया। अब दोबारा से भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने प्राधिकरण पर धरना दे दिया। सुखवीर खलीफा ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण ने उनके साथ धोखा किया है। इससे पहले हुई बैठक में उन्हें आश्वस्त किया गया था कि धरना समाप्त कर दिया जाए हमारी जाएज मांगों को पूरा किया जाएगा। लेकिन प्राधिकरण ने उनके साथ वादाखिलाफी की। ऐसे में दोपहर करीब एक बजे सैकड़ों की संख्या में किसान प्राधिकरण पहुंचे और धरना शुरू कर दिया।

किसानों ने यहां पहले की तरह टैंट लगाया और प्राधिकरण को जाने वाली मुख्य सड़क पर बैठ गए। किसानों ने स्पष्ट कहा कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा वह यहां से नहीं जाएंगे। साथ ही अब उनको लिखित में जवाब भी चाहिए। इस बीच प्राधिकरण अधिकारियों के लगातार फोन किसान प्रतिनिधियों के पास आते रहे। लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### नाटकीय ढंग से शुरू हुआ धरना

दरअसल, शनिवार को नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक थी। इसमें किसानों की 10 प्रतिशत आबादी से संबंधित ऐजेंडा को प्रस्तुत करना था। इसका पूरा लेखा जोखा तैयार किया गया। जिसमें धरने से संबंधित सभी मांगों को लिखा गया। लेकिन बैठक में सिर्फ औद्योगिक भूखंड आवंटन क्राइटेरिया पर ही चर्चा की गई। इसके बाद इसे समाप्त कर दिया गया। इस दौरान भारतीय किसान परिषद को बताया कि आपका ऐजेंडा शासन प्राधिकरण से अनुमोदन के बाद शासन को भेजा जा रहा है। जिस पर किसानों ने विधायक का धन्यवाद दिया। लेकिन शाम को भारतीय किसान परिषद को पूरी जानकारी हुई। ऐसे रविवार को परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए किसानों को प्राधिकरण पर धरना देने के लिए कहा। सोमवार को किसानों ने प्राधिकरण पर फिर से धरना शुरू कर दिया।

## सार संक्षेप

### छत से गिरकर युवक की मौत

**नोएडा।** थाना फेस-2 क्षेत्र में एक व्यक्ति चौथी मंजिल से गिर गया। आनन-फानन उसे नजदीक के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान प्रदीप निवासी याकूबपुर फेस-2 नोएडा हुई है। पुलिस ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से जानकारी दी गई थी कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में इलाज के लिए उनके अस्पताल लाया गया है। उसकी मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**नोएडा।** मारवाड़ी युवा मंच नोएडा द्वारा स्वच्छता अभियान के अंर्तगत पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम मंच के बच्चों द्वारा जीआईपी माल



और गार्डन गैलेरिया के टीम के साथ मिलकर आने वाले लोगों को कार डस्ट बिन का वितरण किया गया। स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के प्रति संदेश दिया कार्य क्रम में शमीम एसोसिएट डायरेक्टर जीआईपी, गार्डन गैलेरिया मॉल शाखा अध्यक्ष नीलेश सिंघल, कृष्णा सोनी, नीरज पुगलिया उपस्थित रहे। मंच द्वारा क्लियो काउंटी सेक्टर 121 नोएडा में स्वर्गीय संतलाल लखोटिया की पुण्य स्मृति में रक्त दान शिविर आयोजित किया गया गया जिसमें 114 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

### पिटबुल ने आवारा कुत्ते पर किया हमला, वीडियो वायरल होने पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** शहर में पिटबुल प्रजाती के पालतू डॉग ने मालिक के सामने आवारा कुत्ते पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में आवारा कुत्ता



बुरी तरह जख्मी हो गया। यह वीडियो सेक्टर-53 स्थित गिझोड़ गांव का है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यूजर्स पालतू डॉग मलिक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। जिस पर एक्शन लेते हुए नोएडा पुलिस ने पिटबुल मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेक्टर-53 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनिल कुमार ने यह वीडियो साझा किया है। उन्होंने बताया कि हमला करने वाला कुत्ता गिझोड़ गांव निवासी नरेंद्र शर्मा का है। पिटबुल खतरनाक नस्ल का डॉग है। उसे बिना गले में चैन और मास्क लगाए मलिक ने खुला छोड़ दिया था। ये डॉग पालिसी के नियमों का उल्लंघन भी है। पालतू डॉग ने बाहर घूमने के दौरान आवारा कुत्ते पर हमला कर दिया।

### कोर्ट के आदेश पर नाबालिग से दुष्कर्म का मुकदमा हुआ दर्ज

**दनकौर।** दनकौर कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बहन से दुष्कर्म करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि एक आरोपी ने दुष्कर्म किया। जबकि दूसरे ने फोटो खींचे थे। कोर्ट के आदेश पर सोमवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित भाई ने शिकायत में कहा है कि करीब 6 वर्ष पहले उसकी 17 वर्ष की नाबालिग बहन से पड़ोस के ही जीतू ने एक कमरे में बुलाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। साथ ही उसके दोस्त बंटी ने फोटो खींचे थे। घटना के बाद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

## मास्टर प्लान रोड नंबर-2 रोड का 15 फीट का हिस्सा धंसा

**नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा में ठेकेदार किस तरह से सड़का निर्माण करते है इसकी पोल मास्टर प्लान नंबर-2 पर खुल गई है। ये नोएडा की मुख्य सड़क है। जिस पर रोजाना लाखों की संख्या में वाहन आते जाते है। यहां एलिवेटेड से सेक्टर-18 की ओर जाते समय डीपीएस स्कूल के ठीक सामने गोलाकार आकार में करीब 15 फीट से ज्यादा की सड़क धंस गई। सड़क धसने के बाद वहां मौजूद लोगों ने स्कूल का बेरीकेड लगाकार रोड को बंद किया। यातायात को एक लेन से निकाला जा रहा है। बताया गया कि ये रोड रात में धंसी थी।

रोड धंसने की जानकारी प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। इसके बाद मौके पर अधिकारी पहुंच रहे है। बताया गया कि सेक्टर-27 के मेन सीवर लाइन में लिकेज होने से कटान हुआ इसके बाद सड़क धंस गई। इस वजह से सड़क पर अंदर से कटान हो गया। इस कारण ये धंस गई। इसमें पानी भरा हुआ दिख रहा है। फिलहाल पूरे मामले की स्ट्रक्चरल जांच की जाएगी। आखिर ये सड़क धंसी क्यो। बता दे ये रोड आगे डीएससी और अंडरपास के जरिए नोएडा




■ बेरीकेड कर यातायात को किया गया डायवर्ट
■ सीवर लाइन में लिकेज की वजह से हुआ कटान

ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस को कनेक्ट करती है। पीक आवर में यहां हैवी ट्रैफिक रहता है।

इससे पहले भी नोएडा में सड़क धंसने की घटना होती रही है। लेकिन वो सभी घटनाए परियोजनाओं के निर्माण के दौरान हुई है। इसमें सबसे ज्यादा नोएडा-ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे पर सड़क धसी।

जिसे बाद में ट्रैफिक को डायवर्ट कर ठीक किया जाता रहा। पहली बार है नोएडा की एमपी-2 का इतना बड़ा हिस्सा धंसा हो। इससे यातायात प्रभावित है। हालांकि अभी तक प्राधिकरण की ओर से किसी की जिम्मेदारी को तय नहीं किया गया है।

## आगरा में होगा उद्यमी महासम्मेलन, सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे शिरकत

**नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। उद्योगपतियों व उद्योग धंधों से जुड़ी समस्याओं का समाधान शासन स्तर पर किस प्रकार किया जाए। इसको लेकर 11 अक्टूबर को आगरा के एनसीसी कुंजवाल एंड कंवेंशन सेंटर में उद्यमी महासम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ स्वयं मौजूद रहेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री,




अपर मुख्य सचिव, औद्योगिक एवं अवस्थापना, नोएडा, ग्रेटर नोएडा के अध्यक्ष इस सम्मेलन का हिस्सा होंगे। बताया गया कि लखनऊ में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले ये काफी महत्वपूर्ण सम्मेलन है।

इस सम्मेलन में एमएसएमई वर्ग के उद्यमी भी हिस्सा लेंगे। लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष एलबी सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन में उद्यमियों की समस्याओं को सुना जाएगा। साथ ही मौके पर उसका समाधान निकाला जाएगा। समस्याओं को सीएम के समक्ष रखा जाएगा। ताकि त्वरित उसका निस्तारण किया जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने संगठन को निर्देशित किया है कि प्रदेश के सभी जनपद के पदाधिकारी अपनी समस्या बताए जिनका समाधान सम्मेलन के जरिए शासन स्तर पर किया जाएगा। सम्मेलन में पूरे प्रदेश के लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

बता दे हाल ही में हुई इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रदेश को निवेश के लिए 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए गए थे। जिनको जमीन पर उतारना है। इसके लिए लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी अक्टूबर में आयोजित होने जा रही है। इस सेरेमनी के लिए प्रदेश के सभी प्राधिकरण और जिला उद्योग केंद्रों को टारगेट भी दिया गया है। वहीं उद्यमियों को ग्राउंड स्तर पर कुछ समस्या भी आ रही है। ये समस्या एमएसएमई वर्ग के उद्यमियों को ज्यादा है। इसलिए उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए ये सम्मेलन किया जा रहा है। एलबी सिंह ने बताया कि सम्मेलन की सभी तैयारी पूरी की जा चुकी है।

## बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर बैंक से लूटे 6 लाख



**बुलंदशहर,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोतवाली देहात क्षेत्र के नीमखेड़ा गांव स्थिति इंडियन ओवरसीज बैंक में तीन नकाबपोश बदमाशों ने हथियारों के बल पर स्टाफ को बंधक बनाकर बैंक लूट लिया। दिनदहाड़े बैंक लूट की वारदात से जहां इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं वारदात ने पुलिस सुरक्षा की पोल खोल दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लूट की वारदात का जल्द खुलासा करने का दावा जरूर कर रही है, लेकिन पुलिस के हाथ फिलहाल खाली बताए जा रहे हैं। इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा में आज दिनदहाड़े असलहा से लैस बाइक सवार तीन लुटेरे बैंक में घुसे और स्टाफ को गन पॉइंट पर लेकर करीब 6 लाख रुपए कैश लूटकर फरार हो गए। बताया जा रहा है तीनों नकाबपोश बदमाशों के हाथों में असलाह थे, लुटेरों ने गन पॉइंट पर लेकर स्टाफ और बैंक ग्राहक को बंधक बनाया और कैशियर के केबिन में घुसकर करीब 06 लाख रुपए की नकदी लूट ली। लुटेरों ने बैंक में आधा घण्टे तक तांडव मचाया और बैंक लूट की वारदात को अंजाम देकर बाइक से फरार हो गए। जैसे ही घटना की सूचना पुलिस तक पहुंची तो एसएसपी समेत पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचे और बैंक स्टाफ से घटना की जानकारी हासिल की। पुलिस अफसरों ने सीसीटीवी की पड़ताल भी की। बताया जा रहा है कि लूट की पूरी वारदात बैंक में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एसएसपी श्लोक कुमार ने बैंक लूट की वारदात का जल्द खुलासा करने का दावा किया है। हालांकि दिनदहाड़े बैंक लूट की वारदात ने न सिर्फ बदमाशों के बुलंद हौसलों को जाहिर कर दिया है, बल्कि पुलिस सुरक्षा के दावे की भी हवा को खारिज कर दिया है।

## नगर आयुक्त ने किया शहर का भ्रमण

### ग्रैप के चलते व्यवस्थाओं को संभालने के दिए निर्देश

**गाजियाबाद,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने आज प्रात: भ्रमण के दौरान वसुंधरा ज़ोन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान समस्त विभागीय अधिकारी तथा जोनल प्रभारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु बेहतर व्यवस्था करने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त ने वसुंधरा जोन के अंतर्गत सेक्टर-8, सेक्टर-10 के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के साथ-साथ खुले में पड़े हुए कंस्ट्रक्शन मटेरियल का भी जायजा लिया। मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निगम अधिकारियों सहित वसुंधरा के आंतरिक वार्डों में भी निरीक्षण किया गया जिसमें वार्ड संख्या 61 के मुख्य मार्ग का जायजा लिया गया कनवानी पुलिया से के आसपास धूल मुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए।

गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर हित में वृहद स्तर पर कार्रवाई कर रहा है इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक



रात्रि भ्रमण तथा प्रात: भ्रमण भी कर रहे हैं जिसके दौरान आने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान भी कर रहे हैं वायु प्रदूषण की रोकथाम पर गाजियाबाद नगर निगम का विशेष कार्य चल रहे हैं जिसमें सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों में तेजी ला रहे हैं, निरीक्षण के क्रम में ही नगर आयुक्त द्वारा आर आर टी साहिबाबाद का भी जायजा लिया गया, मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण, डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी, जोनल प्रभारी राजवीर सिंह व अन्य टीम उपस्थित रही।

### छठ पर्व के उपलक्ष्य में हिंडन नदी की स्वच्छता के लिए चले महा सफाई अभियान, पूर्वांचल समाज करें विशेष योगदान : नगर आयुक्त

जनसुनवाई के दौरान शहर के निवासियों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखा जिस पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए इसी क्रम में पूर्वांचल समाज के लोग भी नगर आयुक्त से मिले जिनके द्वारा महापर्व छठ की तैयारी के लिए विशेष व्यवस्था करने के लिए पत्र नगर आयुक्त महोदय को सोपा, शहर में दीपावली तथा छठ महापर्व पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने के लिए अपना विषय रखा, नगर आयुक्त महोदय द्वारा संबंधित विषय पर चल रही तैयारी के बारे में अवगत कराया गया।

## जीडीए ने आयोजित किया समाधान दिवस, आज कोई प्रकरण नहीं आया


**गाजियाबाद,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में सोमवार को प्रात: 10:00 बजे से 02:00 बजे तक जनहित गारन्टी अधिनियम से आच्छादित सेवाओं (सम्पत्तियों के नामान्तरण/रिफंड/डुप्लीकेट आर्डर/ फ्री-होल्ड) के सम्बन्ध में जनहित पोर्टल




पर ऑन लाईन प्राप्त होने वाले आवेदनों का निस्तारण हेतु समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में आज कोई भी प्रकरण प्राप्त नहीं हुआ। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि

22 मई से 18 सितम्बर तक कुल नामान्त्रण के 1859 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। समाधान दिवस में सहायक प्रभारी सम्पत्ति/व्यवसायिक के अतिरिक्त प्राधिकरण के समस्त वरिश्ठ सहायक/लिपिकगण उपस्थित रहें। आम जनता से अनुरोध है कि पोर्टल पर समय पर निस्तारण होने पर प्रत्येक सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में उपस्थित होकर अपनी समस्या का निस्तारण करायें तथा किसी भी व्यक्ति, दलाल तथा एजेण्ट के झांसे में न आयें।

## जीआईएससर्वे आधारित नोटिस से न घबराए शहरवासी :महापौर



**गाजियाबाद,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में कुछ समय पहले नए ग्रहकर का निगम में समायोजन करने के लिये जीआईएस सर्वे कराया गया था। जिसके लिए सदन ने भी सर्वे का विरोध किया था। लेकिन अब महापौर सुनीता दयाल ने जीआईएस सर्वे पर आधारित नोटिस शहर में न भेजने के निर्देश किये हैं। महापौर सुनीता दयाल ने मुख्य कर अधिकारी डॉ. सिन्हा के साथ शहर में नोटिस द्वारा हो रही परेशानी के समाधान हेतु वार्ता की गई और कहा गया है कि जनता उत्तर प्रदेश नगर निगम ग्रहकर नियमावली 2000 के अंतर्गत नए भवनों का सेल्फ असिसमेन्ट करेगी जिसमे कवर्ड एरिया, ओपन एरिया,भवन की लंबाई चौड़ाई, कच्चा/पक्का, आवासीय/अनावासीय एवं अन्य विवरण दिया जाएगा, भवन स्वामी के स्वम सत्यापन के उपरांत ही ग्रहकर लगाया जाएगा एवं नियमावली के अनुसार सेल्फ असिसमेन्ट में गलत सूचना देना पर 2 लाख का जुर्माना भी है।

इसके साथ साथ सभी ज़ोन में ग्रहकर, म्यूटेशन,एवं टैक्स रिवाइज की सभी जानकारी बोर्ड पर लगवाई जाए जिससे भवन स्वामी को कोई परेशानी न हो सके लेकिन शहरवासी जल्द से जल्द ग्रहकर लगवाए ताकि ग्रहकर में किसी प्रकार की गड़बड़ी न कि जा सके। महापौर ने शहरवासियों से अपील की है कि अपना ग्रहकर अधिकतर ऑनलाइन जमा करवाए ऑनलाइन की सुविधा भवन स्वामी के ग्रहकर जमा करने में आसानी के लिए है उसका फायदा उठवाए।

उवाच "

फिल्म सिटी में निवेश को लेकर कई प्रोडक्शन हाउस सामने आए हैं। अब तक कई प्रोडक्शन हाउस के प्रतिनिधि साइट का निरीक्षण कर चुके हैं। सोमवार को बोनी कपूर के प्रोडक्शन हाउस बीएसके इंटरटेंमेंट के लाइन प्रोड्यूसर विनोद कुमार बिन्नी मिले और परियोजना के संबंध में जानकारी ली। फिल्म सिटी में निवेश की इच्छा जताई है।

**डॉ. अरुणवीर सिंह, यमुना प्राधिकरण सीईओ**



# किसान सभा ने प्राधिकरण पर 237 निरस्त लीजबैक प्रकरणों को लेकर किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासन स्तर पर किसानों के 237 लीजबैक प्रकरणों को निरस्त किए जाने के विरोध में सोमवार किसान सभा के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर

- **प्राधिकरण अधिकारियों ने दो हफ्ते में मसले को हल करने का दिया ठोस आश्वासन**
- **किसान सभा ने ठोस आश्वासन पर धरने को समाप्त करने की घोषणा की**

किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे किसानों के बीच आज प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमदीप डुली ने दो सप्ताह के अंदर उनके मसले को हल करने का ठोस आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने जाकर धरना प्रदर्शन समाप्त किया। किसान सभा के घोषित कार्यक्रम के अनुसार सैकड़ो की संख्या में जिनमें महिलाओं की संख्या भी सैकड़ो में थी





जैतपुर गोल चक्कर पर इकट्ठे होकर जुलूस की शक्ल में प्राधिकरण की ओर जबरदस्त नारेबाजी करते हुए कूच किया। प्राधिकरण के दूसरे गेट पर जबरदस्त नारेबाजी धरना प्रदर्शन करते हुए लोग धरने पर बैठ गए। धरने की अध्यक्षता बाबा रामचंद्र ने की संचालक किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने किया। किसान सभा के अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि लीज बैक के शासन स्तर पर लंबित 533 प्रकरणों और बादलपुर के 208 प्रकरणों को अनुमोदित करने का दबाव किसान सभा ने बनाया था जिस पर लिखित समझौता 16 सितम्बर को हुआ था लिखित समझौते में 31 अक्टूबर से पहले ही शासन स्तर पर लंबित लीज बैक प्रकरणों को प्राधिकरण ने अनुमोदित कराने का वादा किया था।

परंतु 4 अक्टूबर को शासन स्तर से आई चिट्ठी में 533 में से 296 मामले अनुमोदित कर दिए गए और 237 मामले अनुमोदन के बजाय खारिज कर दिए गए हैं जिससे किसानों में आक्रोश फैल गया किसान सभा ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अफसरो से शासन की भेजी चिट्ठी को निरस्त करने के लिए कहा है अफसरों द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने से धरना प्रदर्शन किया गया। धरना स्थल पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमनदीप डुली ज्ञापन लेने पहुंचे अमनदीप डुली ने धरनारत किसान सभा के लोगों को अवगत कराया कि प्राधिकरण सभी 237 मामलों में तथ्यात्मक जानकारी शासन को उपलब्ध कराते हुए अनुमोदन की कार्रवाई करवाएगा। शिफ्टिंग के सभी मामलों में संपूर्ण रकबे की शिफ्टिंग पर किसान सभा के साथ लिखित में सहमति बन चुकी है शासन स्तर पर लंबित शिफ्टिंग के ड्राफ्ट को भी दुरुस्त कराया जाएगा साथ ही आश्वासन दिया की बादलपुर और चौगानपुर के 208 प्रकरणों को यथावत अनुमोदित कराया जाएगा। इस कार्रवाई के लिए दो से तीन हफ्ते के समय की मांग की है प्राधिकरण के ठोस आश्वासन के आधार पर संयोजक वीर सिंह नागर ने ज्ञापन सौंपते हुए दो से तीन हफ्ते का समय प्राधिकरण को देते हुए धरने के समाप्ति की घोषणा।

# भाकियू लोकशक्ति ने स्किल विवि बनाने की यीडा सीईओ से रखी मांग

**ग्रेटर नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह ने सोमवार को यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरूणवीर सिंह के साथ बैठक कर स्किल विवि के लिए जमीन चिन्हित करने की मांग रखी। साथ ही सरकार द्वारा यमुना एक्सप्रेस वे क्षेत्र में प्रस्तावित छह नए थानों के संबंध शीघ्रता से कार्रवाई हेतु पुलिस आयुक्त को पत्र लिखने एवं ईएसआई अस्पताल बनाने की मांग रखी। जिस पर सीईओ ने इस पर जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। 2 जून 2011 के शासनदेश के अनुसार किसानों को न्यूनतम मजदूरी प्रस्ताव व 11 एक और 11 दो की अन्तर धनराशित का प्रस्ताव बोर्ड में रखे जाने की भी मांग रखी। प्राधिकरण के गांवों का पेरीफेरल रोड बनाया जाने व मुर्दा मवेशी के लिए टेंडर



दिए जाने एवं भूमि चिन्हित करने की सीईओ ने सहमति दी। घरौली का प्रस्ताव प्राधिकरण क्षेत्र में बनाये जाने हेतु शासन से मंजूरी प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। 2009,2010,2011 में ग्रामसभा की आबादी पर पुरानी आबादी पुनग्रहित हो गई है। इसे शासनादेश के अनुसार छोड़े जाने व लीज बैक में ब्याज माफी संबंधित प्रकरण पर शासन से आदेश प्राप्त होने पर सीईओ ने कार्रवाई का आवश्वासन दिया। गांव दनकौर, जगनपुर अफजलपुर एवं फतेहपुर अट्टा गांवों का अंतिरिक्त मुआवजा वितरण एडीएम एलए से किए जाने का प्रस्ताव बोर्ड से किया जा चुका है। जल्द ही इन गांवों में मुआवजा वितरण शुरू कर दिया जाएगा। सीईओ से वार्ता के दौरान भाकियू लोकशक्ति के दीपक चौधरी, राकेंद्र मलिक, लखन चौधरी, विनोद चौधरी, प्रमोद शर्मा, उदयभान मलिक आदि लोग मौजूद थे।

# जमीन खरीद में यमुना प्राधिकरण ने किसानों के हित में लिया फैसला

**ग्रेटर नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। जमीन खरीद मामले में किसानों की सहूलियत के लिए यमुना प्राधिकरण ने अहम फैसला लिया है। अगर खतौनी में किसी तरह की दिक्कत है तो जमीन खरीदते समय बैनामे में उसका शुद्धीकरण हो जाएगा। इससे किसान को मुआवजा मिलने में समय नहीं लगेगा। कई ऐसे मामले सामने आए, जिसमें बताया गया कि खतौरी में नाम सत्ते पुत्र रामकुमार है और बैंक खाते में नाम सत्यकुमार पुत्र रामकुमार है। बैनामे में यह शुद्धिकरण कर दिया जाएगा। इससे किसानों को समय पर मुआवजा मिल सकेगा। सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि अब किसानों की आने वाली शिकायतों का निस्तारण गांव वाइज किया जाएगा। इसके लिए हर गांव में अलग रजिस्टर बनेगा। इसकी हर सप्ताह समीक्षा होगी। इसमें लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## यीडा आवासीय भूखंड योजना के आवेदकों की अंतिम सूची की जारी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने आवासीय भूखंड योजना में आवेदन की फाइनल सूची जारी कर दी है। 1184 आवासीय भूखंडों की योजना में 130537 आवेदन आए हैं। यही आवेदक ड्रा में शामिल होंगे। ड्रॉ 18 अक्टूबर को निकाला जाएगा। योजा में 120 मीटर भूखंड के लिए 31124 आवेदन, 162 के लिए 20953, 200 के लिए 55664, 300 के लिए 17328, 500 के लिए 3705, 1000 के लिए 1144 और 2000 वर्ग मीटर के भूखंड के लिए 639 आवेदन आए हैं।

# यमुना फिल्म में बोनी कपूर, अजय देवगन, अक्षय कुमार कंगना रनौत में निवेश को लेकर बढ़ी होड़

**ग्रेटर नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-21 में प्रस्तावित फिल्म सिटी को विकसित करने के नियमों में बदलाव के बाद इस महत्वपूर्ण परियोजना के सफल होने की उम्मीद बढ़ हैं। फिल्म निर्माता व निर्देशक बोनी कपूर, अजय देवगन, अक्षय कुमार, फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म सिटी में निवेश करने की इच्छा जताई है।

कंपनी के प्रतिनिधि साइट का निरीक्षण कर चुके हैं। सोमवार को बोनी कपूर के प्रतिनिधि प्राधिकरण के सीईओ से मिले। इसके अलााव परियोजना की सफलता के लिए प्राधिकरण 26 अक्टूबर के बाद मुंबई में रोड शो की तैयारी कर रहा है। परियोजना को लेकर निकाले गए ग्लोबल टेंडर की प्री बिड 26 अक्टूबर को है। एक हजार एकड़ में प्रस्तावित यमुना फिल्म सिटी मुख्यमंत्री योगी आदित्यना का ड्रीम प्रोजेक्ट है। मुख्यमंत्री खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। फिल्म सिटी को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा। पहला चरण 230 एकड़ में विकसित होगा। पूर्व में निकाले गए ग्लोबल टेंडर में सिर्फ एक ही कंपनी आगे आई थी।



- **सेक्टर-21 में प्रस्तावित फिल्म सिटी विकसित करने को लेकर नियम में बदलाव होने पर निवेश को लेकर बढ़ी रूचि**
- **फिल्म सिटी को लेकर प्राधिकरण 26 अक्टूबर को करेगा मुंबई रोड शो**

फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने कुछ नियमों पर आपत्ति जताई थी। इस पर शासन ने सुझाव मांगे थे। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों की मांग पर लाइसेंसिंग पीरियड 90 साल कर दिया गया है, जो पहले 60 साल का था। पहले मोरोटोरियस पीरियड 4 साल का था, जिसे बढ़ाकर अब 7 साल कर दिया गया है। पहले रेवेन्यू शेयरिंग फिक्स प्रीमियम 116 करोड़ रुपए और लाभांश में हिस्सेदारी थी। अब केवल लाभांश में हिस्सेदारी है। यह कुल लाभांश का पांच प्रतिशत होगा। इसी से बिडिंग शुरू होगी। चयनित कंपनी को कम से कम 10 हजार वर्गमीटर के भूखंड को सब लाइसेंस देने की अनुमति रहेगी। अब दोबारा से ग्लोबल टेंडर निकाला गया है, जिसकी प्री बिड 26 अक्टूबर को होगी।

प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि फिल्म सिटी में निवेश को लेकर कई प्रोडक्शन हाउस सामने आए हैं। अब तक कई प्रोडक्शन हाउस के प्रतिनिधि साइट का निरीक्षण कर चुके हैं। सोमवार को बोनी कपूर के प्रोडक्शन हाउस बीएसके इंटरटेंमेंट के लाइन प्रोड्यूसर विनोद कुमार बिन्नी मिले और परियोजना के संबंध में जानकारी ली। फिल्म सिटी में निवेश की इच्छा जताई है। मुंबई में 26 अक्टूबर को रोड शो कर फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को आमंत्रित कर उनके सामने प्रजेंटेशन देने की तैयारी चल रही है।

# भाकियू की महापंचायत अनिश्चितकालीन धरने में तब्दील



**ग्रेटर नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत जीरो पॉइंट पर किसानों की समस्याओं को लेकर हुई हुई, जिसकी अध्यक्षता सरदार अमरजीत सिंह एवं संचालक राजीव मलिक एवं सुनील प्रधान ने किया। इस दौरान तीनों प्राधिकरण के अधिकारी एसडीएम अभय प्रताप, जेवर ओएसडी शैलेंद्र सिंह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ओएसडी हिमांशु शुक्ला, नोएडा प्राधिकरण ओएसडी डीपी सिंह पुलिस प्रशासन एवं एलआईयू की मौजूदगी में वार्ता हुई, जिसमें

- **तीनों प्राधिकरण के अधिकारियों की वार्ता में नहीं मिला संतोषजनक जवाब**

अधिकारियों ने दो महीने का समय मांगा, जिसमें संतोषजनक जवाब न देने के कारण किसानों ने उनका विरोध किया और किसानों ने निर्णय किया कि आगे अनिश्चितकालीन धरना चलता रहेगा। इस मौके पर पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना, राजीव मलिक, सरदार मंजीत सिंह, हरेंद्र भाटी, सुनील प्रधान, राजे प्रधान, मटरू नागर, बेली भाटी, रॉबिन नागर, विनोद शर्मा, अमित डेढा, चाहत राम, मास्टर सुबेराम, मास्टर गजेंद्र चौधरी, अनित कसाना, सुरेंद्र ढाक, योगेश भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# पांच हजार रुपए और इससे अधिक के ई-स्टाम्प की बिक्री पर लगी रोक

**ग्रेटर नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में रुपए 5000 और इससे अधिक मूल्य के ई-स्टाम्पों पर तत्काल रोक लगाई गई है। स्टाम्प के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कलेक्ट्रेट कंपाउंड सूरजपुर शाखा में कैस चालान अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करनी होगी धनराशि। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोषागार में 1490842160 के स्टाम्प पेपर उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जनवरी 2020 से स्टांप की नगद बिक्री को बंद कर दिया गया था, यह कदम ई स्टाम्प व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। जून 2023 में तत्कालीन अपर मुख्य सचिव वित्त सेवाएं दीपक कुमार ने आदेश जारी किया, जिसमें रुपए 5000 और इससे अधिक के भौतिक स्टाम्प

- **भौतिक स्टाम्प का स्टॉक खत्म होने तक लगी रहेगी रोक**
- **पांच हजार रुपए से ऊपर की बिक्री पर कोषागार से मिलेगा स्टाम्प, बैंक में जमा करनी होगी धनराशि**

की जानकारी मांगी गई, जिसके क्रम में मुख्य कोषागार कार्यालय प्रशासन ने सभी स्टाम्पों की जांच कराई, इसमें 149842160 के स्टाम्पों का स्टॉक पाया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना विकास प्राधिकरण एवं सहायक महानिरीक्षक निबंधन व उप निबंधकों को निर्देश दिए कि 5000 और इससे अधिक के ई-स्टाम्पों की बिक्री पर रोक लगा दी जाए साथ ही यह भी कहा कि जब तक भौतिक स्टांप का स्टॉक खत्म नहीं हो जाएगा तब तक ई-स्टाम्प की बिक्री नहीं होगी।

वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता ने यह भी बताया कि कोषागार में कैश जमा नहीं होगा ड्राफ्ट के माध्यम से कोषागार से स्टांप जारी होगा। स्टांप खरीदने के लिए भारतीय स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट कंपाउंड सूरजपुर में कैश अथवा चालान जमा करने एवं सत्यापन के उपरांत स्टांप प्राप्त किया जा सकते हैं।

# गंगाजल पाइप लाइन फटने का समाधान खोजेंगे दिल्ली आईआईटी के इंजीनियर

- **ग्रेटर नोएडा में आए दिन गंगाजल पाइप चोक होने से आए दिन हो रही पानी की बर्बादी**
- **दिल्ली आईआईटी की टीम ने कई लाइन का मुआयना कर लिया सैंपल**

**ग्रेटर नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। बार-बार चोक हो रही गंगाजल पाइप लाइन को दुरुस्त करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दिल्ली आईआईटी का सहारा लिया है। दिल्ली आईआईटी ने लाइन का मुआयना करके कुछ सैंपल भी लिए हैं। अब वह इसका अस्थाई समाधान बताएंगे ताकि गंगाजल की आपूर्ति सुचारु रूप से की जा सके।

ग्रेटर नोएडा ईस्ट के कई सेक्टर में गंगाजल की आपूर्ति शुरू की गई है। आपूर्ति शुरू होते ही लाइन पुरानी होने के चलते जगह-जगह चोक हो जाती है। अल्फा, बीटा, गामा आदि सेक्टर की आपूर्ति में यह दिक्कत आती है। यह परियोजना 2005 में शुरू की गई थी। गंगाजल प्लांट शुरू नहीं हो पाया था। जमीन विवाद के चलते मुख्य लाइन भी नहीं पड़ी थी। हालांकि सेक्टर में पाइप लाइन डाल दी गई थी। अब गंगाजल की आपूर्ति शुरू की गई है। पानी का प्रेशर आते ही लाइन चोक हो जाती है। इससे आपूर्ति भी बाधित रहती है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भी इस लाइन में पानी प्रेशर देता रहता है ताकि लीकेज का पता चल सके। अब इस दिक्कत को दूर करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने प्रयास शुरू किए हैं। इसके लिए दिल्ली आईआईटी से संपर्क किया गया है। आईआईटी ने पाइप लाइन में जहां दिक्कत आ रही है, उसको देखा है। कुछ सैंपल भी लिए हैं। अब आईआईटी इसका समाधान बताएगी। ओएसडी जितेंद्र गौतम ने बताया कि सुचारु गंगाजल आपूर्ति के लिए प्रयास चल रहे हैं। जो भी कमियां हैं, उन्हें दूर किया जा रहा है।


ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 08008, 8th Floor, Tower-Durian, Mahagun Mywoods, Sector-16C, Area-114.73 Sqm., Greater Noida जो कि Sh. Ajay Kumar Bajpai & Mrs. Sunita Bajpai निवासी 2/382, Vinamra Khand-2, Gomti Nagar, Lucknow, U.P.-226010 के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक 27.09.2017 को पंजीकृत है। Sh. Ajay Kumar Bajpai की मृत्यु के उपरान्त उनके पत्नी व पुत्र Mrs. Sunita Bajpai & Somen Bajpai & Abir Bajpai (16 Years Minor) ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Sunita Bajpai W/o Late Sh. Ajay Kumar Bajpai & Somen Bajpai S/o Late Sh. Ajay Kumar Bajpai & Abir Bajpai (16 Years Minor) S/o Late Ajay Kumar Bajpai का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड सं0-1, सैक्टर-नॉलिज पार्क-04, ग्रेटर नौएडा सिटी, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण आवासीय भूखण्ड योजना BHS06 में Sh. George Paul के पक्ष में आवंटन संख्या BHS0673962, भवन संख्या A-54, क्षेत्रफल-200 वर्गमीटर, सैक्टर Sigma-03 ग्रेटर नौएडा के आवंटी है। आवंटी Sh. George Paul की मृत्यु दिनांक 10.05.2022 को होने के उपरान्त Sh. Denis Paul S/o Late Sh. George Paul ने उक्त भूखण्ड/भवन को अपने नाम नामान्तरण करने हेतु प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। नामान्त इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों Sh. George Paul के स्थान पर उनके पुत्र Sh. Denis Paul S/o Late Sh. George Paul के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेषकार्याधिकारी, सम्प0
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009


# आत्महत्या को उकसाने वाला गिरफ्तार

**रबूपुरा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। गत माह कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हुई महिला की मौत के मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर तलाश जारी है। पुलिस अनुसार 29 सितम्बर को गांव मेहंदीपुर निवासी व्यक्ति ने अपनी पत्नी सन्नो की हत्या का आरोप लगाते हुए आस मोहम्मद, नन्हे व यासीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

दौराने विवेचना हत्या की धारा के स्थान आत्महत्या के लिए उकसाने की बढ़ोत्तरी की गई तथा सोमवार को मामले में नामजद आरोपी आसमोहम्मद पुत्र हनीफ को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जाता है कि आस मोहम्मद के उकसाने पर पीड़ित की पत्नी ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली थी।

# लखनऊ में शिक्षक संघ के धरना प्रदर्शन में जिले के शिक्षक हुए शामिल

**ग्रेटर नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व डॉ. दिनेश चंद शर्मा के आह्वान पर शिक्षा निदेशालय लखनऊ में समस्त प्रदेश के सभी जनपदों आए लाखों शिक्षकों ने विशाल धरने प्रदर्शन में प्रतिभाग किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षक के शोषण करने वाले आदेशों को तुरन्त निरस्त किए जाए। जनपद गौतमबुद्ध नगर की तरफ से मांडलिक संगठन मंत्री को लाखों शिक्षकों के समक्ष अपने विचार रखने का अवसर मिला और कहा कि अगर हम मजबूत रहे तो अधिकारियों को शिक्षक हित में कार्य करने होंगे। इस विशाल धरने प्रदर्शन में गौतमबुधनगर से सैकड़ो शिक्षक-शिक्षकाओं ने प्रतिभाग किया। इस विशाल धरने में मांडलिक संगठन मंत्री मेघराज



भाटी, जिला संरक्षक अशोक शर्मा, जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, बलेराम नागर जगवीर भाटी, हेमराज शर्मा, रवि भाटी, स्मिता सिंह, रजनी यादव, दीवान सिंह, सतीश नागर, सुरेश नागर, हेमंत सिंह, भगवत स्वरूप शर्मा, ठाकुर विनोद सिंह, राजीव शर्मा, अमित निमेष, कुलदीप नागर, मो असलम, मुनीश चौधरी, अनिल चौधरी, मनोज गुर्जर आदि शामिल हुए।

# विश्व खाद्य दिवस पर बच्चों के लिए कार्यशाला आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल, स्वर्णनगरी, ग्रेटर नोएडा में विश्व खाद्य दिवस आयोजित किया गया, जिसमें प्री प्राइमरी के छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। छात्रों के लिए रेडिसन होटल के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया,



जिसमें छात्रों ने टेबल मैनर्स सीखें। अध्यापिकाओं द्वारा रचित फूडमार्ट का भ्रमण करवाया गया। छात्रों ने अलग-अलग तरह के पकवान बनाये जैसेदृ नारियल लड्डू, सैंडविच, प्लेवे स्कूलों को भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। छात्रों ने बड़े उत्त्साह से भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. रेणू सहगल ने छात्रों को खाने के नियमों के बारे जानकारी दी और अनुसरण करने को कहा।


ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर-के0पी0-4, ग्रेटर नौएडा सिटी जिला-गौतमबुद्ध नगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अल्फा आवासीय भूखण्ड योजना के अन्तर्गत भवन संख्या, सी-486 क्षेत्रफल 60 वर्गमीटर, सैक्टर-अल्फा-1, अलॉटमेन्ट नं0 A014333 ग्रेटर नौएडा GOVERDHAN के पक्ष में पंजीकृत है। आवंटी GOVERDHAN की मृत्यु दिनांक 27.06.2021 को हो गई है। मृतक आवंटी GOVERDHAN के पुत्र MUKESH KUMAR S/O LATE SH. GOVERDHAN ने उपरोक्त भूखण्ड अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन किया गया है। इस म्यूटेशन/नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्वर्गीय SH. GOVERDHAN के स्थान पर उनके पुत्र MUKESH KUMAR के नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबूपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 10 अक्टूबर 2023

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## बेहद अहम हैं ये विधानसभा चुनाव

केन्द्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को जिन 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा की गई है वे अनेक मायनों में महत्वपूर्ण हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विभिन्न चरणों में घोषित किये गये इन चुनावों को एक तरह से देश के सबसे बड़े सियासी टूर्नामेंट यानी लोकसभा चुनाव-2024 के सेमी फाइनल के रूप में देखा जा रहा है। दो बार केन्द्र में सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी, खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये अगला चुनाव तो चुनौतीपूर्ण माना ही जा रहा है, मौजूदा सियासी हालात में ये विधानसभा चुनाव भी उनके लिये कोई कम तकलीफदेह नहीं साबित होने जा रहे हैं।

पिछले दो लोकसभा चुनावों में बिखरे हुए विपक्ष का फायदा उठाते हुए भाजपा ने बड़ी जीतें दर्ज की थीं, लेकिन अब वैसी स्थिति नहीं रह गयी है। 28 दलों ने 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) के नाम से जो संयुक्त प्रतिपक्ष बनाया है, उसका असर लोकसभा चुनावों में तो दिखेगा ही, विधानसभा चुनावों में कांग्रेस बढ़े हुए नैतिक बल के साथ पांचों प्रदेश के चुनावी मैदान में उतरेगी क्योंकि उसी के नेतृत्व में यह गठबन्धन बना है। फिर, सभी राज्यों में वही मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। राजस्थान, छग, मप्र व मिजोरम में तो वह पहले से ही मुकाबले में थी, तेलंगाना में भी अब मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ भारत राष्ट्रीय समिति एवं कांग्रेस के ही बीच का हो गया है। इस जगह पर पहले भाजपा थी पर अब उसकी स्थिति तीसरे नंबर पर बताई जा रही है। राजस्थान एवं छग में तो उसी की सरकारें हैं, मप्र में भी 2018 का चुनाव कांग्रेस ने जीता था लेकिन भाजपा ने दलबदल कराकर बहुमत का जुगाड़ कर लिया था और सूबे की सत्ता हथिया ली थी।

इन पांच राज्यों के चुनाव इसलिये भी बहुत महत्वपूर्ण हो गये हैं क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में जीत का रास्ता इसी पर से होकर खुलेगा। भाजपा की घबराहट इसलिये है क्योंकि वह पिछले दो विधानसभा चुनाव हार चुकी है- हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के। दोनों ही राज्य उसने कांग्रेस के हाथों गंवाए हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने ही पिछले यानी 2018 के चुनाव में जीत दर्ज की थी लेकिन कई राज्यों की तरह विरोधी दलों के विधायकों को येन केन प्रकारेण अपने खेमे में लाकर भाजपा ने यहां सरकार बना ली थी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट भी भाजपा ने उपचुनाव में इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी के आगे खोई है।

यह ऐसा चुनाव होने जा रहा है जिसमें सभी राज्यों में भाजपा की परेशानियों के अलग-अलग सबब हैं लेकिन प्रकारान्तर से जो कॉमन फैक्टर्स हैं, उनमें दो-तीन तो बड़े साफ हैं। पहला तो यह है कि मोदी का चेहरा किसी भी राज्य में अब खुद भाजपा के लिये स्वीकार्य नहीं रह गया है क्योंकि वे कर्नाटक एवं हिमाचल प्रदेश में इसकी दुर्गति देख चुके हैं। दूसरे, कम से कम मप्र, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में वह बेहद विभाजित दिख रही है और तीनों ही जगहों पर उसके पास 'मोदी नहीं तो कौन?' वाला मसला है। मध्यप्रदेश में मोदी की नाराजगी वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ इस कदर है कि अपनी पिछली तीन चुनावी सभाओं में उन्हें चौहान का नाम लेना तक गवारा नहीं हुआ और न ही उन्होंने सरकार के किसी काम या उपलब्धियों का ज़िक्र तक किया। साथ ही, भाजपा के 7 सांसदों को विधायकी का टिकट दिया गया है जिससे जनता में साफ संदेश गया है कि अगर पार्टी यहां जीत हासिल करती है, जिसकी सम्भावना न के बराबर बतलाई जाती है, तो सीएम पद के लिये और हारती है (जिसके पूरे-पूरे लक्षण हैं) और नेता प्रतिपक्ष के लिये सिर फुटौव्वल तय है। ऐसे ही, राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया भी हाशिये पर डाल दी गई हैं। जहां तक छत्तीसगढ़ की बात है, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह चुनाव तो लड़ रहे हैं लेकिन उन्हें अब तक सीएम का चेहरा घोषित नहीं किया गया है। यहां भी कुछ सांसद चुनाव लड़ रहे हैं। वैसे यहां भाजपा को काफी मेहनत की ज़रूरत है।

इन चुनावों में भाजपा के सामने मुद्दों का भी अभाव है। कर्नाटक में उसका पहले कई बार का आजमाया व सफल हुआ ध्रुवीकरण का दांव बेकार हो चुका है, जो उसके लिये चिंता की बात है। अपने करीब चार वर्षों के शासनकाल में उस राज्य में हिजाब से लेकर ऐन चुनाव के पहले तक बजरंगबली का खेल खेलने की कोशिश जरूर हुई परन्तु जनता ने उसे नकार दिया। इसके विपरीत कन्नड़ जनता ने कांग्रेस के सशक्तिकरण के रास्ते को पसंद किया। राजस्थान व छत्तीसगढ़ में जिस तरीके से जमीनी मुद्दों को सरकारों ने तरज़ीह दी है और लोगों का सशक्तिकरण किया है, वह सारा कुछ लोगों के ध्यान में आ रहा है। राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना की बहाली तथा सस्ते सिलेंडरों की सप्लाई से लेकर छग में न्याय योजनाओं की सफलता, किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर न्यूनतम समर्थन मूल्य आदि जैसे कदम भी लोगों को भा रहे हैं। उधर मप्र में प्रशासकीय असफलताओं से चौहान की दिक्कतें काफी बढ़ी हैं।

इन राज्यों में सीधा मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच होने से कांग्रेस को कर्नाटक व हिप्र की तरह का फायदा मिल सकता है। कुछ छोटे दल भी चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन लगता नहीं कि उनसे भाजपा को कोई फायदा मिल सकेगा क्योंकि अब मतदाता इस पर बहुत ध्यान नहीं दे रहे हैं। भाजपा व उसके समर्थकों की इसे अंतर्विरोध बतलाने की कोशिशें भी नाकाम हो रही हैं। वे जानते हैं कि इंडिया गठबन्धन लोकसभा के लिये है।

# अघोषित इमरजेंसी या घोषित चुनावी तानाशाही ?

समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ मोदी सरकार के भीषण हमले ने एक बार फिर इस पर चर्चा तेज करा दी है कि क्या मौजूदा हालात को अघोषित इमरजेंसी कहना उपयुक्त नहीं होगा ? जाहिर है कि इमरजेंसी में प्रेस का जिस तरह से दमन हुआ था और प्रेस पर सेंसरशिप थोप दी गई थी, उसकी याद प्रेस/मीडिया पर हरेक हमला ताजा करता ही है। और न्यूजक्लिक के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की भीषणता ने, स्वाभाविक रूप से इमरजेंसी की याद दिला दी है। याद रहे कि दिल्ली पुलिस के स्पेशल सैल द्वारा 3 अक्टूबर की छापामारी तथा जब्तियों के बाद दी गई जानकारी के अनुसार भी, 9 महिलाओं समेत कुल 46 लोगों के घरों तथा उनसे जुड़े परिसरों पर छापामारी की गई थी, जिनमें न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों के अलावा इतिहासकारों व स्टेंडअप कॉमेडियन से लेकर, वैज्ञानिक व सामाजिक कार्यकर्ता तक शामिल थे। पुरुषों को पूछताछ के लिए विशेष सेल के दफ्तर ले जाया गया, जबकि महिलाओं से उनके घरों पर ही पूछताछ की गई। लंबी पूछताछ के बाद, न्यूजक्लिक के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन कर्ताधर्ता, अमित चक्रवर्ती को आतंकवाद निरोधक कानून, यूएपीए के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि बाकी सभी लोगों को अगली पूछताछ के लिए तैयार रहने के निर्देश के साथ घर भेज दिया गया। सभी लोगों के फोन, लैपटॉप, डैस्कटॉप आदि, जांच के नाम पर शुरूआत में ही जब्त किए जा चुके थे।

अनुमानत: इस कार्रवाई की चपेट में आने वालों की संख्या सौ के करीब हो सकती है। मीडिया के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर ऐसी दमनकारी कार्रवाई इससे पहले कभी नहीं हुई होगी, न इमरजेंसी से पहले और न इमरजेंसी के बाद। वास्तव में इमरजेंसी के दौरान भी कम से कम ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। फिर भी, जैसे इस कार्रवाई की इमरजेंसी की भावना से समानता स्थापित करने के लिए ही, बड़े पैमाने पर कंप्यूटरों व हर प्रकार के रिकार्ड की जब्ती के बाद, समाचार पोर्टल के दफ्तर के दरवाजे पर, सरकारी मोहर के साथ, बड़ा सा ताला भी लटका दिया गया। यह दूसरी बात है कि इस ताले ने इस पूरी कार्रवाई की दुर्भावना और मनमानेपन को इतने तमाम कायदे-कानूनों को अंगूठा दिखाने वाले तरीके से सामने ला दिया था कि शासन को इस मामले में एक कदम पीछे हटना पड़ा और औपचारिक रूप से सीलबंदी की अपनी कार्रवाई को अगले ही दिन वापस लेना पड़ा।

बहरहाल, न्यूजक्लिक के खिलाफ हमले की अभूतपूर्व भीषणता के अलावा एक और चीज थी जो इस संदर्भ में इमरजेंसी की याद दिला रही थी और वह भी यूएपीए जैसे दमनकारी कानून के अंतर्गत, जो वर्षों तक बिना मुकद्दमा चलाए, आरोपियों को जेल में बंद रखने का शासन को मौका देने के लिए ही कुख्यात है। पोर्टल के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन प्रमुख, अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी। लेकिन, ये गिरफ्तारियां इमरजेंसी की याद सिर्फ इस दमनकारी कानून के इस्तेमाल के लिए भी नहीं दिला रही थीं। यहां इमरजेंसी के निजी अनुभव की भी वापसी हो रही थी। प्रबीर पुरकायस्थ को, जो तब जवाहरलाल विश्वविद्यालय के छात्र थे तथा छात्र आंदोलन में सक्रिय थे, कुख्यात मीसा के तहत करीब उन्नीस महीने इमरजेंसी में जेल में गुजारने पड़े थे। अब करीब अड़तालीस साल बाद उन्हें एक और वैसे ही दमनकारी कानून, यूएपीए के तहत लंबे समय के लिए जेल में ठूंसने की मोदी राज की तैयारी लगती है। मलयाली पत्रकार, सिद्दीक कप्पन के यूएपीए के अंतर्गत ही दो साल बिना कोई मामला चले जेल में बंद रखे जाने या भीमा कोरेगांव प्रकरण में पत्रकार गौतम नवलखा समेत, अनेक मानवाधिकार तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के करीब चार साल से जेल में बंद होने को देखते हुए, शासन की क्या नीयत है, इस संबंध में किसी शक की गुंजाइश नहीं हो सकती है। यह आज के हालात में इमरजेंसी के अनुभव को और भी प्रासंगिक बना देता है।

बहरहाल, बात सिर्फ हमले की भीषणता या इमरजेंसी जैसे अनुभव के दोहराए जाने भर की नहीं है। और यहां वर्तमान अनुभव का एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आ जाता है, जो इसे अघोषित इमरजेंसी के आगे, कहीं बहुत खतरनाक बना देता है। यह पहलू, जो इस कार्रवाई के लिए यूएपीए के सहारा लिए जाने में सामने आया, उस एफआईआर से और भी खुलकर सामने आ गया है, जिसके नाम पर यह भीषण कार्रवाई की गई है। इस एफआईआर के आरोपों और इसके पीछे कानूनी प्रक्रिया के प्रति शासन की अगंभीरता का अंदाजा तो एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि देश के कई शहरों में और सौ के करीब लोगों के खिलाफ, जिनमें सबसे बड़ी संख्या पत्रकारों की ही है, यह कार्रवाई शुरू करने और इसके आधार पर यूएपीए के अंतर्गत दो लोगों को गिरफ्तार करने के बावजूद, पुलिस एफआईआर को छुपाए ही रखना चाहती थी। पुरकायस्थ की याचिका पर, अदालत द्वारा बाकायदा आदेश दिए जाने के बाद, उनकी गिरफ्तारी के दूसरे दिन ही पुलिस को उन्हें एफआईआर दिखाना मंजूर हुआ, जबकि देश का कानून यह कहता है कि आरोपों की जानकारी दिए बिना, किसी के खिलाफ कार्रवाई की ही नहीं जा सकती है।

और आखिरकार, जो एफआईआर सामने आई है, उसे एक भोंडी कल्पना पर आधारित रहस्यकथा ही कहा जा सकता है, जिसमें बिना किसी तुक के आरोपों की माला बनाकर पेश कर दी गई है। इस कहानी के अनुसार, समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक भारतीय राष्ट्र-राज्य के खिलाफ विदेशी आतंकवादी षडयंत्र के हिस्से के तौर पर काम कर रहा था। लेकिन, यह पोर्टल ऐसा क्या काम कर रहा था, जो ऐसे षडयंत्र का हिस्सा था यानी उसने वास्तव में क्या अपराध किया था, इसका इस पूरी कहानी में कोई जिक्र ही नहीं है। अलबत्ता, इस कार्रवाई के क्रम में पुलिस की पूछताछ में प्राय: सभी लोगों से और खासतौर पर पत्रकारों से जो सवाल पूछे गए हैं, उनसे लगता है कि तीन मुद्दों की रिपोर्टिंग सरकार की निगाहों में खासतौर पर अपराध की श्रेणी में आती है—तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का ऐतिहासिक आंदोलन, कोविड-19 महामारी के सामने सरकार के कदमों की सफलता-विफलताएं और 2020 के शुरू का दिल्ली का दंगा और उससे पहले से चल रहा नागरिकता कानून संशोधन/एनआरसी-विरोधी आंदोलन। जाहिर है कि आम तौर पर, मोदी सरकार की आलोचना ही गुनाह है, पर खासतौर पर इन तीनों मुद्दों पर आलोचना तो, आतंकवादी गुनाह है।

> न्यूजक्लिक के खिलाफ हमले की अभूतपूर्व भीषणता के अलावा एक और चीज थी जो इस संदर्भ में इमरजेंसी की याद दिला रही थी और वह भी यूएपीए जैसे दमनकारी कानून के अंतर्गत, जो वर्षों तक बिना मुकद्दमा चलाए, आरोपियों को जेल में बंद रखने का शासन को मौका देने के लिए ही कुख्यात है। पोर्टल के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन प्रमुख, अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी।



राजेंद्र शर्मा

और उस पर यह आतंक मामूली आतंकवाद का नहीं, विदेश-संचालित आतंकवाद का मामला है। पुन: विदेश संचालितता के आरोप भी किसी तथ्य या साक्ष्यों के मोहताज नहीं हैं। ये आरोप, एक और आरोप से निकले हैं कि न्यूजक्लिक समाचार पोर्टल के रूप में अपना काम, नेविल रायसिंघम नाम के एक अमेरिकी उद्योगपति के इशारे पर कर रहा था। क्यों ? क्योंकि उसमें इस उद्योगपति ने अपने कुछ करोड़ रुपए का निवेश किया था। लेकिन, डिजिटल मीडिया में विदेशी निवेश तो भारतीय कानून में वैध है और ऐसे निवेश से मीडिया के संपादकीय निर्णयों को प्रभावित होने से बचाने के लिए भी, कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। वास्तव में न्यूजक्लिक का शुरू से यही रुख रहा है कि उसने भारतीय कानून का पालन करते हुए निवेश हासिल किए हैं और भारतीय कानून का पूरी तरह से पालन करते हुए ही यह डिजिटल प्लेटफार्म अपनी पत्रकारिता का काम करता रहा है। किसी भारतीय कानून के उल्लंघन के कोई साक्ष्य भी नहीं हैं। वास्तव में 2021 से भारत सरकार की तीन-तीन एजेंसियां—आयकर विभाग, सीबीआई और एन्फार्समेंट डायरेक्टरेट—ठीक इन्हीं आरोपों की जांच करती रही हैं और कोई उल्लंघन साबित नहीं कर पाई हैं। यहां तक कि यूएपीए के तहत ताजा कार्रवाई से चंद रोज पहले ही, दिल्ली हाई कोर्ट ने एन्फार्समेंट डायरेक्टरेट के अपने आरोपों के पक्ष में साक्ष्य पेश नहीं कर पाने को देखते हुए, इस मामले में उसके प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ कोई दमनकारी कार्रवाई करने पर रोक ही लगा दी थी। वास्तव में इसके बाद ही, उन्हें बिना अदालती सुनवाई के लंबे समय तक सलाखों के पीछे रखने के लिए, अब एनआईए को लाया गया है और यूएपीए का दांव आजमाया गया है।

विदेश संचालित आतंकवाद का दावा, इस दावे पर आधारित है कि इस सबके पीछे चीनी आतंकवादी षडयंत्र है। यह दावा भी, इस एक और दावे पर आधारित है कि अमेरिकी नागरिक होते हुए भी, अमेरिकी उद्यमी रायसिंघम जो कि चीन में भी रहता है, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का सक्रिय सदस्य है और पार्टी का सक्रिय सदस्य है, इसलिए भारत के खिलाफ चीन के षडयंत्र का हिस्सा है। दिलचस्प है कि कथित टैरर फंडिंग के इस षडयंत्र में वीवो तथा शाओमी जैसी भीमकाय, टेलीकॉम उत्पादक कंपनियों को भी लपेट लिया गया है। लेकिन, यह सब कितना अगंभीर है, इसको प्रख्यात संपादक, सिद्धार्थ वरदराजन ने अपनी हाल की एक टिप्पणी में, कुछ छोटे-छोटे और बहुत ही सीधे-सरल सवालों से बेपर्दा कर दिया है। संक्षेप में उनका सवाल यह है कि अगर वाकई यह विदेश संचालित टेरर-फंडिंग नेटवर्क का मामला है, तो उस नेटवर्क के मुख्य संचालकों यानी चीनी सरकार, संबंधित चीनी कंपनियों से लेकर अमेरिकी नागरिक रायसिंघम तक के खिलाफ, मोदी सरकार ने क्या कदम उठाए हैं ? या फिर ये सब दावे सिर्फ मोदी सरकार के आलोचकों को दबाने की लाठी बनने के लिए ही हैं, उस के अलावा किसी तरह ध्यान देने के लिए नहीं।

यहीं हम मौजूदा हालात के अघोषित इमरजेंसी से आगे, इमरजेंसी से ज्यादा खतरनाक होने पर आ जाते हैं। इतिहासकार प्रो. ज्ञान प्रकाश, जिन्होंने इंदिरा गांधी की इमरजेंसी पर बहुत चर्चित किताब लिखी है, वर्तमान परिस्थिति के इस चरित्र पर जोर देते हुए, जिन दो विशेषताओं को रेखांकित करते हैं, उनमें पहली तो विरोधियों को कुचलने के लिए विदेशी टैरर फंडिंग नैटवर्क जैसे आरोप जड़ना ही है, जिन्हें जड़ना ही काफी है और साबित करने की कोई जरूरत नहीं है। और दूसरी विशेषता है, उपलब्ध कानूनी प्रक्रियाओं के दायरे से बाहर जाकर, किसी भी बहाने या साधन से अपने विरोधियों को कुचलना। जाहिर है कि इसके सामने इंदिरा गांधी की इमरजेंसी काफी मासूम दिखाई देती है। हैरानी की बात नहीं है कि देश भर में सिर्फ मीडिया से जुड़े लोग ही नहीं, आम तौर पर जनतंत्र की परवाह करने वाले नागरिक भी इस सच्चाई को समझ रहे हैं कि यह सिर्फ एक न्यूज पोर्टल को कुचलने की कोशिश का मामला नहीं है। यह मुख्यधारा के मीडिया के बड़े हिस्से को खरीदकर जेब में डालने के बाद, अब शासकों के मीडिया की बची-खुची स्वतंत्र आवाजों और खासतौर पर डिजिटल मीडिया में ऐसी आवाजों का गला दबाने की कोशिश का ही मामला है। और इस कोशिश की कामयाबी, जनतंत्र के लिए मौत की घंटी होगी। इसीलिए, इस हमले का सत्तापक्ष और उसके पालतू मीडिया को छोड़कर, देश और दुनिया भर से जैसा चौतरफा विरोध हो रहा है, वैसा इमरजेंसी में सेंसरशिप का नहीं हुआ होगा।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# तेलंगाना अभियान में पीएम मोदी बनाम राहुल गांधी की लड़ाई दिलचस्प

■ सुशील कुट्टी

दक्षिण' वैसा नहीं है जैसा 'उत्तर' है, और यह राजनीतिक अहसास उतना ही पुराना है जितना स्वतंत्र भारत। लेकिन, यह पहली बार था जब भारत के किसी प्रधानमंत्री ने 'दक्षिण' को यह याद दिलाने की जहमत उठाई कि वह 'उत्तर' की तुलना में स्थायी नुकसान में है। लोगों ने ऐसे दुखदायी और अपमानजनक वचन सुने, लेकिन तब कोई और नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से सुना, यह भी कि आगे क्या होने वाला है। प्रधानमंत्री तेलंगाना में एक रैली में मतदाताओं को सम्बोधित कर रहे थे, जहां हाल के हफ्तों में राहुल गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और यहां तक कि सोनिया गांधी तक राजनेता बड़े-बड़े बयान दे रहे हैं।

दरअसल, अनेक गूढ़ अर्थ भरे हुए बयान आये हैं। सबसे पहले, राहुल गांधी ने बिहार जाति जनगणना के मद्देनजर 'जितनी आबादी, उतना हक' की बात की। आइए, यह न भूलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कान 'जाति जनगणना' शब्द के प्रति बेहद संवेदनशील हैं, जिसे वह अपने दीर्घकालिक प्रतिद्वंद्वी नीतीश कुमार से जोड़ते हैं, जो 'जाति जनगणना' और इसके राष्ट्रीय स्तर से लेकर नीचे तक में होने वाले संभावित प्रभाव के कारण वापस राजनीतिक परिदृश्य में जोरदार ढंग से आ गये हैं।

बिहार जाति जनगणना के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने स्वयं के 'ब्रह्मास्त्र' की तलाश करने के लिए मजबूर होना पड़ा है और संभावना है कि उन्होंने इसे जनसंख्या के आधार पर परिसीमन में पाया है। परिसीमन 2026 में होना है और आदर्श रूप से इसे अभी के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए था, लेकिन मोदी इंतजार नहीं कर सकते थे क्योंकि हर गुजरता दिन उन्हें 'राजनीतिक सफाये' के करीब ला रहा है और इसलिए आज के संकट को आज ही संबोधित करना होगा, कल तक नहीं छोड़ना होगा।

साथ ही, परिसीमन मुद्दे पर 'दक्षिण' पहले से ही आंदोलन के संकेत दे रहा है। डर यह था कि इससे संसद में दक्षिण का प्रतिनिधित्व भारी गिरावट के साथ समाप्त हो सकता है। मोदी ने इस स्पष्ट डर का सहारा लिया। उन्होंने तेलंगाना के निज़ामाबाद में रैली में कहा कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के बाद, दक्षिण को 'लोकसभा में 100सीटों तक का नुकसान होगा' क्योंकि अगर राहुल गांधी की 'जितनी आबादी, उतना हक' के फार्मूले को लागू करें तो दक्षिण का यही हक़ होगा।

ऐसी स्थिति क्या जनसंख्या नियंत्रण के मामले में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए दक्षिण भारत को दंडित करना नहीं होगा ? विशेषकर वैसी स्थिति में जब उत्तर भारत जनसंख्या नियंत्रण के स्थान पर जनसंख्या तेज गति से बढ़ाता रहा। इस मामले में उत्तर प्रदेश और बिहार, यहां तक कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्य भी शामिल हैं। राहुल गांधी का नारा 'जितनी आबादी, उतना हक' मोदी के मुंह से निकला और निज़ामाबाद रैली में गूंज उठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कब तक राष्ट्रीय जाति जनगणना की मांग को टाल पाएंगे ? विपक्षी इंडिया गठबंधन इस मुद्दे को आसानी से छोड़ने वाला नहीं है।

'देश अब अगले परिसीमन के बारे में बात कर रहा है। इसका मतलब यह होगा कि जहां भी जनसंख्या कम है, वहां लोकसभा सीटें कम हो जायेंगी, और जहां जनसंख्या अधिक है, वहां लोकसभा सीटें बढ़ जायेंगी... दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, लेकिन कांग्रेस के अधिकारों के नये विचार के कारण उन्हें भारी नुकसान होगा। जनसंख्या के अनुपात में इसे लागू किया गया... तो दक्षिण भारत को 100 लोकसभा सीटों का नुकसान होगा... क्या दक्षिण भारत इसे स्वीकार करेगा ? क्या दक्षिण भारत कांग्रेस को माफ करेगा ? मैं कांग्रेस नेताओं से कहना चाहता हूं कि वे देश को मूर्ख न बनायें।' यह स्पष्ट करें कि वे यह खेल क्यों खेल रहे हैं, प्रधानमंत्री ने कबूतरों के बीच बिल्ली का खेल खेलते हुए कहा।

यह अकारण नहीं है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'बहुत, बहुत बुद्धिमान व्यक्ति' कहते हैं। मोदी ने गेंद राहुल गांधी के पाले में डाल दी और इस बात पर स्पष्टता की मांग की कि क्या भारत-गठबंधन दक्षिण भारत के साथ है या उसके खिलाफ है, उन्होंने कहा कि 'जितनी आबादी, उतना हक' हर संभव तरीके से दक्षिण भारत को उत्तर भारत के सामने बौना बना देगा। यह आग से खेलने जैसा है लेकिन भारत पर उत्तर की पकड़ पूरी तरह से है और उस बिंदु पर हिसाब-किताब करना समय की मांग है और अपरिहार्य भी।

> उत्तर वह जगह है जहां भाजपा चुनावी रूप से मजबूत है और दक्षिण ने मोदी की तथाकथित हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा को बार-बार खारिज किया है। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से भाजपा को फायदा होगा लेकिन प्रधानमंत्री चाहते हैं कि भाजपा उनके जीवनकाल में ही दक्षिण में अपना नाम दर्ज करा ले। परिसीमन से कांग्रेस को कम लोकसभा सीटें मिलेंगी।

इस मुद्दे को उठाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। उत्तर वह जगह है जहां भाजपा चुनावी रूप से मजबूत है और दक्षिण ने मोदी की तथाकथित हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा को बार-बार खारिज किया है। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से भाजपा को फायदा होगा लेकिन प्रधानमंत्री चाहते हैं कि भाजपा उनके जीवनकाल में ही दक्षिण में अपना नाम दर्ज करा ले। परिसीमन से कांग्रेस को कम लोकसभा सीटें मिलेंगी, लेकिन मोदी 'दक्षिण' के लिए बोलते हैं क्योंकि वह चाहते हैं कि 'दक्षिण' भाजपा के अनुकूल प्रतिक्रिया दे।

अब, यह कांग्रेस पर निर्भर है कि वह अपने दक्षिणी गढ़ में कम लोकसभा सीटों और भाजपा को उत्तर भारत के गढ़ में लोकसभा सीटों की भारी वृद्धि के बीच किसी एक को चुनने का निर्णय ले, जो जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के कारण हो सकता है। हालांकि, यह तर्क दिया जा सकता है कि 'उत्तर में भाजपा है और दक्षिण में कांग्रेस है', पर वास्तव में पूरी बात को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और प्रधानमंत्री केवल आधे-अधूरे होकर बहुत चतुर होने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वह इंडिया गठबंधन में एकता से आतंकित हैं। गठबंधन द्वारा और अधिक राज्यों में जाति जनगणना कराये जाने की संभावना है और भाजपा की खुद की सत्ता-विरोधी लहर उनकी तीसरी बारी की संभावनाओं को कम कर रही है। किसी भी स्थिति में, परिसीमन 2024 में लोकसभा चुनाव के काफी समय बाद 2026 में होगा।

## पावन प्रसंग

### मानसिक स्वास्थ्य

सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है, विशेषकर कोविड महामारी के बाद जब पूरे विश्व का जीवन घर की चहारदीवारी में सिमट कर रह गया था तब जहां यह एक दूसरे से जुड़ने का माध्यम बना, पढ़ाई से लेकर घटनाओं से जुड़े रहने में सहायक रहा, विषम समय में मनोरंजन का साधन बना, लेकिन वहीं इसका अत्यधिक उपयोग आज कई तरह के नकारात्मक प्रभावों के साथ सभी के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया की चकाचौंध से प्रभावित 25 प्रतिशत लोग स्वीकार करते हैं कि सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

कोविड महामारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित लोगों की सन् 2021 की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में 88 फीसदी व्यक्तियों ने सीधे तौर पर यह स्वीकार किया था कि सोशल मीडिया खुशी एवं आत्मछवि पर नकारात्मकक प्रभाव डालता है, जबकि कुछ लोगों ने इसके कारण चिंता, अकेलेपन और अवसाद की बात स्वीकारी थी। अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, नार्वे में हुए क्रॉस-नेशनल ऑनलाइन सर्वेक्षण के दौरान पाया गया था कि कोरोना महामारी के दौरान अकेलेपन को कम करने व मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया के उपयोग का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। सोशल मीडिया से उत्पन्न प्रमुख विकार फोमो अर्थात फीयर ऑफ मिसिंग आउट माना जा रहा है। जब कोई सोशल मीडिया में दूसरों को अपने से बेहतर पाता है, तो उसे लगता है कि जीवन में कुछ कमी है। आपसी तुलना होने लगती है।

जिन व्यक्तियों के कमी फालोअर होते हैं, वे अवसाद में चले जाते हैं तथा खाने की समस्या से पीड़ित हो जाते हैं। इसके साथ उनका आत्मसम्मान प्रभावित होता है, उद्विग्नता का भाव जाग्रत होता है और अपने खाली स्थान को भरने के लिए सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग की ओर प्रेरित होते हैं। इसका एक अन्य कारण रहता है- डोपामाइन नाम के जैविक रसायन का स्त्राव। जब अपनी पसंद की चीजें या व्यवहार सोशल मीडिया पर उपलब्ध होता है, तो डोपामाइन स्त्रावित होता है, जो तात्कालिक संतुष्टि की अनुभूति देता है, जो उस पर वापस जाने के लिए उकसाता है। इसके वशीभूत सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हुए, इसे खंगालते हुए व्यक्ति इतना मगन हो जाता है कि उसे समय का भान नहीं रहता। इस दौरान तन-मन पर पड़ रहे इसके नकारात्मक प्रभाव के प्रति भी सचेष्ट नहीं रह पाता, जो बाद में अपना सर उठाते हैं। इसके परिणामस्वरूप स्क्रीन टाइम बढ़ने से नेत्रों से लेकर मन-मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। आंखों में आंसू आने लगते हैं, कुछ की तो नजर तक कमजोर हो जाती है व आंखों में सूखेपन की समस्या प्रारंभ हो जाती है।

ऐसे में अस्त-व्यस्त दिनचर्या, दैनिक कार्यों में लेट-लतीफी के साथ मन उचटा-उचटा सा रहता है और किसी काम में मन एकाग्र नहीं हो पाता। स्मरणशक्ति क्षीण हो जाती है। सोशल मीडिया की लत का शिकार व्यक्ति आभासी दुनिया में जीने लगता है और वास्तविकता से उसका नाता कटने लगता है। जीवन के खालीपन को भरने के लिए जिस सोशल मीडिया का सहारा लिया जाता है, वह प्रारंभ में एक बैसाखी का काम करता है, 53 फीसदी लोगों ने स्वीकार किया कि सोशल मीडिया का उपयोग कम करने से मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ। इसके साथ मोबाइल के बाहर मनोरंजन के और स्वस्थ तौर-तरीके खोजे जा सकते हैं।

परिवार, दोस्तों व शुभचिंतकों के साथ अधिक समय बिताएं। इन उपायों के साथ सोशल मीडिया से जुड़े नकारात्मक प्रभाव काफी हद तक सीमित हो जाएंगे व इसका श्रेष्ठतम उपयोग बन पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य एवं संतुलन सधने लगेगा, कार्यक्षमता बढ़ेगी और जीवन अधिक सुखी, सफल व संतुष्टि लिए होगा।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# ईरान की बहादुर महिला नर्गिस मोहम्मदी को सलाम

नर्गिस मोहम्मदी को इस वर्ष के नोबल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें यह सम्मान ईरान में महिलाओं के शोषण के विरूद्ध और उनके मानवाधिकारों के लिए सतत संघर्ष के लिए दिया जा रहा है। यहां यह स्मरणीय है कि ईरान में महिलाओं का एक सशक्त आंदोलन तब प्रारंभ हुआ जब वहां की एक 22 वर्षीय युवती की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। इस महिला को ईरान की तथाकथित धार्मिक पुलिस गाईडेंस पेट्रोल द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

इस घटना के बाद ईरान की महिलाओं ने एक शक्तिशाली आंदोलन प्रारंभ किया। इस आंदोलन को कुचलने के प्रयास में बहुत से लोग मारे गए। मरने वालों में 44 नाबालिग भी थे। बीस हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए।

पुरस्कार की घोषणा करते हुए इस बात का उल्लेख किया गया कि ईरान की धार्मिक सरकार द्वारा किस तरह देश में ऐसे लोगों के विरूद्ध भारी दमन चक्र चलाया जा रहा है जो सरकार की दमनकारी नीतियों के विरूद्ध सतत अभियान चला रहे थे। इस संघर्ष में नर्गिस ने पूरी हिम्मत के साथ भाग लिया था।

51 वर्षीय नर्गिस उन 137 व्यक्तियों में से एक हैं जिन्हें शांति स्थापित करने और शोषण के विरूद्ध संघर्ष के लिए यह उच्चतम पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार सन् 1901 में स्थापित किया गया था। अब तक यह पुरस्कार नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा सहित कई महान हस्तियों को प्रदान किया जा चुका है। नर्गिस शांति पुरस्कार पाने वाली 19वीं महिला हैं और ईरान की दूसरी। ईरान की जिस दूसरी महिला को यह पुरस्कार प्रदान किया गया उनका नाम शीरीन एबादी हैं जिन्हें सन् 2003 में यह पुरस्कार मिला था।

मोहम्मदी कई वर्षों से महिलाओं पर होने वाली ज्यादतियों के विरूद्ध संघर्षरत हैं। वे इस समय 10 साल की सजा भुगत रही हैं। उन्हें ईरान की सरकार के विरूद्ध लगातार प्रचार करने के आरोप में सजा दी गई है। उनके तीन दशक लंबे संघर्ष के कारण ईरान में शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के हित के कई सुधार हुए हैं। लेकिन इसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी है। उन्हें अपनी आजादी, इंजीनियरिंग का अपना प्रोफेशन और अपना परिवार- बहुत कुछ खोना पड़ा है। उनके पति, जो उनके संघर्ष में उनके सहयोगी रहे, और उनकी जो जुड़वां बेटियों को उनकी विचारधारा के चलते फ्रांस में निर्वासित जीवन बिताना पड़ रहा है। वे पिछले आठ वर्षों से अपने परिवार से नहीं मिलीं हैं।

उनके बेटे अली रहमानी कहते हैं कि उन्हें अपनी मां पर गर्व है। यह पुरस्कार सिर्फ मां के त्याग और बहादुरी का सम्मान नहीं है बल्कि यह पूरे ईरान की महिलाओं का सम्मान है। मोहम्मदी अब तक 13 बार गिरफ्तार की जा चुकी हैं और पांच बार सजा भुगत चुकी हैं। उन्हें कुल मिलाकर अब तक 31 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त उन्हें 154 कोड़ों की सजा भी दी गई है। जेल में रहते हुए भी वे ईरान और दुनिया की समस्याओं पर अपने क्रांतिकारी विचार व्यक्त करती रहती हैं। वे जेल से ही कई अभियान चलाती रहतीं हैं।

नोबल पुरस्कार मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मान मुझमें और जोश भरेगा भले ही मुझे पूरा जीवन जेल के सींखचों के पीछे बिताना पड़े। मैं ताजिंदगी लोकतांत्रिक अधिकारों, आजादी और समानता के लिए लड़ती रहूंगी। यह पुरस्कार मुझे और ज्यादा दृढ़ प्रतिज्ञ और आशावादी बनाएगा। मेरे संघर्ष को दी गई यह मान्यता ईरान के नागरिकों के बदलाव के लिए जारी संघर्ष को और तीव्र, मजबूत और संगठित बनाएगी। मुझे पूरा विश्वास है कि अंतत: हमारी जीत होगी।

**एल.एस. हरदेनिया**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि उत्तरी वजीरिस्तान जिले के रजमाक इलाके में शनिवार को सैनिकों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया।

# देश विदेश

# इजरायली रक्षा मंत्री ने गाजा की 'पूर्ण घेराबंदी' का आदेश दिया

## इजरायली सुरक्षा बल का तटीय क्षेत्र के आसपास के सभी स्थानों पर कब्जे करने का दावा

**यरूशलम,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने सोमवार को गाजा पट्टी की पूर्ण घेराबंदी का आदेश दिया। इससे पहले इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने हमास आतंकवादी समूह के साथ संघर्ष के तीसरे दिन तटीय क्षेत्र के आसपास के सभी स्थानों पर फिर कब्जा करने का दावा किया था। बीबीसी ने मंत्री के टेलीविज़न संबोधन के हवाले से कहा, बिजली नहीं, भोजन नहीं, ईंधन नहीं। उन्होंने कहा, हम बर्बर लोगों से लड़ रहे हैं और उसी के अनुसार जवाब देंगे। इजराइल गाजा के हवाई क्षेत्र और इसकी तटरेखा को नियंत्रित करता है, और इसकी सीमा में किसके और किस सामान को अंदर या बाहर जाने की अनुमति देनी है, इसे प्रतिबंधित करता है।



बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इसी तरह, मिस्र भी गाजा के साथ उसकी अपनी सीमा के अंदर और बाहर जाने वालों को नियंत्रित करता है। इस बीच, हमास ने सोमवार को कहा कि उसने इजरायली हवाई हमलों के जवाब में दक्षिणी इजरायली शहरों अशदोद और अश्कलोन की ओर 120 रॉकेट दागे। आने वाले रॉकेटों के परिणामस्वरूप, यरूशलेम और तेल अवीव में भी चेतावनी के सायरन बज उठे। इज़राइल की आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, गाजा के ठीक उत्तर में अश्कलोन में, चार लोग घायल हो गए, जबकि अशदोद में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आतंकवादी समूह द्वारा 7 अक्टूबर को दक्षिणी इज़राइल पर अभूतपूर्व हमला करने के बाद सोमवार को इज़राइल और हमास के बीच संघर्ष का तीसरा दिन है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 493 हो गई, जबकि 2,751 लोग घायल हुए हैं।

## गाजा में तीन दिनों के संघर्ष में 123,538 लोग विस्थापित : यूएन

**गाजा।** संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 7 अक्टूबर को तटीय क्षेत्र में इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से तीन दिनों में गाजा में कुल 123,538 लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं।



एक बयान में, मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा–डर, सुरक्षा चिंताओं और उनके घरों के विनाश के कारण 17,500 से अधिक परिवार, जिनमें 123,538 से अधिक लोग शामिल हैं, गाजा में आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए हैं। नवीनतम अपडेट में, निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने कहा कि वह वर्तमान में गाजा पट्टी के सभी क्षेत्रों में अपने 64 स्कूलों में 73,538 आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों (आईडीपी) को आश्रय दे रही है। उनमें से, 45 नामित आपातकालीन आश्रय (डीईएस) हैं। यूएनआरडब्ल्यूए के प्रवक्ता अदनान अबू हसना को उम्मीद है कि विस्थापित लोगों की संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा, इन स्कूलों में बिजली है, हम उन्हें भोजन, साफ पानी, मनोवैज्ञानिक सहायता और चिकित्सा उपचार प्रदान करते हैं।

## इजरायल के समर्थन में युद्धपोत, लड़ाकू विमान भेज रहा है अमेरिका : ऑस्टिन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने रविवार को कहा कि हमास लड़ाकों के साथ संघर्षरत इजरायल के समर्थन में उनका देश पूर्वी भूमध्य क्षेत्र में युद्धपोत और लड़ाकू विमान भेज रहा है। श्री ऑस्टिन ने अपने बयान में कहा कि यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर जाने का निर्देश दिया गया है, जिसमें एक विमान वाहक, एक निर्देशित मिसाइल क्रूजर और चार निर्देशित मिसाइल विध्वंसक शामिल हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय मुख्यालय पेंटागन ने उस क्षेत्र में अमेरिकी वायु सेना के एफ-35, एफ-15, एफ-16 और ए-10 लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रन को आगे बढ़ाने के लिए भी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका इजरायल रक्षा बलों को युद्ध सामग्री सहित अतिरिक्त उपकरण और संसाधन तेजी से उपलब्ध कराएगा।

## सुडोकू 6342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | | 1 | 5 | | | 9 |
| 5 | | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 9 | 7 | | | | 3 |
| 7 | | | 1 | 5 | | | | 6 |
| | 2 | | | | | | | |
| | | 4 | 2 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 10 अक्टूबर, 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 11

### राशिफल

मेष -आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर काबू रखना होगा। आप परिश्रमी बने रहेंगे। हालांकि परिश्रम का फल नहीं मिलने से आप निराश हो सकते हैं। आपका स्वास्थ्य खराब होने की भी आशंका बनी रहेगी।

वृषभ -आज आप बहुत आत्मविश्वासी बने रहेंगे। इससे हर काम बहुत आसानी से पूरे हो सकेंगे। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में लगी रहेगी। सरकारी कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। संतान पर पैसे खर्च होंगे।

मिथुन -दिन का आरंभ ही ताजगी से होगा। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। विचारों में अस्थिरता की वजह से उलझन में आ सकते हैं। नए काम शुरू कर सकेंगे। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और पड़ोसियों के साथ सम्बंध अच्छे रहेंगे।

कर्क -आज आप किसी बात से भयभीत रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की ?आशंका है। आपका अभिमान किसी के दिल को ठेस पहुंचा सकता है, इसलिए वाणी पर नियंत्रण रखें।

सिंह -आपका आत्मविश्वास काफी प्रबल होने से आप किसी भी तरह का निर्णय जल्दी ले सकेंगे। इससे आपकी प्रगति का मार्ग आसान होगा। मान- सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्या -आज आप किसी चिंता में रह सकते हैं। किसी के साथ वाद-विवाद होने से आपका अपमान हो सकता है। अचानक खर्च आ सकता है। वैवाहिक जीवन में मतभेद होने की आशंका है।

तुला -आज आपको कोई शुभ फल की प्राप्ति होगी। हर काम में भाग्य का साथ मिलेगा। मित्रों से मिलने का अवसर मिलेगा। कहीं बाहर घूमने- फिरने का मज़ा ले सकेंगे। परिवार में खुशी के पल बिताएंगे।

वृश्चिक -अब आप पारिवारिक जीवन की वास्तविकता को समझ सकेंगे। घर में खुशी का वातावरण रहेगा। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि हो सकेगी। नौकरी में प्रगति हो सकेगी।

धनु -आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। काम में उत्साह कम रहेगा। मानसिक रूप से भयभीत रहेंगे। संतान संबंधी समस्या परेशान करेगी। नौकरी तथा व्यवसाय में भी किसी समस्या का सामना करना पड़ेगा।

मकर -आज नकारात्मक विचारों से दूर रहें। कठिन परिस्थिति से बाहर निकलने के लिए शांत स्वभाव से काम लेना पड़ेगा। भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है। अचानक प्रवास का योग है। उसमें पैसे खर्च होंगे।

कुंभ -आज आनंद- उत्साह से भरपूर रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। काम में सफलता मिलेगी। उत्साह और उमंग होने से काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से मिल सकेंगे और रोमांस के पल बिता सकेंगे।

मीन -दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के कारण काम में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। आपका क्रोध आपकी वाणी और व्यवहार में दिख सकता है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर सम्मान प्राप्त होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## कंबोडिया में बर्ड फ्लू से दो लोगों की हुई मौत

**नोम पेन्ह,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्वी कंबोडिया में बर्ड फ्लू वायरस से स्वे रिएंग प्रांत के एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जो इस साल अब तक देश में एच5एन1 मानव एवियन इन्फ्लूएंजा से से दूसरी मौत है। मंत्रालय ने बताया कि सात अक्टूबर को उस व्यक्ति में एच5एन1 बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। उसकी मृत्यु से पहले उसके और उसके पड़ोसियों की लगभग 50 मुर्गियां मर गईं। बाद में इन मृत मुर्गियों को खाने के लिए ग्रामीणों के बीच बांट दिया गया। मंत्रालय ने कहा कि उनके अधिकारी संक्रमण के स्रोत की जांच कर रहे हैं और किसी भी संदिग्ध मामले या पीड़ित के संपर्क में आए लोगों की भी जांच कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बर्ड फ्लू अभी भी लोगों, विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने लोगों से बीमार या मृत मुर्गे न खाने का आग्रह किया है। वर्ष 2003 से अब तक, इस वायरस से दक्षिण पूर्व एशियाई देश में करीब 58 संक्रमित मामले पाए गए हैं और 39 लोगों की मौत हो चुकी है।

# अफगानिस्तान में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,445 हुई

**हेरात,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात और पड़ोसी प्रांतों में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,445 हो चुकी है। यह जानकारी हेरात के अधिकारियों ने रविवार रात को दी।



हेरात मे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रांतीय निदेशक, मावलावी मूसा अशरी ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र हेरात का जांडा जान जिला है, जहां 13 गांव पूरी तरह तबाह हो गए हैं। इससे पहले राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान शाक ने कहा था कि भूकंप में 9,200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार, शनिवार को अफगानिस्तान में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया और दो झटके महसूस किए गए। भूकंप का पहला झटका स्थानीय समयानुसार लगभग 11 बजकर 10 मिनट पर आया।

## अफगानिस्तान को यथासंभव मदद देगा चीन

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय की माओ निंग ने सोमवार को नियमित प्रेस वार्ता में अफगानिस्तान में हुए भूकंप की चर्चा में बताया कि चीन अफगानिस्तान की जरूरत के मुताबिक यथासंभव मदद देता रहेगा और अफगान जनता की कठिन समय से गुजरने में सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के मैत्रीपूर्ण पड़ोसी और ईमानदार दोस्त के नाते चीन भूकंप से ग्रस्त अफगान जनता के साथ खड़ा है। हमने विभिन्न स्तरों पर अफगान पक्ष के प्रति संवेदना व्यक्त की है और विभिन्न माध्यमों से अफगानिस्तान को मदद देना शुरू किया है। चीनी रेड क्रॉस संघ ने अफगानिस्तान को आपात मानवीय नकद सहायता प्रदान करने का फैसला किया है।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को तीन साल की सजा

**सिंगापुर,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिंगापुर में 51 वर्षीय भारतीय मूल के एक ड्रग अपराधी को 2022 में एक जेल अधिकारी को घूंसा मारने और उसके चेहरे पर फ्रैक्चर करने के लिए सोमवार को तीन साल जेल की सजा सुनाई गई। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।



जेल अधिकारी पर हमला करने का था आरोप

कलियाप्पन कुमारसामी, जिनका चांगी जेल के भीतर एक ड्रग पुनर्वास केंद्र में इलाज चल रहा था, ने 41 वर्षीय मुख्य वार्डर लिम सी चुआन को जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाने का अपराध स्वीकार किया। द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, कालियाप्पन ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह एक असंबंधित विवाद पर अपने खिलाफ आंतरिक जांच के कारण गुस्से में था। अदालत को बताया गया कि दिसंबर 2022 में लिम कालियाप्पन को उसकी कोठरी में वापस ले जा रहा था, और गलियारे से नीचे चलते हुए दोनों ने बात करना शुरू कर दिया। उप लोक अभियोजक जेम्स च्यू ने अदालत को बताया, जब वे बात कर रहे थे, तो पीड़ित ने मित्रवत भाव के रूप में आरोपी की दाहिनी ऊपरी बांह को छुआ। हालांकि, एक क्षण बाद जब वे चलते रहे, तो आरोपी ने अचानक अपनी बाईं मुट्ठी से पीड़ित के चेहरे पर जोरदार मुक्का मारा।

द टाइम्स ने च्यू के हवाले से कहा, पीड़ित जमीन पर गिर गया। जैसे ही पीड़ित खुद उठने की को?शिश कर रहा था, आरोपी उसके सामने खड़ा हो गया और उसने अपनी बाईं मुट्ठी से पीड़ित के सिर पर एक और मुक्का मारा। यह मुक्का पीड़ित के सिर को छूकर निकल गया। लिम की नाक और मुंह से खून बह रहा था।

## टूडो ने भारत के साथ फिर कूटनीतिक विवाद खड़ा किया

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक्स पर पोस्ट किया कि उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद के साथ भारत में कानून के शासन को बनाए रखने और सम्मान के महत्व पर चर्चा की है। यह उनका उकसावे वाला कदम माना जा रहा है। रविवार को एक पोस्ट में उन्होंने कहा, आज फोन पर महामहिम मोहम्मद बिन जायद और मैंने इजराइल के मौजूदा हालात के बारे में बात की। हमने अपनी गहरी चिंता जताई और नागरिक जीवन की रक्षा की जरूरत पर चर्चा की। हमने भारत में कानून के शासन को बनाए रखने और उसका सम्मान करने के महत्व के बारे में भी बात की। उनकी यह टिप्पणी कनाडा के इस आरोप के बाद भारत के साथ बढ़े राजनयिक विवाद के बीच आई है कि भारतीय अधिकारी एक कनाडाई नागरिक की हत्या में शामिल हैं। 45 वर्षीय हरदीप सिंह निज्जर प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख और भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक था, जिसकी जून में हत्या हो गई थी।



## वर्ग पहेली 6342

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, सबसे अलग तरह का
६. किसी चीज का मजा मिलने पर उसे फिर खाने-करने की इच्छी
७. हरियाली युक्त
८. किसी व्यक्ति-वस्तु, इमारत की सुरक्षा में लगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना
१६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय (उर्दू)
१७. एक राक्षसी जिसने कृष्ण को दूध पिलाकर मारना चाहा
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह (उर्दू)
१७. इबादत, आराधन
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

### वर्ग पहेली-6341

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ सि | फा | २ रि | श | ■ | ■ | 3 कि | स | ४ ल | य |
| या | ■ | या | ■ | ५ ह | म | ल | ■ | ल | ■ |
| ६ स | र | स | ■ | ल | ■ | ७ का | र्य | का | ल |
| त | ■ | ८ त | ९ र | फ | दा | री | ■ | र | |
| ■ | १० वि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | ११ खु | ■ | १२ वि |
| १३ भ | ला | बु | रा | ■ | १४ आ | ■ | १५ द | रिं | दा |
| ■ | य | ■ | १६ ज | ह | म | त | ■ | ■ | र |
| १७ अं | त | र | ■ | ■ | द | ■ | १८ से | १९ व | क |
| धे | ■ | ■ | २० द | र्श | नी | २१ य | ■ | च | ■ |
| २२ रा | ह | गी | र | ■ | ■ | २३ श | ब | न | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1756- ब्रिटिश गवर्नर जनरल रॉबर्ट क्लाइव ने कलकत्ता पर पुन: कब्जे के लिए मद्रास कूच किया।
1868- क्यूबा ने स्पेन से स्वतंत्रता पाने के लिए विद्रोह किया।
1906- भारतीय उपन्यासकार आर. के. नारायण का जन्म।
1910- वाराणसी में मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता मे प्रथम अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया।
1942- सोवियत संघ ने आस्ट्रेलिया के साथ अपने राजनयिक संबंध की शुरुआत की।
1954- बॉलीवुड अभिनेत्री रेखा का जन्म।
1964- टोक्यो में हुए ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का पहली बार दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया गया।
1970- फिजी ने स्वतंत्रता प्राप्त की।
1971- अमेरिका के एरिजोना के लेक हवासु शहर में लंदन ब्रिज को पुनर्निर्मित किया गया। इसे ब्रिटेन से खरीदकर और तोड़कर अमेरिका लाया गया।
1986- सैन सल्वाडोर में 7.5 तीव्रता वाले भूकंप में 1,500 लोगों की मौत।
1990- अमेरिका का 67वां मानव अंतरिक्ष मिशन डिस्कवरी 11 अंतरिक्ष से लौटा।
1991- भारत ने विश्व कैरम प्रतियोगिता का टीम खिताब जीता।
1992- हुगली पुल विद्यासागर सेतु खुला।
1999- सन् 2006 में राष्ट्रकुल खेल मेलबोर्न में कराये जाने की घोषणा।
2000- श्रीलंका के पूर्व प्रधानमंत्री सिरीमाओ भंडारनायके का निधन।
2001- बंगलादेश में खालिदा जिया ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण की।
2003- भारत ने इस्रायल, रूस के सात एवाक्स निर्माण के लिए समझौता किया।

**बयान** न्यूयॉर्क की एक्टिविस्ट-ब्लॉगर का दावा

# निज्जर की हत्या में चीन का हाथ

**नई दिल्ली, 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क स्थित एक कार्यकर्ता और स्वतंत्र ब्लॉगर ने दावा किया है कि इस साल जून में कनाडाई खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत नहीं बल्कि चीन के एजेंट शामिल थे।**

**चीन में जन्मी जेनिफर ज़ेंग ने अपने ब्लॉग 'इनकन्विनियेंट ट्रूथ में कहा कि यह हत्या चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के एजेंटों द्वारा भारत को फंसाने और भारत और पश्चिम के बीच कलह पैदा करने के इरादे से की गई थी।**

ज़ेंग ने सोमवार को एक्स पर एक वीडियो में कहा, आज, कनाडा में सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बारे में सीसीपी के भीतर से चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। यह आरोप लगाया गया है कि हत्या सीसीपी एजेंटों द्वारा की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम ताइवान के संबंध में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सैन्य रणनीति के अनुरूप दुनिया को बाधित करने के लिए सीसीपी की भयावह इग्निशन योजना का हिस्सा था। ज़ेंग, जो अपने एक्स बायो के अनुसार इंटरनेशनल प्रेस एसोसिएशन की सदस्य हैं, ने अपने आरोपों के लिए कनाडा स्थित चीनी लेखक और यूट्यूबर लाओ डेंग को जिम्मेदार ठहराया। ज़ेंग ने वीडियो में कहा, लाओ ने कहा कि इस साल जून की शुरुआत में उनकी व्यवधान पहल



**भारत और पश्चिम के बीच कलह पैदा करने के इरादे से की गई थी हत्या**

इग्निशन प्लान के हिस्से के रूप में, सीसीपी राज्य सुरक्षा मंत्रालय ने एक उच्च पदस्थ अधिकारी को अमेरिका के सिएटल भेजा था। वहां एक गुप्त बैठक की गई थी जिसका उद्देश्य भारत और पश्चिम के बीच संबंधों में टकराव पैदा करना था। उन्होंने कहा, एजेंटों को कनाडा में सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करने का काम सौंपा गया था। बैठक के बाद सीसीपी एजेंटों ने हत्या की योजना को सावधानीपूर्वक अंजाम दिया। उसने कहा कि जब 18 जून को कृत्य (हत्या) किया गया, तो एजेंटों ने किसी भी सबूत को मिटाने के लिए निज्जर की कार में लगे डैश कैमरे को नष्ट कर दिया। ज़ेंग ने आरोप लगाया, अपराध के बाद, एजेंट भाग गए, उन्होंने सभी निशान नष्ट करने के लिए अपने हथियार और भेष बदलने में इस्तेमाल किये गये कपड़े आदि जला दिये। अगले दिन विमान से कनाडा से निकल गये। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि हत्यारों ने जानबूझकर भारतीय उच्चारण वाली अंग्रेजी सीखी, जो कि सीसीपी के गुप्त एजेंटों द्वारा भारत को फंसाने की योजना का हिस्सा था। भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय संबंध तब खराब हो गए जब कनाडा ने नई दिल्ली पर निज्जर की हत्या का आरोप लगाया और दोनों देशों ने एक-एक राजनयिक को निष्कासित कर दिया।

## दुनिया को जानें

# दक्षिणी म्यांमार में बाढ़ के कारण हजारों लोग हुए विस्थापित

**यांगून,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिणी म्यांमार के बागो क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के बाद कुल 5,648 लोगों को उनके घरों से निकाल कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। सामाजिक कल्याण, राहत और पुनर्वास मंत्रालय (बागो क्षेत्र) के निदेशक यू थौंग श्वे ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि रविवार को अपराह्न तक, निकाले गए लोगों को 17 बाढ़ राहत शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया है और खोज एवं बचाव अभियान जारी है। म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग (बागो क्षेत्र) के उप निदेशक यू थान तुन ऊ ने शिन्हुआ को बताया, स्थानीय समयानुसार सुबह 04 बजे से बागो नदी गंभीर जल स्तर को पार कर गई है और बचाव अभियान स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 06 बजे शुरू हुआ।



# प्रादेशिकी

## सरस मेंले में उत्पादों का जाएजा लेने पहुंचे राज्यपाल

**देहरादून,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सोमवार को ऋषिकेश के मुनिकीरेती में आयोजित सरस मेले में पहुंचे। उन्होंने मेले में लगे स्टॉल का जायजा लिया। साथ ही यहां पर लाए गए जैविक उत्पादों के बारे में भी जानकारी ली। बता दें कि बीते तीन अक्तूबर को मेला शुरू हुआ था जो 12 अक्तूबर तक चलेगा। मेले में प्रदेश के विभिन्न राज्यों से आए हुए स्वयं सहायता समूह की ओर से पहाड़ी उत्पादों का स्टॉल लगाए गए हैं, जो मेले में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मेले में 19 राज्यों के 116 स्वयं सहायता समूह के करीब 313 सदस्य प्रतिभाग कर रहे हैं। इनमें उत्तराखंड से 81 स्वयं सहायता समूह के 243 सदस्य शामिल हैं।

# पिथौरागढ़ हादसा : लापता लोगों का रेस्क्यू जारी, लिपुलेख मार्ग के दूसरे दिन भी बंद रहने से फंसे है यात्री व वाहन



**पिथौरागढ,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। रविवार दोपहर तवाघाट- लिपुलेख मार्ग पर कोथला के पास मलबे में दबे लोगों का अभी तक कोई सुराग नही लग पाया है। सोमवार सुबह दोबारा रेस्क्यू आपरेशन शुरू कर दिया गया। प्रशासन ने अब मलबे में दबे लोगों के जिंदा नहीं होने की आशंका को लेकर धारचूला से पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल टीम को मौके पर जाने के आदेश दे दिए हैं। बीते रविवार को नाबी से धारचूला आ रहे वाहन पर छंकनरे और थक्ती झरने के बीच पहाड़ दरकने से वाहन सहित सात लोग मलबे में दब गए। घटना के बाद से यहां पर दोनों तरफ लोडर मशीन लगा कर मलबा हटाने का कार्य चला। रविवार देर शाम तक मलबा नहीं हट सका। इस दौरान कुछ मांस के लोथड़े भर मिले थे। शाम को अंधेरा होने से बचाव कार्य बंद करना पड़ा। सोमवार सुबह पांगला थाने से पुलिस दल सहित एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और एसएसबी मौके पर पहुंची और मलबा हटाने का कार्य चल रहा है । घटना के अब 24 घंटे पूरे होने को जा रहे हैं । मलबे में दबे किसी के भी जिंदा रहने व दूर शवों के भी टुकड़े मिलने की संभावना जताई जा रही है। जिलाधिकारी रीना जोशी ने चिकित्सा टीम को मौके पर जाने के आदेश दे दिए हैं। धारचूला से चिकित्सा टीम रवाना हो रही है ताकि मौके पर शव मिलने पर पोस्टमार्टम किया जाए। वहीं मार्ग बंद होने से उच्च हिमालय से धारचूला को आ रहे वाहन फंसे हैं। रविवार को मार्ग बंद होने से वाहन लौटे।

## बलियानाला भूस्खलन मामले में नैनीताल डीएम की रिपोर्ट से हाईकोर्ट असंतुष्ट, सरकार को स्पष्ट जवाब पेश करने के आदेश

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के बलियानाला में लगातार भूस्खलन हो रहा है। भूस्खलन से जुड़ा यह मामला हाईकोर्ट की टेबल में है। जिस पर लगातार सुनवाई हो रही है। आज मामले में मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सुनवाई की। इस दौरान खंडपीठ ने नैनीताल डीएम की ओर से पेश की गई रिपोर्ट पर असंतुष्टि जाहिर की और सरकार से स्पष्ट जवाब पेश करने को कहा। वहीं, हाईकोर्ट ने वन अनुसंधान संस्थान देहरादून के किसी विशेषज्ञ (जिसे इस मामले की जानकारी हो) को कोर्ट के मार्गदर्शन के लिए भेजने को कहा है।बता दें कि इससे पहले हाईकोर्ट ने नैनीताल डीएम से बलियानाला भूस्खलन क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और ट्रीटमेंट के लिए उनकी ओर से अब तक क्या-क्या काम किए गए हैं? उसकी विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा था। जिस पर रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गयी, लेकिन कोर्ट उस रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हुई। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए सरकार से स्पष्ट जवाब पेश करने को कहा है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कोर्ट से कहा कि सरकार इस मामले में लापरवाही बरत रही है। भूस्खलन क्षेत्र का अभी तक कई बार मंत्रियों, अधिकारियों ने निरीक्षण किया, लेकिन भूधंसाव को रोकने का कोई ठोस उपाय नहीं किया। दरअसल, नैनीताल के अधिवक्ता सैयद नदीम मून ने साल 2018 में नैनीताल हाईकोर्ट में एक जनहित दायर की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि नैनीताल के आधार कहे जाने वाले बलियानाले में भूस्खलन हो रहा है। जिससे नैनीताल और इसके आस पास रह रहे लोगों पर खतरा मंडरा रहा है। लिहाजा, नैनीताल के अस्तित्व और लोगों को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ताकि, भूस्खलन को रोका जा सके। अब इस पूरे मामले की सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।

# ब्लाइंड मर्डर केसः पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार




**हरिद्वार,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनपद पुलिस ने 29 सितबंर को हुए ब्लाइंड मर्डर केस का सोमवार को खुलासा कर महिला की हत्या के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने कहा कि उसे अपनी पत्नी के चालचलन ठीक नही था,जिसके चलते उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी के अनुसार उसनें लकड़ी बीनने के बहाने जंगल में ले जाकर पत्नी की गला घोंटकर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

■ आरोपी ने अपनी मृतक पत्नी के चरित्र पर उठाए सवाल

रोशनाबाद पुलिस कार्यालय सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि 29 सितंबर को पुराना औद्योगिक क्षेत्र स्थित रबड़ फैक्ट्री के सामने जंगल में एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की गला घोंटकर हत्या करने की बात सामने आई थी। उसके बाद से ही पुलिस और सीआईयू की टीमें लगातार जांच में जुटी थी, लेकिन महिला की पहचान नहीं हो पा रही थी।

पुलिस टीम ने कड़े प्रयास करते हुए 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सीसीटीवी में मृतक महिला के हुलिए से मिलती जुलती महिला एक व्यक्ति के साथ जाती हुई नजर आई। यहां से फिर जब जांच शुरू हुई तो मामले की परत पर खुलती चली गई। बताया कि पुलिस टीम ने खोजबीन करते हुए बांदा के रहने वाले करन उर्फ सागर को रोड़ीबेलवाला के पास से गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने महिला से शादी की थी। इससे पहले महिला की तीन शादियां हो चुकी थी। तीनों पति से एक-एक बच्चा था। उसका चाल चलन सही न होने पर उसने हत्या की योजना बनाई। 29 सितंबर को लकड़ी बीनने के बहाने औद्योगिक क्षेत्र स्थित जंगल में ले गया। जहां उसका पहले गला दबाया और फिर नाड़े से गला घोंट दिया। चीखने चिल्लाने की आवाज ना आए, इसके लिए उसने कुर्ते को फाड़कर उसके मुंह पर बांध दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गया था।

## सार संक्षेप

### जिंदा कारतूस और तमंचा सहित बदमाश गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। बनभूलपुरा थाना पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के पास एक युवक अवैध तमंचा लेकर घूम रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 3 1 5 बोर का तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस पर आरोपी मुकेश वर्मा उर्फ चिकारा मूल निवासी ग्राम नयागांव, काली मंदिर के पास, थाना मैलानी जिला लखीमपुर खीरी यूपी और हाल निवासी वैलेजालीलॉज बताया। पकड़े गए बदमाश ने बताया कि उसने यह तमंचा छोटू नामक सख्श से लिया है। इसके माध्यम से वह लोगों को डरा-धमका कर लूटपाट करने का काम करता है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया बदमाश पूर्व में भी जेल की हवा खा चुका है। पुलिस ने उसे कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया है।

### अनैतिक कृत्यों में लिप्त लोगों के नाम उजागर करे सरकार:कांग्रेस

**हल्द्वानी।** डोलमार स्थित होटल में चल रहे अवैध कैसिनो व अनैतिक कृत्यों में लिप्त लोगों के नाम उजागर करने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा आज बुध पार्क में प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य,विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व महंगाई बदने के साथ ही कानून व्यवस्था समाप्त हुई है। प्रदेश में अंकिता हत्याकांड जैसी घटनाओं से महिला शोषण बड़ा है। नैनीताल की शांत वादियों में डोलमार में अवैध कैसिनो व बार चल रहे हैं और पुलिस के छापामारी के बाद भी अभी तक मुख्य अभियुक्त अभी तक बाहर है और पुलिस सत्ता के दवाब में उनके नाम भी उजागर नहीं कर रही है। कांग्रेस सत्ता की मनमानी के खिलाफ संघर्ष करेगी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व शहर विधायक सुमित हृदयेश ने भी भाजपा की मनमानी के खिलाफ संघर्ष की बात कही। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेजकर इस घटना में शामिल लोगी के नाम उजागर कर सख्त कार्यवाही में की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राहुल छीमवाल,महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, महेश शर्मा, पार्षद राजेंद्र सिंह जीना,रवि जोशी, विनोद दानी, गुरुप्रीत सिंह प्रिंस, अलका आर्य, सीमा भटनागर, लाल सिंह पवार आदि मौजूद रहे।

### सुडोकू 6342 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 2 |
| 4 | 5 | 9 | 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 3 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 5 |

# हाईकोर्ट ने एसोसिएशन से किया जवाब तलब

**नैनीताल,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) में हुई अनियमितताओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अगली सुनवाई के लिए 9 नवंबर की तिथि नियत की है। अभी तक विपक्षियों द्वारा जवाब पेश नहीं करने पर खंडपीठ ने उनसे जवाब पेश करने को कहा है।

सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि मामले में चार्जशीट निचली अदालत में पेश हो चुकी है। परंतु आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई और ना ही इनके द्वारा उच्च न्यायालय में जवाब पेश किया गया। इसपर कोर्ट ने विपक्षियों से जवाब पेश करने को कहा है।

मामले के मुताबिक, देहरादून निवासी विकेश सिंह नेगी ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा कि 2019 के बाद क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड में हुए चुनावों के बाद खिलाड़ियों के चयन के लिए उनसे रणजी व अन्य जगहों पर खेलने के लिए लाखों रुपए लिए गए। खिलाड़ियों के खाने पीने से लेकर पानी के बिलों में लाखों रुपए की हेराफेरी की गई।

जैसे केलों का बिल 32 लाख, पानी का बिल 22 लाख रुपए। खिलाड़ियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसकी वजह से खिलाड़ी अन्य राज्यों की तरफ से खेलने को मजबूर हो रहे हैं।



■ खाने पीने से लेकर पानी के बिलों में लाखों रुपए की हेराफेरी की गई

बोर्ड के पदाधिकारियों के खिलाफ अनियमितता व यौन शोषण के कई जगहों पर मुकदमे दर्ज हैं। घोटाले में लिप्त पदाधिकारियों द्वारा ट्रेजरार से फर्जी बिल बनाने के लिए दवाब बनाया गया। उनके मना करने पर उन्हें पद से ही हटा दिया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि मामले की जांच हाईकोर्ट के तीन रिटायर्ड जजों की निगरानी में कराई जाए और घोटाले में लिप्त पदाधिकारियों के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। बोर्ड को भंग कर इनकी जगह प्रशासक नियुक्त किया जाए।

# लाहौल स्पीति जिले के चीन के सटे सीमांत इलाके में समुद्रतल से 14567 फीट की ऊंचाई पर हिक्किम में स्थित पोस्ट ऑफिस दुनिया में सर्वाधिक ऊंचाई पर

**शिमला,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। इनटरनेट व मोबाइल के मौजूदा दौर में भी चीन सीमा से सटे सूबे के सीमांत इलाके में पोस्ट ऑफिस की प्रासंगिकता बरकरार है। लाहौल स्पीति जिला के चीन के सटे सीमांत इलाके में समुद्रतल से 14567 फीट की ऊंचाई पर हिक्किम में स्थित पोस्ट ऑफिस दुनिया में सर्वाधिक ऊंचाई पर स्थित डाक घर है। इनटरनेट के दौर में जहां प्रदेश के बड़े शहरों के डाकघरों में भी इनलैंड व पोस्ट कार्ड की बिक्री कम हुई है, वहीं हिक्कम डाक घर से रोजाना सैंकड़ों पत्र देश विदेश को भेजे जाते हैं। इन पत्रों को भेजने का खर्च 5 से 20 रुपए तक आता है। दिलचस्प बात तो यह है कि हिक्किम से पत्र भेजने वाले स्थानीय लोग नहीं, बल्कि स्पीति घाटी में सैर सपाटे के लिए आने वाले देशी व विदेशी सैलानी हैं।



बेशक आज दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने तक एक पल में कोई संदेश पहुंचाया जा सकता है , लेकिन स्पीति घाटी में इनटरनेट व मोबाइल का सिगनल यदा कदा ही नसीब होता है। खासतौर पर घाटी के दूरदराज के इलाकों में सिगनल की दिक्कत है। लिहाजा हिक्किम व आसपास के ग्रामीण इलाकों में सैर सपाटे के लिए आने वाले पर्यटक यहां से अपने परिजनों को चिट्ठी के माध्यम से ही अपनी कुशलक्षेम भेजते हैं। बेशक कई मर्तबा सैलानियों के घर लौटने के बाद ही चिट्ठी प्राप्त होती है, बावजूद इसके पोस्ट ऑफिस का क्रेज अभी बरकरार है। हिक्किम में 1983 से डाक घर काम कर रहा है। बीते साल इसे नया स्वरूप प्रदान किया गया। नतीजतन लोगों की दिलचस्पी इसमें और बढ़ी। हिक्किम डाकघर के जरिये स्पीति में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलने से लोगों की आर्थिकी भी मजबूत हुई है।

हिक्किम गांव के ही रिचेंन छेरिंग पिछले 39 साल से दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर में बतौर ग्रामीण डाक पालक के पद पर तैनात हैं। छेरिंग ने बताया कि उन्होंने साल 1983 को डाक विभाग में सेवाएं शुरू कीं। बर्फबारी के दौरान आसपास के कौमिक और लंगचा गांव तक डाक पहुंचाने के लिए 10 से 12 फीट बर्फ के बीच पैदल चलना पड़ता था।

## पार्टी नेताओं पर ईडी की कार्रवाई से भड़की आप

**शिमला,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आप नेता व राज्य सभा सदस्य संजय सिंह की गिरफ्तारी पर आप पार्टी भड़क गई है। कार्यवाही के खिलाफ आम आदमी पार्टी सड़को पर उतर गई है। आप पार्टी ने सोमवार को शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आप का कहना है कि केंद्र सरकार जानबूझ कर ईडी का दुरुपयोग कर अपने राजनीतिक विरोधियों को दबाने का काम कर रही है। वहीं आप प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर ने कहा कि बीजेपी अनपढ़ों की जमात है। शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के बाद अब संजय सिंह को जेल में डाल दिया गया हैं। ये सारी कार्यवाही बिना सबूतों के की गई है। उन्होंने कहा कि राजनीति में पढ़े लिखे लोगों के आने से ये लोग डर गए हैं। सरकार की गलत नीतियों का जो विरोध कर रहा है उसे जेल में डाला जा रहा है। यह लोकतंत्र की हत्या है। देश में डर का माहौल पैदा किया जा रहा है। भाजपा के केंद्र के लोग घोटाले के अलग अलग आंकड़े पेश कर रहे हैं। एक भी सबूत अभी तक कोर्ट में पेश नहीं कर पाए हैं। कहा कि भाजपा को अपने दोषी भ्रष्टाचारी लोग दिखाई नही दे रहे हैं। विपक्षी दल यह बर्दास्त करने वाले नही हैं। किनफेड अध्यक्ष चंदर गोपाल, जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष उमेश नेगी, जनजातीय सलाहकार समिति के सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# सुक्खू आज दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए

**शिमला,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिजोरम व तेलंगाना के विधान सभा चुनाव की घोषणा के साथ हुई कार्यसमिति की बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया। साथ ही 2024 के लोक सभा चुनाव व जातिगत जनगणना के मसले पर भी कांग्रेस कार्यसमिति ने चर्चा की। बैठक में मु यमंत्री लोक सभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश के राजनीतिक हालात से हाई कमान व कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को अवगत करवाया। हिमाचल में लोक सभा चुनाव में कांग्रेस मु यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के जनहित के कार्यों को मुद्दा बनाएगी। बैठक में



कांग्रेस नेतृत्व ने लोक सभा चुनाव के संभावित उ मीदवारों को जमीन पर उतर कर मतदाताओं की नब्ज टटोलने को कहा। हिमाचल में लोकसभा की चार सीटें हैं। इनमें से मात्र मंडी संसदीय सीट ही कांग्रेस के पास है। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव का जि मा मु यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर रहेगा। ऐसे में उनके लिए यह चुनाव चुनौती से कम नहीं होगा। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस पार्टी सुक्खू सरकार की ओर से लिए गए जनहित के फैसलों पर चुनाव लड़ेगी। हिमाचल प्रदेश में आपदा भी अहम मुद्दा रहेगा। केंद्र सरकार की ओर से अब तक हिमाचल प्रदेश के लिए आपदा राहत राशि जारी नहीं हुई है। सुक्खू सरकार ने 4500 करोड़ रुपये की आपदा राहत राशि की घोषणा की है।

सूत्रों का कहना है कि 5 राज्यों के विधान सभा चुनाव में जहां हाई कमान ने मु यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को तेलंगाना का प्रभार सौंपा है, वहीं हिंदी भाषी राजस्थान , मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में भी चुनाव प्रचार में उनकी सेवाएं ली जाएंगी। मु यमंत्री इन राज्यों में भी कांग्रेस के स्टार प्रचारक की भूमिका में नजर आएंगे।

## हाईकोर्ट ने शिमला में ट्रैफिक जाम पर राज्य सरकार को दिए सख्त आदेश

**शिमला,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश हाईकोर्ट ने शिमला शहर में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए राज्य सरकार को कोर्ट मित्र के सुझाव पर अमल करने के आदेश दिए हैं। मु य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किए। कोर्ट मित्र ने बताया कि निजी और सरकारी खटारा गाडियां सड़कों पर लंबे समय से खड़ी हैं। इससे आम जनता को टैफिक जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। सुझाव है कि ऐसे वाहनों को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। शिमला में रोपवे के निर्माण के लिए निविदाएं आमंत्रित तो की गई है लेकिन इसके निर्माण को शुरू किए जाने की कोई जानकारी नहीं है। कोर्ट मित्र ने शिमला में बनने वाली तीन सुरंगों पर भी सवालिया निशान उठाया है। कोर्ट को बताया गया कि देश.विदेश में मशहूर शिमला शहर के लिए वर्ड बैंकए एशियन डेवलपमेंट बैंक और कई विदेशी कंपनियां वित्तीय सहायता प्रदान करती है। लेकिन इन सुरंगों को बनाने का प्रस्ताव कहां गुम हो गया है। इसके अलावा शिमला शहर में निजी क्षेत्र के तहत पार्किंग बनाने की संभावनाएं तलाशी जा सकती है। इसके अलावा मोनो रेल और मल्टीलेयर रोड बनाने का सुझाव भी दिया गया है। इससे पहले कोर्ट ने डीएसपी शिमला ट्रैफिक से शपथपत्र के माध्यम से जानकारी मांगी थी कि क्या सील्ड और प्रतिबंधित रोड विशेषकर रामचंद्र चौक से टका बेंच वाया जोधा निवास और टका बेंच से जाखू वाया ड्रीम लैंड होटल सड़क पर बिना परमिट के गाड़ी चलाई जा सकती है या नहीं। डीएसपी शिमला (ट्रैफिक) को यह बताने के आदेश दिए गए थे कि शहर में कितने सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। कोर्ट ने पूछा था कि क्या सर्कुलर रोड पर वाहन पार्क किये जा सकते है या नहीं।

# एशियाई खेलों में भारत का अभूतपूर्व प्रदर्शनः नेहा

**देहरादून,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजयुमो नेहा जोशी ने अवगत कराया गया की इस वर्ष हुए एशियाई खेलों में भारत की अभूतपूर्व सफलता, 107 पदकों की ऐतिहासिक संख्या का मुकाम हासिल किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। नेहा जोशी ने बताया एशियाई खेलों 2023 में अपनी शानदार उपलब्धि के साथ, भारत ने कुल 107 पदक, 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है, राष्ट्र ने एशियाई खेलों के इतिहास में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड दर्ज किया है।

भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बेंगलुरु के दक्षिण सांसद श्री तेजस्वी सूर्या ने एशियन गेम्स 23 के विजेताओं को बधाई दी और कहा कि देश को हमारे खिलाड़ियों पर गर्व है, हमारे खिलाड़ियों के पास खेलों के माध्यम से अपार शक्ति है जो वैश्विक मंच पर भारत की पहचान बढ़ा सकती है।




साथ ही नेहा जोशी ने कहा किभारत सरकार ने एशियाई खेलों की तैयारी के लिए 220 करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए और परिणाम खर्च किए गए संसाधनों के प्रभावी उपयोग और खिलाड़ियों के लिए तैनात योजनाओं की सफलता का प्रमाण है, इसके अलावा उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों को 142 विदेशी यात्राएं कराई और 71 राष्ट्रीय शिविरों का समर्थन किया, जिससे 2100 से अधिक खिलाड़ियों को बढ़ावा मिला। नेहा जोशी ने कहा कि 2014 से पहले की सरकारों में वास्तव में भारतीय खेलों पर 2010 में सीडब्ल्यूजी घोटाले का दाग लगा था, जिसमें लगभग 70000 करोड़ रुपये की हेराफेरी के साथ सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ था। जिसका असर सीधे सीधे हमारे खिलाड़ियों पर उस समय पड़ा था। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा विपुल मैंदोली ने बताया की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के

■ राष्ट्र ने एशियाई खेलों के इतिहास में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड दर्जः भाजयुमो

भारतीय खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे प्रयासों को बल देते हुए हमारे उत्तराखंड प्रदेश के मुख्य सेवक पुष्कर सिंह धामी जी भी लगातार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे।। जैसे मुख्यमंत्री खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना खेल इंजरी व आकस्मिकता के दृष्टिगत बीमा आर्थिक सहायता योजना। आदि योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने बताया की इस माह में युवा मोर्चा द्वारा खेल महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। जिसमे विधानसभा से लेकर प्रदेश स्तर तक के खेलो का आयोजन किया जाएगा। जिसमे बैडमिंटन, खोखो, फुटबॉल, कब्बड़ी, बास्केटबॉल, क्रिकेट आदि खेलो का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने राज्य में चल रही खेल नीति के बारे मे विस्तृत चर्चा की।।

## आईटीबीपी को मिले 27 हिमवीर, 27 युवा अधिकारी हुए पास आऊट

**देहरादून,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को मसूरी में पासिंग आउट परेड के बाद भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल को 27 नए युवा अधिकारी मिल गए हैं। एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद परेड में अंतिम पग भरते ही ये अधिकारी आईटीबीपी की मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। पासिंग आउट परेड में बतौर मुख्य अतिथि अनीश दयाल सिंह, भारतीय पुलिस सेवा, महानिदेशक, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने अपने अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल 19 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित अग्रिम चैकियों में माइनस 45 डिग्री तापमान में भी मुश्किल हालातों में मुस्तैदी से काम करने वाला एक अनुशासित और अति प्रशिक्षित बल है। हमारे सैनिक देश के अलावा विदेशों में भी महत्वपूर्ण स्थानों को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। बता दें कि एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 14 सहायक सेनानी, जीडी व छह माह प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 12 सहायक सेनानीध् चिकित्सा, एक सहायक सेनानीध् वैट, तीन महिला सहायक सेनानीध् चिकित्सा, बल की मुख्य धारा में शामिल हुए। इन अधिकारियों को युद्ध कौशल, शस्त्र चालन, शारीरिक प्रशिक्षण, आसूचना, मानचित्र अध्ययन, सैन्य प्रशासन, कानून व मानव अधिकार जैसे सैन्य व पुलिस संबंधी विषयों का गहन प्रशिक्षण दिया गया।




## किसी किताब का रूपांतरण, उसे पढ़ते समय की भावनाओं के बारे में है : विशाल भारद्वाज

**मुंबई।** फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज ने कहा कि किसी किताब का रूपांतरण उस गहरे संबंध के बारे में है, जो उसे पढ़ते समय महसूस होता है। विशाल भारद्वाज की नेटफ्लिक्स फिल्म 'खुफिया' के मूल में 'एस्केप टू नोव्हेयर' नॉन-फिक्शन नैरेटिव है, जिसमें विस्तार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और इसके सोर्स मटेरियल के लिए गहरा सम्मान है। किताब को स्क्रीन रूपांतरण में लाने की रचनात्मक प्रक्रिया के बारे में बात करते हुए भारद्वाज ने साझा किया कि किसी किताब को स्क्रीन पर उतारना इस बारे में नहीं है कि आप शुरू में क्या सोचते हैं, जब आप इसे पढ़ते हैं तो यह उस गहरे संबंध के बारे में है, जिसे आप महसूस करते हैं। इस प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध होना शारीरिक और भावनात्मक रूप से कठिन है, यहां तक कि विवाह से भी अधिक कठिन।

# बुजुर्गों की आबादी में तेजी से वृद्धि

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत की बुजुर्ग आबादी अभूतपूर्व दर से बढ़ रही है, और अनुमान के अनुसार, यह 2021 में 13.8 करोड़ से बढ़कर 2031 तक 19.4 करोड़ तक पहुंच जाएगी, जो कि 41 प्रतिशत दशकीय वृद्धि है।

बुजुर्गों की देखभाल और अधिकारों के लिए काम करने वाली अग्रणी चैरिटी हेल्पएज इंडिया बुजुर्गों से संबंधित मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को पहचानने और उनका समाधान करने में मदद करने के लिए बुजुर्गों की देखभाल करने वालों को ट्रेनिंग देने और उन्हें अधिक संवेदनशील बनाने पर जोर देती रही है। संस्था ने वृद्धाश्रम का जिम्मा संभालने वाले प्रबंधकों के लिए प्रशिक्षण और संवेदीकरण कार्यशालाएं आयोजित कीं हैं। इन कार्यशालाओं में भाग लेने के बाद वृद्धाश्रम का दायित्व संभालने वाले प्रबंधकों ने वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्ग लोगों के मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों के बारे में उच्च स्तर की जागरूकता दिखाई है। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य प्रबंधकों को बेहतर ढंग से सक्षम बनाना था, ताकि वे वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों की मानसिक भलाई के लिए आवश्यक कदम उठा सकें और अवसाद, चिंता और मनोभ्रंश (डिमेंशिया) जैसी उनकी चिंताओं को दूर कर सकें।



■ **बुजुर्गों को अवसाद, चिंता और मनोभ्रंश जैसी चिंताओं से दूर रहना**

हेल्पएज इंडिया हेल्थकेयर की मिशन हेड ने डॉ. रितु राणा ने कहा कि हेल्पएज इंडिया आज 'सार्थक' का एक वर्ष मना रहा है, यह एक ऐसी पहल है जो पिछले साल विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस को चिह्नित करने और इस मुद्दे पर जागरूकता फैलाने के लिए शुरू की गई थी। इस पहल के महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए हैं और गोवा और नई दिल्ली में हमारी कार्यशालाओं में भाग लेने वाले लगभग 62.5 प्रतिशत वृद्धाश्रम प्रबंधकों ने मनोभ्रंश, चिंता और अवसाद से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता के स्तर में सुधार दिखाया।

हमें उम्मीद है कि इस परियोजना के तहत हम 10,000 ऐसे देखभालकर्ताओं को संवेदनशील बना सकते हैं, क्योंकि जरूरत अब लगातार बढ़ रही है और अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को लेकर लोगों की राय बदलने की दिशा में प्रयास करने की तत्काल जरूरत है। कार्यशालाओं का उद्देश्य समुदाय-आधारित मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सहायता को मजबूत करके बुजुर्गों के मनोवैज्ञानिक कल्याण को बढ़ावा देना है। इनमें इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाइड साइंसेज (आईएचबीएएस) और गोवा मेडिकल कॉलेज के मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सकों ने भी भागीदारी की। हेल्पएज इंडिया का लक्ष्य वृद्धावस्था से संबंधित मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में नर्सों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्वयंसेवकों की क्षमता को और बेहतर बनाना है।

कार्यशालाओं में भाग लेने वालों को मानसिक स्वास्थ्य, इससे जुड़े तथ्यों और मिथकों, बुजुर्गों में सामान्य मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों (अवसाद, चिंता और मनोभ्रंश) और उनके मानसिक कल्याण को बेहतर बनाने में देखभालकर्ता की भूमिका के बारे में व्यापक जागरूकता और समझ दी गई। प्रतिभागियों की समझ के स्तर का मूल्यांकन करने के लिए पूर्व और बाद के मूल्यांकन सत्र भी आयोजित किए गए।

कार्यशाला में कहा गया कि भारत की बुजुर्ग आबादी अभूतपूर्व दर से बढ़ रही है। इस बढ़ती बुजुर्ग आबादी के लिए राज्य से व्यापक बजट आवंटन की आवश्यकता है।

## 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में शंकरी देवी किरदार के लिए सेक्सुअलिटी का किया गया इस्तेमाल : अनुप्रिया

**मुंबई,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस अनुप्रिया गोयनका अपनी अपकमिंग वेबसीरीज 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने साझा किया है कि शंकरी देवी का उनका किरदार अपने फायदे के लिए सेक्सुअलिटी का इस्तेमाल करता है। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें अपने व्यवहार और शरारतों के संबंध में बहुत विस्तार से काम करना पड़ा।

अर्नब रे की किताब 'सुल्तान ऑफ दिल्ली-असेंशन' पर आधारित यह सीरीज मिलन लुथरिया द्वारा निर्देशित और सुपर्ण वर्मा द्वारा सह-निर्देशित और सह-लिखित है। इसमें ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, अनुभवी अभिनेता विनय पाठक के साथ निशांत दहिया, मौनी रॉय, हरलीन सेठी और महरीन पीरजादा भी हैं। 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' भारत में 1960 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित है और अनुप्रिया गोयनका पुराने युग में एक मजबूत व्यक्तित्व वाली महिला की भूमिका निभाती हैं। उन्होंने साझा किया कि कैसे वह किरदार में ढल गईं। शंकरी देवी का किरदार निभाने के बारे में बात करते हुए अनुप्रिया गोयनका ने कहा कि वह बहुत सेक्सी हैं। मैंने



उनकी तरह चलने और बैठने की प्रैक्टिस की है। वह अपनी सेक्सुअलिटी का इस्तेमाल अपने लाभ के लिए करती हैं। मैं उसे भी खूबसूरत दिखाना चाहती थी। स्टाइलिंग ने वास्तव में मदद की। इसका सारा श्रेय निश्चित रूप से कॉस्ट्यूम डिजाइनर जिया और अमृता को जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिलन सर के पास शंकरी को लेकर निश्चित विजन था, उन्होंने कॉस्ट्यूम पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया और जितना संभव हो उतना इस किरदार के साथ एक्सपेरिमेंट किया।

## समुद्र तल से 18,000 फीट की ऊंचाई पर रणवीर बरार ने बनाया अपारशक्ति खुराना के लिए चिकन

■ **फूड रियलिटी शो 'स्टार वर्सेज फूड सर्वाइवल' की होस्ट करेंगे सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बराड़**



रियलिटी शो 'स्टार वर्सेज फूड सर्वाइवल' की होस्ट करने जा रहे सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बराड़ ने समुद्र तल से लगभग 18,000 फीट की ऊंचाई पर 'जुबली' फेम एक्टर अपारशक्ति खुराना के लिए चिकन पकाया। उन्होंने साझा किया कि चिकन के प्रति अपने प्यार को लेकर अभिनेता की प्रतिक्रिया बिल्कुल वैसी ही थी, जैसी एक सच्चे पंजाबी की होती है। 'स्टार वर्सेज फूड सर्वाइवल' में सरवाइव करने के लिए सितारों को खुद अपने खाने का इंतजाम करना होता है। शो के साथ बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी, संजय दत्त, अपारशक्ति खुराना, मौनी रॉय और नकुल मेहता जुड़े हुए हैं। अपने एक्सपीरियंस के बारे में बात करते हुए रणवीर ने कहा कि शो की शूटिंग करना एक मजेदार एक्सपीरियंस है। यह खाना पकाने, बातचीत और कठिन इलाके के साथ-साथ हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का एक दिलचस्प मिश्रण है। दिन शारीरिक रूप से थका देने वाले था। शो का फॉर्मेट काफी उत्साह बढ़ाने वाला है। नकुल और मेरे बीच की बातचीत वास्तव में मेरे लिए सबसे खास है। उन्होंने आगे उल्लेख किया, 'सेट पर ऑन द स्पॉट कविता होती थी। सबसे यादगार किस्सा अपारशक्ति की प्रतिक्रिया है जब उन्होंने समुद्र तल से लगभग 18,000 फीट की ऊंचाई पर चिकन खाया था। उनकी प्रतिक्रिया से चिकन के प्रति पंजाबियों का सच्चा प्रेम झलकता है।' स्टार वर्सेज फूड सर्वाइवल सोमवार को डिस्कवरी प्लस और डिस्कवरी चैनल पर प्रसारित होगा।



## बिहार में इस साल 203 प्रजातियों के 70 हजार पक्षी पहुंचे

**पटना,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में इस साल 203 प्रजातियों के करीब 70 हजार पक्षी पहुंचे। जलीय पक्षियों की यह गणना प्रदेश के 26 जिलों के 76 आर्द्रभूमियों (वैटलैंड) में की गई। वन, पर्यावरण एवं जलवायु विभाग की ओर से इस वर्ष राज्य के 26 जिलों में 30 जनवरी से लेकर 12 फरवरी के बीच 76 हजार वैटलैंड में रहने वाले पक्षियों का सर्वे कराया गया। इस दौरान प्रदेश में 203 प्रजातियों के 69,935 पक्षी पाए गए। गणना करने के लिए करीब 200 लोगों की 16 टीमों को लगाया गया था। बिहार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव द्वारा रविवार को गणना रिपोर्ट जारी की गई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राज्य के 26 जिलों में 30 जनवरी से लेकर 12 फरवरी के बीच 76 हजार वैटलैंड में जलीय पक्षियों की गणना करवाई गई। उन्होंने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस साल पक्षियों की संख्या 24 हजार से भी अधिक है।

**जलीय पक्षियों की गणना प्रदेश के 26 जिलों के 76 आर्द्रभूमियों में की गई**

## मौत की धमकियों के बाद शाहरुख खान को मिली वाई प्लस सिक्योरिटी

**मुंबई,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को वाई प्लस सिक्योरिटी दी गई है। इस साल की शुरूआत में रिलीज हुई उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पठान' के गाने 'बेशर्म रंग' को लेकर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद एक्टर ने महाराष्ट्र सरकार से सुरक्षा कवर मांगा था।

गाने में एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने ऑरेंज कलर की ड्रेस पहनी थीं, लोगों ने भगवा रंग के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए आपत्ति जताई थी। इन समूहों ने गाने में भगवा रंग के इस्तेमाल को टाइटल के साथ जोड़ा और यह कहते हुए नाराजगी जताई कि यह गाना भगवा रंग का मजाक उड़ाता है जो हिंदू भावना से जुड़ा है। गाने पर विवाद के बाद, अयोध्या स्थित संत परमहंस आचार्य ने कथित तौर पर अभिनेता को जान से मारने की धमकी दी थी।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर सुरक्षा कवर की मांग की थी। वाई प्लस कैटेगिरी के तहत, शाहरुख को 11 सुरक्षा कर्मी मिलेंगे, जिनमें छह कमांडो, चार पुलिस कर्मी और एक ट्रैफिक क्लीयरेंस व्हीकल शामिल हैं। वाई प्लस सिक्योरिटी राज्य द्वारा उन नागरिकों को प्रदान की जाती है जिनकी जान को खतरा होता है।

राज्य सरकार के निर्देश के जवाब में, आईजी वीआईपी सिक्योरिटी ने एक्टर की सुरक्षा बढ़ा दी, जिसके लिए उन्हें एक निश्चित राशि जमा करनी



होगी। इससे पहले, बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को पिछले साल लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकियों के बाद वाई प्लस सिक्योरिटी कवर प्रदान किया गया था। लॉरेंस बिश्नोई गैंग वही गैंग है जो पंजाबी म्यूजिक स्टार सिद्धू मूसेवाला की दिनदहाड़े हत्या में शामिल था। शाहरुख खान का पहले भी मुंबई अंडरवर्ल्ड के साथ टकराव रहा है और उन्हें खतरों का सामना करने के लिए जाना जाता है।

## 'नौवां भारत-अंतरराष्ट्रीय नृत्य संगीत महोत्सव' 18 से

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (आईसीसीआर) की ओर से राजधानी दिल्ली में आगामी 18-20 अक्टूबर तक तीन दिवसीय 'नौवां भारत-अतंरराष्ट्रीय नृत्य संगीत महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में अलग-अलग देशों के करीब 14 विदेशी सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे। इस मौके पर प्रिया वेंकटरमन के नेतृत्व में भारतीय प्रदर्शन समूह द्वारा महोत्सव में विशेष प्रदर्शन देने वाले हैं। आईसीसीआर द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले महोत्सव में इस दिन छह कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया जाएगा। इनमें किर्गिस्तान, श्रीलंका, थाइलैंड, इराक और रोमानिया अपनी-अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा अगले दिन 19 अक्टूबर को छह कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जिनमें किर्गिस्तान, पनामा, क्रोएशिया, तुर्किमेनिस्तान और वियतनाम देशों के कलाकार मंच पर प्रस्तुति देने वाले हैं। महोत्सव के अंतिम दिन 20 अक्टूबर को तीन कार्यक्रम रूस, ताइवान, इजरायल देशों के कलाकार अपनी-अपनी कलाकाओं को प्रदर्शित करेंगे। यह महोत्सव राजधानी के कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। दर्शक 18 अक्टूबर शाम करीब 06.30 बजे नि:शुल्क प्रवेश पा सकते हैं।

## पृथ्वी नेथी के दूरदर्शी मार्गदर्शन का माना लोहा

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के केंद्र में, पृथ्वी नेथी नवाचार और नेतृत्व के प्रतीक के रूप में खड़ी है। एक दशक से अधिक की अटूट प्रतिबद्धता के साथ, पृथ्वी नेथी ने NVIDIA में एक इंजीनियरिंग प्रबंधक के रूप में एक अमिट छाप छोड़ी है, जो लगातार सिस्टम परीक्षण इंजीनियरिंग की सीमाओं को आगे बढ़ा रहा है। नेथी की यात्रा उल्लेखनीय उपलब्धियों और परिवर्तनकारी योगदानों में से एक है। अत्याधुनिक डेटा सेंटर प्लेटफार्मों को आगे बढ़ाने पर उनके लेजर-तीव्र फोकस ने उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग के परिदृश्य को फिर से परिभाषित किया है। उल्लेखनीय रूप से, NVIDIA H100 HGX के विकास की सफलता का अधिकांश श्रेय उनके दूरदर्शी मार्गदर्शन को जाता है, जो उन्नत AI और महत्वपूर्ण डेटा सेंटर अनुप्रयोगों के क्षेत्र में एक आधारशिला के रूप में उभरा है। उनकी कई उपलब्धियों में से नेथी अग्रणी हैं। डेटा सेंटर डायग्नोस्टिक्स टीम, एनवीडिया एचजीएक्स उत्पादों के संवर्द्धन और विकास का संचालन कर रही है। उनकी विशेषज्ञता उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग और डेटा सेंटर प्रौद्योगिकियों में प्रगति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही है। फेसबुक के रिलीज टू प्रोडक्शन लीडर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान नेथी ने 1-सॉकेट कंप्यूटर सर्वर को मान्य करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विशेषज्ञता ने इन महत्वपूर्ण घटकों की विश्वसनीयता और प्रदर्शन सुनिश्चित किया, जिससे पूरे उद्योग में प्रभाव की लहर पैदा हुई।

**कंप्यूटिंग व डेटा सेंटर प्रौद्योगिकियों में प्रगति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण**

इंटेल जैसे सिलिकॉन विक्रेताओं और क्वांटा, वाईविन और विस्ट्रॉन जैसे मूल डिवाइस निर्माताओं के साथ सहयोग उनके दूरगामी प्रभाव को रेखांकित करता है। एनवीआईडीआईए में, नेथी ने जेटसन के लिए एंबेडेड डायग्नोस्टिक्स पहल में प्रभारी का नेतृत्व किया। उत्पाद रेखा। उनकी नवीन सत्यापन पद्धतियों ने महत्वपूर्ण रूप से प्रगति को प्रेरित किया । एनवीआईडीआईए की तकनीकी टेपेस्ट्री पर एक अमिट छाप छोड़ी। इंटेल कॉर्पोरेशन में अपने कार्यकाल के दौरान, नेथी ने एक वरिष्ठ उत्पाद विकास इंजीनियर के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे डेटा केंद्रों के लिए महत्वपूर्ण प्लेटफ़ॉर्म सक्षम हुए।

## टीबी की इंटरमीडिएट रिफरेन्स लेबोरेटरी हुई आईएसओ प्रमाणित

**आगरा,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। अब वेस्टर्न यूपी के लोग गुणवत्ता आधारित टीबी की जांच रिपोर्ट का इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर आसानी से इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें जांच के लिए न ही किसी बड़े इंस्टीट्यूट जाना होगा और न ही गुणवत्ता आधारित रिपोर्ट का कोई चक्कर होगा। राज्य क्षय रोग प्रशिक्षण व् प्रदर्शन केंद्र की इंटरमीडिएट रिफरेन्स लैबोरेटरी टीबी की प्रथम लैब है जो अब आईएसओ सर्टिफाइड हो गई है। इस मानक को पूरा करने के साथ ही लैब को एनएबीएल (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोटरीज) की इंटरनेशनल मान्यता मिल गई है। इसका लोगों को काफी फायदा मिलेगा। इंटरमीडिएट रिफरेन्स लेबोरेटरी में टीबी

■ **इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म्स पर मान्य होगी रिपोर्ट**




की नि:शुल्क जांचें उत्तर प्रदेश और भारत सरकार के राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत होती हैं। इसकी मान्यता के लिए टीबी लैब पिछले तीन वर्षों से प्रयासरत थी। राज्य क्षय रोग प्रशिक्षण व प्रदर्शन केंद्र के डायरेक्टर डॉ. संजीव कुमार लवानिया ने बताया, एनएबीएल की मान्यता लेना एक जटिल प्रक्रिया होती है, लेकिन शासन के सहयोग व निर्देशों के अनुपालन में यह महत्वपूर्ण काम है। मान्यता मिल जाने से टीबी की सभी जांचें गुणवत्ता आधारित होंगी। इंटरमीडिएट रिफरेन्स लेबोरेटरी के माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. अविजित कुमार अवस्थी ने बताया कि एनएबीएल की प्रॉसेज में टेस्टिंग के हर एक स्टेप पर तय प्रोटोकॉल के हिसाब से जांच की जाती है। इसके होने से जांच में गलतियों की संभावना लगभग न के बराबर होती है। इंटरमीडिएट रिफरेन्स लेबोरेटरी के माइक्रोबायोलॉजिस्ट ब्रह्मानंद राजपूत ने बताया कि एनएबीएल की ऑनलाइन प्रक्रिया मई 2023 में किया गया था, जिसके बाद प्री-एसेस्मेंट जुलाई 2023 में किया गया। यह सारी प्रॉसेस ऑनलाइन मीडियम में कंप्लीट हुई।

## जियो मामी करेगा मुंबई फिल्म फेस्टिवल आयोजित

**मुंबई,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिने लवर्स के मनोरंजन के लिए जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल लेकर आ रहा है। 27 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक चलने वाले फेस्टिवल में 250 फिल्में दिखाई जाएंगी। फरहान अख्तर, राणा दग्गुबाती, सिद्धार्थ रॉय कपूर, विक्रमादित्य मोटवानी, जोया अख्तर, रोहन सिप्पी, अजय बिजली और अनुपमा चोपड़ा ने लाइन-अप का अनावरण किया, जिसमें 40 से ज्यादा वर्ल्ड प्रीमियर, 45 एशिया प्रीमियर और 70 से ज्यादा साउथ एशिया प्रीमियर शामिल हैं।

■ **70 से ज्यादा भाषाओं में होंगी 250 फिल्में प्रदर्शित**

इस बार फेस्टिवल को साउथ एशिया प्रोग्राम के लिए 1000 से ज्यादा सबमिशन प्राप्त हुए। यह फेस्टिवल साउथ एशिया की कंटेम्परेरी फिल्मों और नई सिनेमाई आवाजो को उजागर करने का वादा करता है। इस साल फेस्टिवल में सबकी नजर साउथ एशिया कॉम्पिटिशन पर होगी।




इस कॉम्पिटिशन सेक्शन का लक्ष्य कंटेम्परेरी साउथ एशियाई फिल्मों को प्रदर्शित करना है, जिसमें भारत, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के नवोदित और सेकंड टाइम के फिल्म मेकर्स के साथ-साथ यूके और जर्मनी के डायस्पोरा फिल्म मेकर्स की 14 फिल्में शामिल होंगी।

साउथ एशियाई फिल्में भी नॉन-कॉम्पिटिशन सेक्शन का हिस्सा हैं, जिसमें 46 फिल्में (22 फीचर और 24 नॉन-फीचर) हैं। इसमें म्यांमार, बांग्लादेश और नेपाल के कार्यों के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, अमेरिका, यूके, पोलैंड और स्पेन के डायस्पोरा पर्सपेक्टिव भी शामिल हैं।

जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल की कलात्मक निदेशक दीप्ति डीकुंहा ने कहा कि हमें गर्व है कि हम एक फेस्टिवल के रूप में अपने विजन का विस्तार करने के पहले साल के भीतर साउथ एशिया सेक्शन में इस तरह के विविध क्यूरेशन को हासिल करने में कामयाब रहे हैं, जो दक्षिण एशिया और दक्षिण एशियाई डायस्पोरा से नई सिनेमाई आवाजों के लिए इकोसिस्टम के निर्माण पर केंद्रित है। यह प्रतिबद्धता फिल्म स्क्रीनिंग से भी आगे तक फैली हुई है।

फेस्टिवल का वर्ल्ड सिनेमा सेक्शन 35 से ज्यादा देशों के 90 से ज्यादा टाइटल्स का प्रदर्शन करेगा। सेलेक्शन में इस साल के फेस्टिवल सर्किट की कुछ सबसे चर्चित फिल्में शामिल हैं, जैसे जस्टिन ट्रिट की पाम डी ओर विजेता 'एनाटॉमी ऑफ ए फॉल', ब्रैडली कूपर की ऑस्कर-प्रशंसित 'मेस्ट्रो' और मेडेलीन गेविन की 'बियॉन्ड यूटोपिया' जिसने सनडांस फिल्म फेस्टिवल में ऑडियंस अवार्ड जीता।

अतिरिक्त टाइटल्स में पेड्रो कोस्टा द्वारा 'द डॉटर्स ऑफ फायर', हिरोकाजु कोरे-एडा द्वारा 'मॉन्स्टर', होंग सांग-सू द्वारा 'इन अवर डे', पेड्रो अल्मोडोवर द्वारा 'स्ट्रेंज वे ऑफ लाइफ', केन लोच द्वारा 'द ओल्ड ओक', अकी कौरिस्माकी द्वारा 'फॉलन लीव्स' और ऐलिस रोहरवाचेर द्वारा 'ला चिमेरा' शामिल हैं।

फेस्टिवल में साउथ एशिया कॉम्पिटिशन, फोकस साउथ एशिया (नॉन कॉम्पिटिशन), आइकॉन्स साउथ एशिया, गाला प्रीमियर साउथ एशिया, मराठी टॉकीज, डाइमेंशन मुंबई, वर्ल्ड सिनेमा, आफ्टर डार्क, रॉयल स्टैग बैरल सेलेक्ट लार्ज शॉर्ट फिल्म्स, रिस्टोर क्लासिक्स, मामी ट्रिब्यूट,रेट्रोस्पेक्टिव - ग्रेट फिल्म पर्सनैलिटीज को श्रद्धांजलि और रिकेप जैसे सेक्शन शामिल होंगे।

हाइलाइट्स में अपर्णा सेन की 'द रेपिस्ट', प्रसून चटर्जी की 'दोस्तजी' और पायल कपाड़िया की 'ए नाइट ऑफ नोइंग नथिंग' शामिल हैं। जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल शुक्रवार, 27 अक्टूबर से रविवार, 5 नवम्बर, 2023 तक मुंबई में होगा।

## अकेलापन समाज का एक अभिन्न अंग है : शीबा चड्ढ़ा

**मुंबई,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस शीबा चड्ढ़ा को 'बेबाक' में उनके काम के लिए काफी सराहना मिल रही है। वह अपनी अगली फिल्म 'द लास्ट एनवेलप' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। उनका मानना है कि अकेलापन समाज का एक अभिन्न अंग है।



'द लास्ट एनवेलप' एक मध्यम आयु वर्ग के कपल की कहानी है, जो अपने बीमार बेटे की देखभाल के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त करते हैं। अकेलेपन की अवधारणा पर एक्ट्रेस ने कहा कि अकेलापन हर समाज का एक अभिन्न अंग है। मैं इस विचार से सहमत नहीं हूं कि बहुत पहले से जब परिवार संयुक्त परिवारों में रहते थे, लोग अकेलापन महसूस नहीं करते थे। उन्होंने आगे कहा कि एक व्यक्ति भारी भीड़ की उपस्थिति में भी अकेलापन महसूस कर सकता है। यह स्थिति हमारी वास्तविकता है, खासकर महामारी के बाद के समय के बाद।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह लोग पहले सामाजिक तौर पर जुड़ते थे, वैसा आज कम होता जा रहा है। कोरोना महामारी के बाद एक अभूतपूर्व बदलाव आया है। अकेलापन हमारे समाज की एक महत्वपूर्ण वास्तविकता है, और मनोरंजन, स्वास्थ्य आदि जैसी हमारी सभी आवश्यकताओं के लिए हम कुछ न कुछ खरीद सकते हैं। यह भी उसी में से एक है, क्योंकि यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य में मदद करता है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### ऊर्जा की कीमतों पर इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के प्रभाव पर पेट्रोलियम मंत्री लेंगे संज्ञान

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच बढ़ते गतिरोध के बीच भारत ने कहा है कि जहां तक ऊर्जा क्षेत्र पर संघर्ष के प्रभाव का सवाल है, वह सतर्क रुख अपनाएगा। 'भारत इसे परिपक्वता के साथ संभालेगा। जहां तक ऊर्जा क्षेत्र का सवाल है, जहां संघर्ष हो रहा हैवह कई मायनों में वैश्विक ऊर्जा का केंद्र है। हम बहुत ध्यान से देखेंगे। हम इसके माध्यम से अपना रास्ता बनाएंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने सोमवार को एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, 'अनिश्चितताएं ही लोगों को टिकाऊ और स्वच्छ ईंधन के लिए प्रोत्साहित करती हैं।'



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## इजराइल पर हमास के हमले की प्रतिक्रिया में तेल की कीमतें बढ़ीं, वैश्विक एयरलाइन शेयरों में गिरावट

**लंदन,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। आतंकवादी संगठन हमास द्वारा इजराइल पर अचानक किए गए हमले पर प्रतिक्रिया के कारण सोमवार को तेल की कीमतें बढ़ गईं, जबकि एयरलाइन शेयरों में गिरावट आई। यह जानकारी मीडिया की खबर में दी गई। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, निवेशक सोमवार को मध्य-पूर्व में और अस्थिरता की संभावना को ध्यान में रखते हुए मूल्य निर्धारण कर रहे थे। सोमवार सुबह तेल की कीमतों में 3 फीसदी का उछाल आया। उत्तरी सागर बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल की वायदा कीमतें एक समय बढ़कर 89 डॉलर प्रति बैरल हो गईं, जिससे पिछले सप्ताह के कुछ नुकसान की भरपाई हो गई। लंदन मुख्यालय वाले एफटीएसई 100 के प्रतिद्वंद्वी बीपी और शेल में क्रमश: 3 और 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एफटीएसई 250 हार्बर एनर्जी में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सोमवार की सुबह शेयर बाज़ार में सबसे अधिक गिरावट वाली कंपनियों में एयरलाइनें शामिल थीं। युद्ध के कारण



■ **आतंकवादी संगठन हमास द्वारा इजराइल पर अचानक किए गए हमले पर प्रतिक्रिया के कारण सोमवार को तेल की कीमतें बढ़ गईं**

अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा पहले से ही प्रभावित थी। ब्रिटिश एयरवेज़ के मालिक इंटरनेशनल एयरलाइंस ग्रुप के शेयर की कीमत में 3.4 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि ईज़ीजेट में 4 प्रतिशत की गिरावट आई। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, पेरिस में सूचीबद्ध एयर फ्रांस-केएलएम को 4.5 प्रतिशत का नुकसान हुआ, जबकि जर्मनी के लुफ्थांसा को 3 प्रतिशत का नुकसान हुआ।

कई एयरलाइनों ने इज़राइल के मुख्य अंतरराष्ट्रीय यात्रा केंद्र तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे के लिए उड़ानें बंद कर दी हैं। इनमें अमेरिकी वाहक यूनाइटेड, डेल्टा और अमेरिकन, एयर कनाडा, जर्मनी की लुफ्थांसा और एयर फ्रांस शामिल थे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटिश एयरवेज़ ने प्रस्थान समय को समायोजित किया और कहा कि ग्राहक अपनी यात्रा की तारीखें नि:शुल्क बदल सकते हैं। डेटा कंपनी फ्लाइटअवेयर के अनुसार, सोमवार को बेन गुरियन के अंदर और बाहर जाने वाली लगभग 16 प्रतिशत उड़ानें रद्द कर दी गईं।

बीएई सिस्टम्स में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे यह एफटीएसई 100 पर सबसे बड़ी वृद्धि हुई। कंपनी टैंक और लड़ाकू जेट से लेकर गोला-बारूद और मिसाइलों तक हथियारों की एक विस्तृत श्रृंखला बनाती है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, जर्मन टैंक निर्माता राइनमेटॉल में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इतालवी रक्षा और एयरोस्पेस कंपनी लियोनार्डो में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सोने की कीमतों में 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, क्योंकि निवेशकों ने पारंपरिक सुरक्षित-संपत्ति खरीदी। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शेकेल के लगभग आठ साल के निचले स्तर पर गिरने के बाद इज़राइल के केंद्रीय बैंक ने अपनी मुद्रा का समर्थन करने के लिए कदम उठाया।

## बेहतर तकनीक व विश्वसनीयता के मामले में आधुनिक भारत के डी2सी ब्रांडों के लिए डेल्हीवेरी सबसे पसंदीदा भागीदार

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता, डेल्हीवेरी लिमिटेड, बेहतर तकनीक और त्वरित व विश्वसनीय डिलीवरी की तलाश में डी2सी ब्रांडों के लिए देश के सबसे पसंदीदा भागीदार के रूप में खड़ी है, जैसा कि रेडसीर स्ट्रैटेजी सलाहकार की हालिया उद्योग रिपोर्ट में पता चला है। रेडसीर ने भारत में 60 से अधिक उभरते नए जमाने के डी2सी ब्रांडों के इनपुट के साथ रिपोर्ट बनाई है। रिपोर्ट उन अपेक्षाओं को स्पष्ट करती है जो इन डी2सी ब्रांडों को 3पीएल भागीदारों से हैं। देश में प्रमुख 3पीएल प्लेयर के रूप में डेल्हीवरी, अपनी बेहतर तकनीक और पिनकोड के बड़े सेट पर त्वरित और विश्वसनीय डिलीवरी के लिए सबसे पसंदीदा भागीदार के रूप में खड़ा है। 18,500 से अधिक पिन कोड को कवर करने वाले अपने राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के साथ, डेल्हीवरी एक्सप्रेस पार्सल परिवहन, पीटीएल माल ढुलाई, टीएल माल ढुलाई, सीमा पार, आपूर्ति श्रृंखला और प्रौद्योगिकी सेवाओं जैसी लॉजिस्टिक्स सेवाओं का एक पूरा सूट प्रदान करता है।




डेल्हीवरी ने अपनी स्थापना के बाद से दो अरब से अधिक शिपमेंट को सफलतापूर्वक पूरा किया है और आज बड़े और छोटे ई-कॉमर्स प्रतिभागियों, एसएमई और अन्य उद्यमों और ब्रांडों सहित 26,500 से अधिक ग्राहकों के साथ काम करता है। हाल ही में, डेल्हीवरी ने ओएस1 प्लेटफॉर्म पर अपनी सॉफ्टवेयर पेशकश को बढ़ाने के लिए एक लोकेशन इंटेलिजेंस समाधान 'लोकेटवन' लॉन्च किया है। प्लेटफ़ॉर्म दो समाधान प्रदान करता है, 'लोकेटवन' एक एपीआई-आधारित लोकेशन इंटेलिजेंस स्टैक, और 'डिस्पैचवन', एक सास-आधारित डिलीवरी प्रबंधन समाधान।

## बढ़ती लागत और हड़ताल के बीच ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने की 4 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी

सैन फ्रांसिस्को, 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस साल बढ़ती उत्पादन लागत और हड़तालों के बीच ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने अपने 4 प्रतिशत कार्यबल यानी लगभग 70 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने डेडलाइन को बताया कि ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 70 पदों की कटौती की है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, 'कुल लागत में कमी के हिस्से के रूप में कॉर्पोरेट कार्यों, फीचर, टेलीविजन और प्रौद्योगिकी विभागों में भूमिकाएं प्रभावित हुई।' ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने व्यवसाय में मंदी और बढ़ती लागत के कारण कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। इस साल की शुरुआत में, ड्रीमवर्क्स एनिमेशन और नेटफ्लिक्स ने ओरियन और द डार्क के लिए साझेदारी की, जो चार्ली कॉफमैन द्वारा लिखित एक एनिमेटेड फीचर है जो 2024 में रिलीज के लिए तैयार है। ड्रीमवर्क्स एनिमेशन या ड्रीमवर्क्स यूनिवर्सल पिक्चर्स की सहायक कंपनी है, जो एनबीसी यूनिवर्सल का डिविजन है। उनकी सूची में सबसे अधिक कमाई करने वाली कई एनिमेटेड फिल्में शामिल हैं, जिसमें 'श्रेक 2' (2004) अपनी रिलीज के समय सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म थी। स्टूडियो की पहली फिल्म 'एंट्ज' 2 अक्टूबर 1998 को रिलीज हुई थी और लेटेस्ट फिल्म रूबी गिलमैन, टीनएज क्रैकन 30 जून को रिलीज हुई थी।

## मैजेंटा मोबिलिटी ने 500 ऐस इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए टाटा मोटर्स के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली**, 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। घरेलू ईवी चार्जिंग और मोबिलिटी समाधान कंपनी मैजेंटा मोबिलिटी ने सोमवार को इंट्रा-सिटी डिलीवरी के लिए 500 ऐस इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए टाटा मोटर्स के साथ साझेदारी की। अपने बेड़े में ऐस ईवी की शुरूआत के साथ मैजेंटा मोबिलिटी ने अंतिम-गंतव्य और मध्य स्तर के डिलीवरी पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर पहले से अप्रयुक्त खंडों में इलेक्ट्रिक वाहनों की तैनाती की योजना बनाई है। मैजेंटा मोबिलिटी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक मैक्ससन लुईस ने एक बयान में कहा, 'इस साझेदारी के साथ हम विद्युतीकरण के लिए नए रास्ते खोलने, शहरी डिलीवरी में ईवी अपनाने में तेजी लाने के लिए टाटा मोटर्स के साथ मिलकर काम करेंगे। टाटा मोटर्स के साथ, हमारा लक्ष्य अंतिम गंतव्य और मध्यम स्तर पर




माल ढुलाई खंड में कार्बन फुटप्रिंट को कम करके भारत में इंट्रा-सिटी लॉजिस्टिक्स में स्थिरता लाना है। इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि टाटा मोटर्स के साथ यह साझेदारी मैजेंटा की 'डीकार्बनाइजिंग लॉजिस्टिक्स' की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जो स्वच्छ और टिकाऊ गतिशीलता समाधान प्रदान करती है, जो एक हरित और अधिक पर्यावरण-अनुकूल परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान करती है।

टाटा मोटर्स के एससीवी एंड पीयू के कारोबार प्रमुख विनय पाठक ने कहा, 'ऐस ईवी एक उन्नत, समग्र समाधान है जो कई इंट्रा-सिटी वितरण जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारे भागीदारों के साथ मिलकर बनाया गया है और उच्च मूल्य का प्रस्ताव और उच्चतम अपटाइम प्रदान करता है।' मैजेंटा मोबिलिटी ने 2024 तक सड़क पर 'एक हजार से 10 हजार' इलेक्ट्रिक वाहनों को स्थानांतरित करने का लक्ष्य रखते हुए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। वर्तमान में, कंपनी बेंगलुरु, मैसूर, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और सूरत जैसे शहरों में सफलतापूर्वक काम कर रही है। यह ई-कॉमर्स, किराना डिलीवरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में ग्राहकों को सेवा प्रदान करने वाले 1,200 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों के बेड़े का प्रबंधन करती है। एफएमसीजी, भोजन और फार्मास्यूटिकल्स उनकी अंतिम-मील डिलीवरी के लिए।

## सार संक्षेप

### भारत में फेस्टिव सीजन में 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट में 70-75 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत में चालू त्योहारी सीजन के दौरान 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट में 70-75 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखने को मिल सकता है। मार्केट रिसर्च फर्म सीएमआर के मुताबिक, इस साल जुलाई तक (साल-दर-साल) देश में 5जी हैंडसेट शिपमेंट में 65 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। जहां वैल्यू-फॉर-मनी स्मार्टफोन (7,000 रुपए से 25,000 रुपए) में सालाना आधार पर 61 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, वहीं प्रीमियम 5जी स्मार्टफोन (25,000 रुपए और उससे अधिक) में सालाना आधार पर 68 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। आंकड़ों से पता चलता है कि सैमसंग ने 25 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ भारत में 5जी शिपमेंट का नेतृत्व किया, इसके बाद वीवो 14 प्रतिशत और वनप्लस 12 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इस साल देश में लगभग 150 5जी स्मार्टफोन लॉन्च होने की उम्मीद है, जो पिछले साल (112 लॉन्च) से 34 प्रतिशत अधिक है। 2023 की दूसरी तिमाही में भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 6 प्रतिशत (साल-दर-साल) की गिरावट आई, जबकि 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट में 45 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई।

### महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी में आईएफसी करेगा 600 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड की सहायक कंपनी महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड में इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईएफसी) 6020 करोड़ के मूल्याकंन पर 600 करोड़ रुपए का निवेश करेगा और 300 करोड़ रुपये की पहली किश्त कंपनी को मिल गयी है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि आईएफसी से उसे निवेश की पहली किश्त प्राप्त हुई है। महिंद्रा के साथ एसेट ट्रांसफर करार और बिजनेस हस्तांतरण करार के बाद इस कंपनी ने सितंबर 2023 में वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया। एग्रीमेंट के समापन के अनुसार सितंबर 2023 में वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया था। एमएलएमएमएल ने नियामक और प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है और आईएफसी से 300 करोड़ रुपये की पहली किश्त प्राप्त कर ली है। आईएफसी के साथ यह साझेदारी उन साझा मूल्यों और महत्वाकांक्षाओं को दर्शाती है जो दोनों संस्थाओं ने टिकाऊ, समावेशी और स्वच्छ गतिशीलता समाधानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में प्रदर्शित की हैं।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली। इजरायल पर हमास के आंतकियों के हमले के कारण उत्पन्न तनाव की स्थिति के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आये उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## शेयर बाजार में गिरावट

**मुंबई,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिल कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर लगभग हर क्षेत्र में हुई बिकवाली के कारण आज शेयर बाजार में गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स और एनएसई का निफ्टी गिरावट लेकर बंद हुआ। हमास के आतंकियों और इजरायल के बीच जारी तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर बन रही भू राजनैतिक स्थिति से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शेयर बाजार में रही गिरावट के दबाव में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 483.24 अंक टूटकर 65512.39 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 141.15 अंक उतरकर 19512.35 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों में भी तेजी बिकवाली देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 1.22 प्रतिशत गिरकर 31686.69 अंक पर और स्मॉलकैप 1.72 प्रतिशत फिसलकर 37209.94 अंक पर रहा।

बीएसई में सभी समूह गिरावट में रहे जिसमें सर्विसेस में सबसे अधिक 2.73 प्रतिशत की और आईटी में सबसे कम 0.18 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी। इस दौरान बीएसई में कुल 3929 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2804 को नुकसान उठाना पड़ा जबकि 993 हरे निशान में रही। 132 कंपनियों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर मिश्रित रूख देखा गया। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.30 प्रतिशत और हांगकांग का



हैंगसेंग 0.18 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि जर्मनी का डैक्स 0.54 प्रतिशत , चीन का शंघाई कंपोजिट 0.44 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.26 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 435 अंकों की गिरावट लेकर 65560.07 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 65789.98 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली शुरू होने से यह सत्र के दौरान 65434.61 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 65995.63 अंक की तुलना में 483.24 अंक अर्थात 0.73 प्रतिशत टूटकर 65512.39 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से मात्र तीन कंपनी ही बढ़त बनाने में सफल रही जबकि 27 को नुकसान उठाना पड़ा। इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 114 अंकों की गिरावट लेकर 19539.45 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 19588.95 अंक के उच्चतम और 19480.50 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 19653.50 अंक की तुलना में 141.15 अंक अर्थात 0.72 प्रतिशत गिरकर 19512.35 अंक पर रहा।

निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से मात्र सात हरे निशान में रही जबकि 43 को नुकसान हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 435 अंकों की गिरावट लेकर 65560.07 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 65789.98 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली शुरू होने से यह सत्र के दौरान 65434.61 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 65995.63 अंक की तुलना में 483.24 अंक अर्थात 0.73 प्रतिशत टूटकर 65512.39 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से मात्र तीन कंपनी ही बढ़त बनाने में सफल रही जबकि 27 को नुकसान उठाना पड़ा। इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 114 अंकों की गिरावट लेकर 19539.45 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 19588.95 अंक के उच्चतम और 19480.50 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 19653.50 अंक की तुलना में 141.15 अंक अर्थात 0.72 प्रतिशत गिरकर 19512.35 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से मात्र सात हरे निशान में रही जबकि 43 को नुकसान हुआ।

## एशिया-प्रशांत में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला बैंक स्टॉक है पीएसयू बैंक

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार, भारत के सरकारी स्वामित्व वाले बैंक 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में एशिया-प्रशांत के देशों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बैंक साबित हुए हैं। यह निवेशकों की बढ़ती रुचि और बैंकों के मजबूत वित्तीय मैट्रिक्स को दर्शाता है। भारतीय सरकारी स्वामित्व वाले बैंकों ने लगातार दूसरी तिमाही में दबदबा बनाते हुए शीर्ष 15 में से 10 स्थानों पर कब्जा कर लिया। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, तिमाही में इंडियन ओवरसीज बैंक का शेयर मूल्य 91.60 प्रतिशत बढ़कर 15 एशिया-प्रशांत बैंकों की सूची में शीर्ष पर रहा, जबकि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 76.59 प्रतिशत की वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर था। इंडोनेशिया का पीटी बैंक नेशनलनोबु टीबीके 74.80 प्रतिशत की शेयर मूल्य वृद्धि के साथ तीसरे स्थान पर है। दो जापानी बैंक और पाकिस्तान तथा श्रीलंका के एक-एक बैंक ने शेष स्थान पर रहे।




एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस डेटा से पता चलता है कि सबसे कम कुल रिटर्न वाले 15 एशिया-प्रशांत बैंक शेयरों में पूर्वी एशिया के दस बैंक शामिल हैं। शेष स्थान इंडोनेशिया के तीन और फिलीपींस और वियतनाम के एक-एक बैंक ने लिया है। तिमाही में इंडोनेशिया के पीटी बैंक जागो टीबीके और पीटी बैंक नियो कॉमर्स टीबीके की शेयर कीमतें क्रमश: 37.65 प्रतिशत और 34.87 प्रतिशत गिर गईं। चीन के सात बैंकों को सूची में शामिल किया गया है, जो मोटे तौर पर वहां के शेयर बाजारों के प्रदर्शन के अनुरूप था, जहां शंघाई स्टॉक एक्सचेंज का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स लगभग 3 प्रतिशत गिर गया और हैंग सेंग मेनलैंड बैंक इंडेक्स 11 प्रतिशत गिर गया।

## वित्त मंत्री आईएमएफ-विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए मोरक्को जायेंगी

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए कल मोरक्को की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। इस दौरान श्रीमती सीतारमण विश्व बैंक समूह (डब्ल्यूबीजी) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों के साथ-साथ जी20 बैठकों, इंडोनेशिया, मोरक्को, ब्राजील, स्विट्ज़रलैंड, जर्मनी और फ्रांस के साथ निवेशक/द्विपक्षीय बैठकों के अतिरिक्त अन्य संबंधित बैठकों में भी भाग लेंगी। 11 से15 अक्टूबर तक मोरक्को के माराकेच में यह बैठक हो रही है। इन बैठकों में दुनिया भर के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंकर भाग लेंगे। वार्षिक बैठकें जो आम तौर पर अक्टूबर में होती हैं, परंपरागत रूप से लगातार दो वर्षों तक वाशिंगटन में और तीसरे वर्ष किसी अन्य सदस्य देश में आयोजित की जाती हैं। वार्षिक बैठकों के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री करेंगे और इसमें वित्त मंत्रालय तथा भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी शामिल होंगे। श्रीमती सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास चौथी जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर्स (एफएमसीबीजी) बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। जी 20 एफएमसीबीजी बैठक में वैश्विक मुद्दों पर केंद्रित बहुपक्षीय चर्चाओं में जी 20 देशों, आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 65 प्रतिनिधिमंडलों की भागीदारी होगी।



## भारत में व्हाइट कॉलर जॉब्स हायरिंग में 8.6 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में सितंबर में व्हाइट कॉलर जॉब्स हायरिंग में पिछले साल के मुकाबले 8.6 फीसदी की बड़ी गिरावट देखी गई है। सोमवार को एक नई रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ। नौकरी जॉबस्पीक के आंकड़ों के अनुसार, सितम्बर 2023 में व्हाइट कॉलर जॉब्स हायरिंग 2,835 रहीं, जो पिछले महीने की तुलना में लगभग 6 फीसदी की बढ़त है। आईटी सेक्टर को वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है और पिछले कुछ महीनों में हायरिंग नंबर्स में गिरावट देखी गई। हालांकि, बिग डेटा टेस्टिंग इंजीनियर, आईटी, इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी और आईटी ऑपरेशन्स मैनेजर के रोल्स इस अवधि के दौरान भी हाई डिमांड में थे।

नौकरी डॉट कॉम के चीफ बिजनेस ऑफिसर पवन गोयल ने कहा, 'आईटी सेक्टर पर असर जारी है, बैंकिंग सेक्टर में मजबूत वृद्धि हुई है। इस तथ्य के साथ कि ओवरऑल इंडेक्स में पिछले महीने की तुलना में क्रमिक रूप से 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, यह क्षेत्रीय विविधता




**भारत में सितंबर में व्हाइट कॉलर जॉब्स हायरिंग में पिछले साल के मुकाबले 8.6 फीसदी की बड़ी गिरावट देखी गई**

पर आधारित इंडियन जॉब मार्केट के लचीलेपन को रेखांकित करता है।' बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और पुणे जैसे आईटी-निर्भर शहरों में सितंबर 2022 की तुलना में सितम्बर 2023 में नए जॉब ऑफर्स में क्रमश: 30 प्रतिशत, 31 प्रतिशत, 32 प्रतिशत और 18 प्रतिशत का दबाव देखा गया। सितम्बर 2023 में जॉब क्रिएशन के मामले में नॉन-मेट्रो शहरों ने महानगरों को पछाड़ना जारी रखा। वडोदरा, अहमदाबाद और जयपुर में हायरिंग में क्रमश: 4 प्रतिशत, 3 प्रतिशत और 2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। हॉस्पिटेलिटी और ट्रेवल सेक्टर में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बीएफएसआई और हेल्थकेयर सेक्टर में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में इस साल सितंबर में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि तेल और गैस और ऑटो क्षेत्रों में से प्रत्येक में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बीपीओ/आईटीईएस और एफएमसीजी सेक्टर कुछ प्रमुख क्षेत्र थे, जिन्होंने क्रमश: 25 प्रतिशत और 23 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की। जॉब मार्केट ने सितंबर में एक्सपीरियंस प्रोफेशनल्स को प्राथमिकता दी है। 16 साल से ज्यादा एक्सपीरियंस वाले प्रोफेशनल्स की भर्ती में लगभग 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि 13-16 साल के बीच एक्सपीरियंस वाले प्रोफेशनल्स की हायरिंग नबंर्स में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# खेल जगत

## टर्न के साथ-साथ गति भी महत्वपूर्ण : कुलदीप यादव

**चेन्नई,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व कप-2023 अभियान के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की छह विकेट की जीत में रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और रविचंद्रन अश्विन की स्पिन तिकड़ी ने मिलकर छह विकेट लिए और मेहमान टीम को 199 रन पर आउट किया। इस मैच में दो विकेट लेने वाले कुलदीप यादव ने कहा कि टर्न के अलावा, स्पिन के अनुकूल पिच पर एक स्पिनर किस गति से गेंदबाजी करता है, यह भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

कुलदीप ने कहा, महत्वपूर्ण बात यह है कि विकेट किस गति से टर्न ले रहा है। कभी-कभी आपको टर्न मिलती है, लेकिन फिर यह धीमा होता है, जिससे बल्लेबाजों को मदद मिलती है। ऐसे में मेरे लिए गति में बदलाव करना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। रविवार के खेले गए मुकाबले में कुलदीप ने इस साल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें उन्होंने 18 मैचों में 16.31 के औसत और 4.68 की इकॉनमी रेट से 35 विकेट लिए।



# स्टार्क, वार्नर और कोहली ने तोड़े कई रिकॉर्ड

**चेन्नई,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। मिशेल स्टार्क ने गेंदबाजी में क्रिकेट विश्व कप का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जबकि डेविड वार्नर और विराट कोहली भी ऑस्ट्रेलिया और भारत के मुकाबले में महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचे।

भारत के खिलाफ रविवार को खेले गये मैच में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में सबसे तेज 50 विकेट तक पहुंचने वाले गेंदबाज बन गए। स्टार्क ने भारत के सलामी बल्लेबाज इशान किशन को गोल्डन डक पर आउट करके छह पारियों में विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होनेण, क्रिकेट विश्व कप में 19 पारियों में 50 विकेट हासिल किए और लसिथ मलिंगा के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीलंका के तेज गेंदबाज ने क्रिकेट विश्व कप में 50 विकेट तक पहुंचने के लिए 25 पारियां लीं, जबकि ग्लेन मैकग्राथ और श्रीलंका के स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 30 पारियों में यह आंकड़ा छूने वाले दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। 2019 में 10 मैचों में 27 विकेट लेने के बाद स्टार्क ने क्रिकेट विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है।

स्टार्क के रिकॉर्ड को खतरे में डालने वाले मौजूदा गेंदबाजों में मोहम्मद शमी सर्वश्रेष्ठ स्थान पर हैं, भारत के तेज गेंदबाज ने 11 क्रिकेट विश्व कप मैचों में 31 विकेट लिए हैं। 33 वर्षीय खिलाड़ी को क्रिकेट विश्व कप 2023 के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए भारत की टीम से बाहर रखा गया था, लेकिन टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ उन्हें आगे के अवसरों की उम्मीद होगी।




ऑस्ट्रेलिया ने एक और कीर्तिमान हासिल किया जब वार्नर केवल 19 पारियों में क्रिकेट विश्व कप में सबसे तेज़ एक हजार रन तक पहुंचने वाले खिलाड़ी बन गए। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने क्रिकेट विश्व कप में एक हजार रन बनाए। उन्होने शुरुआती मैच में 41 रन बनाए, लेकिन भारत से अपनी हार को रोकने में असमर्थ रहे। वार्नर ने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान डिविलियर्स से ज्यादा तेजी से रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। दोनों ने क्रिकेट विश्व कप में एक हजार रन तक पहुँचने के लिए 20 पारियाँ ली थीं। 1992 से 2011 के बीच छह क्रिकेट विश्व कप में 45 मैचों में 2,278 रन के साथ तेंदुलकर के पास अभी भी शोपीस इवेंट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। 2015 के बाद से तीन क्रिकेट विश्व कप में भाग लेने के बाद वार्नर के पास अब कुल 1,033 रन हैं। भारत 11 अक्टूबर को अफगानिस्तान से खेलेगा तो रोहित शर्मा वार्नर के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं, सलामी बल्लेबाज वर्तमान में क्रिकेट विश्व कप में 18 पारियों में एक हजार रन से 22 रन पीछे हैं। जोश हेज़लवुड की गेंद पर शून्य पर आउट होने के बाद भारत के कप्तान ऑस्ट्रेलिया पर जीत में अपने करियर की संख्या में इजाफा करने में असफल रहे। विराट कोहली (85) ने केएल राहुल (नाबाद 97) के साथ मिलकर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 रनों के मामूली लक्ष्य तक पहुंचाया, क्योंकि सुपरस्टार क्रिकेट विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में शीर्ष -10 में पहुंच गए। 34 वर्षीय खिलाड़ी के अब 50 ओवर के टूर्नामेंट में 1,115 रन हैं और वह इस साल के आयोजन में चौथे स्थान पर पहुंच सकते हैं और वेस्टइंडीज के महान ब्रायन लारा से आगे निकलने के लिए 111 रन की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली की पारी में यह भी देखा गया कि चेस मास्टर ने एकदिवसीय मैचों में कुल 5,517 के साथ सफल लक्ष्य में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआत में तीन बार शून्य पर आउट होने का दावा किया, जिससे मेजबान टीम 2/3 पर सिमट गई, यह पहली बार है कि भारत ने अपने सभी 1,042 एकदिवसीय मैचों में अपने शीर्ष चार बल्लेबाजों में से कई को बिना स्कोर किए खो दिया है। इसके बाद कोहली और राहुल ने 165 रन की साझेदारी करके भारत को बचाया जो अब क्रिकेट विश्व कप में चौथे या उससे कम विकेट के लिए भारत की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

## कोहली को ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' से नवाजा गया

**नई दिल्ली।** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करने वाले विराट कोहली को भारत के ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। रविवार को खेले गये इस मुकाबले में कोहली ने ना केवल बल्लेबाजी बल्कि सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मिचेल मार्श का शानदार कैच पकड़ा जो पूरे मैच में सबसे अधिक चर्चा में रहा। कोहली को इस शानदार कैच के लिए ड्रेसिंग रूम में सम्मानित किया गया। बीसीसीआई ने इससे संबंधित एक वीडियो रिलीज किया है, जिसमें विराट कोहली को ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से सम्मानित करते हुए दिखा गया है। भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षक कोच टी दिलीप ने विराट कोहली को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उसके बाद विराट ने राफेल नडाल के अंदाज में इस समारोह को मनाया। इस दौरान ड्रेसिंग रूम में टीम के मौजूद सभी खिलाड़ियों ने विराट के लिए तालियां बजाईं। इससे पहले राहुल द्रविड़ ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में आज से एक छोटा सा बदलाव हो रहा है। आज फील्डिंग मेडल दिया जाएगा। इसके बाद फील्डिंग कोच टी दिलीप ने कहा कि यह मेडल सिर्फ उस खिलाड़ी को नहीं मिलेगा जो अपना काम करेगा बल्कि उसे दिया जाएगा जो और खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। टी दिलीप ने इस दौरान कल खेले गये मुकाबले में अय्यर द्वारा पैट कमिंस और एडम जम्पा के दो बेहतरीन कैचों का भी जिक्र किया। उल्लेखनीय है कि विराट कोहली ने कल के मैच में बल्लेबाजी करते हुए 85 रन की बेहतरीन पारी खेली। कोहली ने केएल राहुल (97) के साथ मिलकर 165 रन की साझेदारी की थी जिसकी बदौलत भारत ने यह मुकाबला छह विकेट से जीत लिया था।

## शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ वन डे क्रिकेट विश्व कप के दूसरे मैच में दिल्ली में भी नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। बल्लेबाजी से इस साल धमाल करने वाले डेंगू से उबरने में जुटे भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अब यहां दिल्ली में अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के दूसरे मैच मैच में नहीं खेलेंगे। डेंगू की चपेट में आने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा वनडे विश्व कप के पहले मैच में न खेल पाने शुभमन गिल भारतीय टीम के साथ सोमवार को दिल्ली आने की बजाय मेडिकल टीम की निगरानी में फिलहाल चेन्नै में ही रहेंगे। मेडिकल टीम चेन्नई में ही शुभमन गिल के स्वास्थ्य पर नजर रखेगी और इसलिए वह भारतीय टीम के साथ दिल्ली में नहीं आएंगे। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने सोमवार को दी। भारत की टीम विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार 11 अक्टूबर को दूसरा मैच खेलने के बाद 14 अक्टूबर को अहमदाबाद जाएगी और वहां अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ सबसे अहम मैच खेलेगी।



शुभमन गिल ने इस साल वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दोहरे शतक सहित कुल पांच शतकों सहित सबसे ज्यादा 1230 रन बनाए हैं। शुभमन गिल ने भारत के लिए पिछले चार वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों में दो शतक और दो अर्द्धशतक जड़े। शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में भारत की बल्लेबाज मौजूदा वन डे क्रिकेट विश्व कप में चेन्नै में बुरी तरह लडखड़ा गई थी और उसने ऑस्ट्रेलिया द्वारा जीत के लिए रखे 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरू के दो ओवर में सलामी बल्लेबाज इशान किशन(0), कप्तान रोहित शर्मा (0) और श्रेयस अय्यर (0) के रूप में मात्र दो रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। संकट की घड़ी में सदाबहार विराट कोहली (85) और मैन ऑफ द मैच केएल राहुल (अविजित 97) की चौथे विकेट की 165 रन की भागीदारी की बदौलत चार विकेट पर 201 रन बनाकर मैच जीत लिया था। बेशक को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शीर्ष क्रम में बतौर सलामी बल्लेबाज शुभमन की कमी बेहद अखरी। सच तो यह है कि शुभमन गिल अपने आदर्श विराट कोहली की तरह पारी को संवारना और सही वक्त पर गियर बदलना उन्हीं की तरह खूब जानते हैं।

# स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाने वाली ज्योति ने जीत का श्रेय दिया टीम को

**नई दिल्ली,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में तीरंदाजी स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम ने इसका श्रेय कोच और टीम के अन्य साथियों को दिया है।

ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन की एथलीट ज्योति सुरेखा वेन्नम (तीरंदाजी) ने 19वें एशियाई खेलों में कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण पदक जीते। यह संस्करण भारतीय तीरंदाजी दल के लिए खास बन गया क्योंकि उन्होंने रिकर्व और कंपाउंड समेत 10 में से 7 स्पर्धाओं में पोडियम फिनिश हासिल की। ज्योति ने अपने असाधारण प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित करते हुए महिला व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। अपनी विजयी उपलब्धि के बारे में बात करते हुए उन्होने कहा ये जीतें न केवल मेरी, बल्कि मेरे कोचों, मेरी टीम के साथियों और उन सभी की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण हैं जिन्होंने



मुझ पर विश्वास किया और मेरा समर्थन किया। उन्होने कहा मुझे इन तीन स्वर्ण पदकों को घर वापस लाने पर गर्व है और मुझे आशा है कि मैं उन युवा बच्चों को प्रेरित कर सकूंगी जो तीरंदाजी को करियर खेल के रूप में अपनाना चाहते हैं।

एशियाई खेल 2022 के लिए 16 सदस्यीय भारतीय तीरंदाजी दल ने भारत के लिए पांच स्वर्ण पदक और दो-दो रजत और कांस्य पदक समेत नौ पदक जीते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय तीरंदाजों की उपलब्धि की सराहना करते हुये एक्स पर पोस्ट किया था। भारत के लिए एक और गर्व का क्षण। कंपाउंड तीरंदाजी में एशियाई खेलों में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीतने के लिए वीजेसुरेखा को बधाई। उनका समर्पण और कौशल देश को गौरवान्वित करता रहेगा।

# भारत विश्व कप जीतने के लिये मजबूत स्थिति में : जडेजा

चेन्नई, 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा का मानना है कि उनकी टीम तीसरा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप जीतने की मजबूत स्थिति में है। रविवार को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की पहली जीत में जडेजा ने अहम भूमिका निभाई और अपने दस ओवर के स्पेल में स्टीव स्मिथ के अहम विकेट समेत तीन विकेट लिए। दिनेश कार्तिक और मेजबान ब्रायन मुर्गट्रोयड के साथ आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट के नवीनतम एपिसोड में जडेजा ने कहा, यह बहुत खास है क्योंकि यह भारत में मेरा पहला विश्व कप है। प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं क्योंकि हमारी टीम सभी क्षेत्रों में संतुलित है। ऐसा कुछ भी नहीं है कि हम किसी विशेष क्षेत्र में कमज़ोर हैं। भारत के विश्व कप के उद्घाटन मैच में एमए चिदम्बरम स्टेडियम में 30 हजार से अधिक प्रशंसक उपस्थित थे और उम्मीद है कि जब मेजबान टीम टूर्नामेंट के शेष भाग के लिए देश भर में अपना अभियान जारी रखेगी तो भीड़ और भी बढ़ेगी। जडेजा ने प्रशंसकों की विशेष तारीफ करते हुये कहा कि भारत यदि विश्व कप जीतता है तो इसमें प्रशंसकों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकेगा।



उन्होने कहा भारतीय समर्थकों की ऊर्जा, उनका आत्मविश्वास और हम पर उनका अटूट विश्वास अविश्वसनीय रूप से ऊंचा है। जब भी हम भारत में खेलते हैं, किसी भी श्रृंखला के लिए, वे इतनी बड़ी संख्या में आते हैं कि पूरा स्टेडियम खचाखच भरा रहता है। मुझे विश्व कप में भारतीय दर्शकों के सामने खेलना बहुत रोमांचक लगता है। उम्मीद है, हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे, फ़ाइनल में पहुंचेंगे और विश्व कप जीतेंगे।

# वर्ल्ड कप क्वालीफायर्स के लिए अर्जेंटीना की टीम से बाहर हुए डायबाला



**ब्यूनस आयर्स,** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने बताया कि स्ट्राइकर पाउलो डायबाला घुटने की चोट के कारण पैराग्वे और पेरू के खिलाफ अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कॅग्लियारी में रोमा की 4-1 सीरी ए जीत के पहले हाफ में 29 वर्षीय खिलाड़ी अपने बाएं घुटने में चोट लगने के कारण लंगड़ाते हुए नजर आए।

एएफए ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पाउलो डायबाला को चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। हालांकि, अभी उनके रिप्लेसमेंट का नाम नहीं बताया गया है।

रोमा के मैनेजर जोस मोरिन्हो ने मैच के बाद कहा कि चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए डायबाला का सोमवार को स्कैन किया जाएगा।

अर्जेंटीना 12 अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स में पराग्वे से और पांच दिन बाद लीमा में पेरू से भिड़ेगा।

# अफ्रीका-आस्ट्रेलिया की टीमें लखनऊ में,12 को मुकाबला

**लखनऊ** 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का इकाना स्टेडियम विश्वकप के पांच मैचों की मेजबानी की लिये सज धज कर तैयार है। यहां दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के बीच पहला मुकाबला 12 अक्टूबर को खेला जायेगा जिसके लिये दोनो टीमो का आगमन नवाब नगरी में हो चुका है।




दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को यहां पहुंच गयी थी और आज शाम से उसका अभ्यास सत्र शुरू हो जायेगा जबकि आस्ट्रेलिया की टीम आज शाम यहां पहुंची जो मंगलवार से अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। दोनो टीमो को अलग अलग होटल में ठहराया गया है। पहली बार एक दिवसीय विश्व कप की मेजबानी कर रहे लखनऊ में क्रिकेट के महाकुंभ को लेकर गजब का उत्साह है। दक्षिण अफ्रीका शाम छह बजे से नौ बजे तक अभ्यास करेगी जबकि आस्ट्रेलिया के लिये यह समय दोपहर दो से पांच बजे के बीच निर्धारित किया गया है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर 29 अक्टूबर को भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले मैच की अधिकांश टिकटें आन लाइन बिक चुकी हैं। हालांकि टिकटों की कुल बिक्री के बारे में उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों को सही जानकारी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका आस्ट्रेलिया मैच के बाद इसी मैदान पर 16 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच मुकाबला होगा जिसके बाद श्रीलंका नीदरलैंड से 21 अक्टूबर को दिन में भिड़ेगी। अगले पांच मुकाबलों के दौरान अदब की नगरी में क्रिकेट का बुखार चरम पर रहने की उम्मीद है।

दरअसल, इकाना स्टेडियम को 2019 में अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट मैच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से टेस्ट का दर्जा मिला था मगर लखनऊ में इससे पहले भी कुछ अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गये थे। 1952 में लखनऊ विश्वविद्यालय के मैदान पर भारत और पाकिस्तान के बीच एक टेस्ट मैच खेला गया था जबकि नजाकत और नफासत के इस शहर ने 1989 में श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच नेहरू कप, 1993 में बोर्ड प्रेसिडेंट इलेवन और इंग्लैंड के बीच तीन दिवसीय मैच और 1994 में भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी की। हालांकि ये सभी मैच केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले गये थे।

## सार संक्षेप

### टॉमी पॉल, ग्रिगोर दिमित्रोव शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में पहुंचे

**शंघाई।** टॉमी पॉल सोमवार को फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-4, 6-7(7), 6-4 से हराकर शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में पहुंच गए, जिससे उनकी एटीपी फाइनल्स क्वालीफिकेशन की उम्मीदें मजबूत हो गईं। एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार कठिन संघर्ष में अमेरिकी ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में दो मैच प्वाइंट गंवाने से उबरते हुए, निर्णायक सेट में लगातार बेसलाइन खेल के साथ जवाब दिया और दो घंटे और 40 मिनट के बाद आगे बढ़ गए। पॉल वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में 2,525 अंकों के साथ 11वें स्थान पर हैं और आठवें स्थान पर मौजूद होल्गर रूण से 585 अंकों से पीछे हैं। उनका लक्ष्य साल के अंत में होने वाले इस प्रतिष्ठित आयोजन में पदार्पण करना है। 26 वर्षीय खिलाड़ी इस सीज़न (इंडियन वेल्स, मियामी, टोरंटो एसएफ, सिनसिनाटी, शंघाई) के सभी हार्ड-कोर्ट एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में कम से कम चौथे दौर में पहुंच गया है। पॉल का लक्ष्य वर्ष के अपने दूसरे मास्टर्स 1000 क्वार्टरफाइनल में पहुंचना होगा, जब वह एंड्री रुबलेव से भिड़ेंगे, जो 16वें राउंड में भी आगे बढ़े। उन्होंने एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 6-0 से हराकर फ्रेंचमैन की आठ मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त कर दिया।

### विराट के साथ मैच विनिंग पार्टनरशिप पर बोले राहुल-मैं नहाकर ड्रेसिंग रूम में बैठा ही था...

**चेन्नई।** जब केएल राहुल क्रीज पर विराट कोहली के साथ शामिल होने के लिए आए, तो एमए चिदंबरम स्टेडियम में मौजूद फैंस खामोश थे क्योंकि भारत का स्कोर-बोर्ड देखकर हर कोई हैरान था। 200 रन का टारगेट चेज करने उतरी भारतीय पारी की शुरुआत खराब रही। मात्र 2 रन पर टीम के 3 मुख्य बल्लेबाज बिना खाता खेले पवेलियन लौट चुके थे। भारत का जीतना लगभग नामुमकिन लगने लगा, लेकिन यहां से कोहली और राहुल ने पारी को संभाला और एक ऐसी स्क्रिप्ट लिखी जिसकी उम्मीद शायद ऑस्ट्रेलियाई टीम को नहीं थी। भारत के स्कोर-बोर्ड पर दो ओवरों में तीन विकेट से दर्शकों के चेहरों पर चिंता साफ झलक रही थी। 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के शुरुआती पतन के अलावा, 2019 विश्व कप सेमीफाइनल में 5-3 का फ्लैशबैक तब सबके जहन में ताजा हो गया। एक तरफ जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम खुशी से झूम रही थी, तो वहीं हजारों की संख्या में स्टेडियम में मौजूद फैंस और भारतीय डगआउट में मातम पसर गया था। ऐसा महसूस हुआ कि भारत की हार तय है। पहली बार शीर्ष चार में से भारत के तीन बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए और इस अजीब शुरुआत के बाद कोई भी टीम कभी नहीं जीत पाई।

# फिट स्ट्राइकर उत्तम सिह सुल्तान ऑफ जोहोर कप में भारत की जू. हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। तेज तर्रार स्ट्राइकर उत्तम सिंह अब पूरी तरह फिट होने के बाद 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक मलयेशिया में होने वाले आठ टीमों के 11 वें सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2023 में भारत की 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे जबकि मिडफील्डर राजिंदर सिंह उपकप्तान होंगे। बॉबी सिंह धामी ने इससे पहले उपकप्तान की जिम्मेदारी संभाली थी। पिछली बार इस टूर्नामेंट में छह टीमों ने शिरकत की थी। भारत की जूनियर हॉकी टीम को आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में पूल बी में मेजबान मलयेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमों के साथ रखा गया है जबकि ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन की टीम पूल ए में है। दोनों पूल में शीर्ष रहने वाली दो-दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारत की जूनियर टीम के सामने खिताब बरकरार बरकरार रखने की चुनौती है। भारत को सुलतान ऑफ जोहोर कप में खिताब बरकार रखना है खुद कप्तान उत्तम सिंह, के साथ लिंकेन विष्णुकांत को उम्मीदों के मुताबिक खेल दिखाना होगा। भारत अपने अभियान का आगाज 27 अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगा। भारत अपने दूसरे पूल मैच में मलयेशिया से 28 अक्टूबर को और तीसरे आखिरी मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।



## सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए चुनी गई भारतीय जूनियर हॉकी टीम इस प्रकार है

**गोलरक्षक** : मोहित एचएस, रणविजय सिंह यादव।
**रक्षापंक्ति** : अमनदीप लाकरा, रोहित, सुनील जोजो, सुखविंदर, आमिर अली, योगेम्बर रावत,
**मध्यपंक्ति** : विष्णुकांत सिंह, पुवन्ना सीबी, राजिंदर सिंह, अमनदीप , सुनील लाकरा, अब्दुल अहद।
**अग्रिम पंक्ति** : उत्तम सिंह, अरुण साहनी, आदित्य ललागे, अंगदबीर सिंह, गुरजोत सिंह, सतीश बी।

## जू. विश्व कप के मद्देनजर सुल्तान ऑफ जोहोर कप हमारे लिए अहम : उत्तम

भारत की जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप की बाबत कहा, हमारी पूरी टीम ने शिद्दत से ट्रेनिंग कर रही है और जो खिलाड़ी पिछली बार टीम में नहीं थे उन्होंने भी अपना प्रदर्शन बेहतर कर कुल मिलाकर टीम का स्तर बेहतर किया है। हमारे लिए यह टूर्नामेंट इसलिए बेहद अहम है क्योंकि हमें इसी साल के आखिर में दिसंबर में मलयेशिया के आखिरी में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करनी है। हमारे सामने सुलतान ऑफ जोहोर कप में खिताब बरकरार रखने की चुनौती है।

■ भारत की जू. टीम के सामने खिताब बरकरार रखने की चुनौती

## हमारे लिए जू. विश्व कप के लिए छह टीमों को आंकने का मौका : सीआर कुमार

भारतीय जूनियर हॉकी टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा, चयन समिति ने पिछले टूर्नामेंटों को जेहन में रख कर जोहोर कप के लिए भारतीय जूनियर हॉकी टीम चुनी है। हमारी निगाह ऐसे खिलाडि़यों पर है जिनमें रक्षापंक्ति को छकाने वाले पास देकर प्रतिद्वंद्वियों को छकाने का दम है। हमारे लिए यह टूर्नामेंट इस साल के आखिर में मलयेशिया में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप में शिरकत करने वाली छह टीमों को आकलन करने का मौका है। जोहोर कप भी उन्हीं स्थितियों में खेला जाएगा जिसमें हमें इस साल आखिर में क्वालालंपुर में एफआईएच जूनियर विश्व कप 2023 में शिरकत करनी है।